नई दिल्ली

शनिवार, 1 जून 2024

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
नवमी+दशमी वर्ष : 28, अंक : 51
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 43
न्यून. 32

## लोकसभा चुनाव 2004: 7वें और अंतिम चरण का मतदान आज

### 8 राज्यों की 57 सीटों पर पड़ेंगे वोट सरकार बनने का फैसला 4 जून को

10.06 करोड़ मतदाता, 1.09 लाख से अधिक मतदान केंद्र



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण और अंतिम चरण के लिए आज शनिवार को 57 सीटों पर मतदान होगा। बिहार, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित 8 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 57 संसदीय क्षेत्रों में मतदान होना है। साथ ही ओडिशा राज्य विधानसभा की शेष 42 सीटों के लिए भी मतदान होगा। इसके साथ ही अप्रैल महीने की 19 तारीख को शुरू हुए दुनिया के सबसे बड़े मतदान अभियान समाप्त हो जाएगा। जिसमें पहले ही लोकसभा की 486 सीटों के लिए 6 चरणों में मतदान हो चुका है। शेष पेज 5 पर

### पीएम सहित ये दिग्गज मैदान में

सातवें चरण में पीएम नरेंद्र मोदी के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में वोट पड़ेंगे। प्रमुख उम्मीदवारों ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी, फिल्म एक्टर कंगना रनौत, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, अनुप्रिया पटेल, पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, निशिकांत दुबे, लालू यादव की बेटी मीसा भारती, ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद, राजभर, मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी,रवि किशन तथा कांग्रेस नेता मनीष तिवारी शामिल हैं।

आज सातवें चरण का मतदान समाप्त होने के बाद टीवी चैनलों, सोशल और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर जारी होंगे एग्जिट पोल

# कांग्रेस बोली-एग्जिट पोल की चर्चा में शामिल नहीं होंगे हमारे प्रवक्ता, इस 'खेल' में हमें नहीं उलझना है

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि चार जून को आधिकारिक मतगणना से पहले किसी भी अटकलबाजी में शामिल होना केवल टीआरपी का खेल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। सातवें चरण में मतदान समाप्त होने के बाद अलग-अलग टीवी चैनलों, सोशल और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाले एग्जिट पोल डिबेट में कांग्रेस पार्टी अपने प्रवक्ताओं को नहीं भेजेगी। पार्टी के सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि ऐसी बहसों से कोई सार्थक नतीजे सामने नहीं आते। पार्टी सूत्रों का कहना है कि चार जून को होने वाली मतगणना के बाद देश की जनता का जनादेश सामने आएगा। पार्टी इसे स्वीकार करेगी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स शेष पेज 5 पर







### वोटिंग होने के भी आधे घंटे बाद ही पहला आंकड़ा जारी होगा

एग्जिट पोल शुरू होने का कोई सही समय नहीं होता है। आंकड़ों से पहले की कवरेज या कहें भूमिका बांधना तो दोपहर तीन बजे से ही चालू हो जाएगा। लेकिन एग्जिट पोल का कोई भी आंकड़ा तब तक जारी नहीं किया जा सकता जब तक मतदान पूरा न हो जाए। वोटिंग होने के भी आधे घंटे बाद ही पहला आंकड़ा जारी किया जा सकता है।

**एग्जिट पोल से पहले बाजार में उत्साह**

### सेंसेक्स 74,000 के पास बंद, निफ्टी 22,250 के करीब

**नई दिल्ली।** 2024 के चुनावी समर के नतीजों से पहले ये आखिरी कारोबारी हफ्ता है और इसका समापन तेजी के साथ हुआ है। शुक्रवार को सेंसेक्स 74 हजार के ठीक नीचे बंद हुआ है। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार की चाल तेज रही और सेंसेक्स-निफ्टी में हल्की बढ़त के साथ कारोबार बंद हुआ है। आईटी शेयरों की कमजोरी ने बाजार को नीचे खींचा और ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा सेक्टर में गिरावट के साथ कारोबार बंद हुआ है। शुक्रवार को बाजार शेष पेज 5 पर






मोदी के ध्यान लगाने पर पीएमओ से बोला चुनाव आयोग- बस, ख्याल रखें न टूटे आचार संहिता

# पीएम मोदी न 'वोट' मांग रहे और न 'प्रचार' कर रहे उनकी यात्रा के लिए किसी परमिशन की जरूरत नहीं

हर उम्मीदवार को प्रतीकों और प्रतीकात्मकता के माध्यम से संवाद करने का अधिकारहै। विपक्ष भी इस तरह से प्रतीकात्मकता का सहारा ले सकता है।

*कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है कि मेडिटेशन अवकाश शनिवार को लोकसभा चुनाव के सातवें चरण की वोटिंग के साथ पूरा होगा और यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है*


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग को प्रधानमंत्री कार्यालय को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि पीएम नरेंद्र मोदी के विवेकानंद स्मारक में दो दिवसीय ध्यान के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन न हो। चुनाव आयोग ने यह सलाह पीएमओ की ओर से बुधवार को ईसीआई को पीएम मोदी की योजना के बारे में सूचित किए जाने के बाद दी गई।

दरअसल, देश की विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी कि कन्याकुमारी में पीएम मोदी के मेडिटेशन के दौरान अवकाश शनिवार को लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान के साथ होगा। कांग्रेस का कहना है कि ये मतदान से पहले 48 घंटे की मौन अवधि और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।



### यह पिछले चुनाव के आखिर में अपनाई प्रक्रिया के समान ही



*चुनाव आयोग का कहना है कि सख्ती से कहा जाए तो पीएम मोदी की यात्रा के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वह कोई भाषण नहीं दे रहे हैं। प्रचार नहीं कर रहे हैं। चुनाव आयोग के अधिकारी ने कहा कि यह प्रक्रिया 2019 के लोकसभा चुनाव के आखिर में अपनाई गई प्रक्रिया के समान ही थी, जब मोदी चुनाव के अंतिम चरण से पहले मौन अवधि के दौरान बद्रीनाथ और केदारनाथ की इसी तरह की यात्रा पर गए थे।*

### हम मीडिया को यह नहीं कह सकते कि रिपोर्ट न करें

चुनाव आयोग के अधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग मीडिया को यह नहीं कह सकता कि वह रिपोर्ट न करें। चुनाव आयोग का कहना है कि कल अगर प्रधानमंत्री अपने निर्धारित घर में मेडिटेशन करते हैं और मीडिया उसे कवर करता है, तो क्या यह उल्लंघन है? या अगर विपक्ष ऐसा करता है, तो क्या यह उल्लंघन है? इसका कोई अंत नहीं है। अधिकारी ने आगे कहा कि समान अवसर सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि राज्य के संसाधनों तक किसी भी तरह की अनुचित पहुंच न हो। आयोग का कहना है कि हर उम्मीदवार को प्रतीकों और प्रतीकात्मकता के माध्यम से संवाद करने का अधिकार है। विपक्ष भी इस तरह से प्रतीकात्मकता का सहारा ले सकता है। हमें सभी को कानून के दायरे में काम करना होगा।

### *आयोग ने वापस लिया था राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस*

*गौरतलब है कि साल 2017 के गुजरात विधानसभा चुनावों के दौरान चुनाव आयोग ने मौन अवधि के दौरान टीवी इंटरव्यू देने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जारी कारण बताओ नोटिस वापस ले लिया था। इसके बजाए आयोग ने मौन अवधि से निपटने के लिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 126 में संशोधन का सुझाव देने के लिए एक पैनल का गठन किया, क्योंकि शिकायतें थीं कि कानून मीडिया और ऑनलाइन स्पेस में बदलावों को ध्यान में नहीं रखता है।*

## खबर संक्षेप

### 6 जून तक एसआईटी की हिरासत में प्रज्वल



**नई दिल्ली।** जनता दल-सेक्युलर के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु की अदालत ने 6 जून तक एसआईटी की हिरासत में भेज दिया है। प्रज्वल के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल उनसे पूछताछ करेगा। एसआईटी ने मेडिकल जांच के बाद प्रज्वल को अदालत में पेश किया, जिसने उन्हें 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। रेवन्ना को जर्मनी से बेंगलुरु पहुंचने के तुरंत बाद गुरुवार देर रात गिरफ्तार किया था।

### चौथी तिमाही में 7.8 फीसदी रही विकास दर



**नई दिल्ली।** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अपनी पिछली मौद्रिक नीति समीक्षा में किए गए जीडीपी से अधिक है। आरबीआई ने 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह 8.2 फीसदी रहा।

उधर, केरल में मानसून 6 राज्यों की तरफ बढ़ रहा...इधर, गर्मी दिखा रही 'विकराल रूप'



## नागपुर बना 'आगपुर'

# पारा 56 डिग्री

यूपी के संभल में सड़क फटी, मिर्जापुर में 9 होमगार्ड जवानों की मौत, ट्रेन में गर्मी से महिला की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी का ऐसा विकराल रूप एक दशक के बाद देखा जा रहा है। 50 डिग्री तापमान एक वक्त में विस्फोट जैसा माना जाता था। अब तो पारा 56 डिग्री तक पहुंच रहा है।

यानी, एसी छोड़िए, शरीर में ही ब्लास्ट के हालात बन रहे हैं। दो दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मुंगेशपुरी में तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। तब दिल्ली समेत पूरे देश में खलबली मच गई थी और तापमान का सर्वाधिक रिकॉर्ड दर्ज किया गया था लेकिन अब महाराष्ट्र के नागपुर शेष पेज 5 पर



### *शताब्दी में सी 11 कोच का एसी खराब...पांच घंटे गर्मी व उमस में सफर करते रहे यात्री*

*भोपाल। नई दिल्ली-भोपाल शताब्दी एक्सप्रेस के एक कोच का एसी खराब होने से यात्री आरकेएमपी स्टेशन (रानी कमलापति स्टेशन) तक परेशान होते रहे तो वहीं रेलवे इस घटना से इनकार कर रहा है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12002 नई दिल्ली से रानी कमलापति आ रही शताब्दी एक्सप्रेस के सी-11 कोच का एसी ग्वालियर के पास खराब* शेष पेज 5 पर

एवियन इन्फ्लूएंजा पर जारी की एडवाइजरी

## केंद्र ने राज्यों से सतर्क रहने को कहा, 4 राज्यों में प्रकोप मिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




केंद्र ने सभी राज्यों से घरेलू पक्षियों और कुक्कुटों की असामान्य मृत्यु के प्रति सतर्क रहने और पशुपालन विभाग के साथ तत्काल सूचना साझा करने को कहा है, ताकि एवियन इंफ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के अनुसार कदम उठाये जा सकें। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) और पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जारी एक संयुक्त परामर्श में कहा गया है कि 2024 तक चार राज्यों - आंध्र प्रदेश (नेल्लोर), महाराष्ट्र (नागपुर), केरल (अलाप्पुझा, कोट्टायम और पथानामथिट्टा जिलों) और झारखंड (रांची) में कुक्कुट (पोल्ट्री) में एवियन शेष पेज 5 पर

'लिविंग विल' को दी सहमति

## एडवांस मेडिकल डायरेक्टिव्स शुरू करने वाला गोवा बना पहला राज्य

एजेंसी ▶▶ पणजी




बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एमएस सोनक ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में 'एंड ऑफ लाइफ केयर' (ईओएलसी) वसीयत को अपनी सहमति दे दी। इसके साथ ही गोवा 'एडवांस मेडिकल डायरेक्टिव्स' (एएमडी) सुविधा शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। 'एंड ऑफ लाइफ केयर' नीति उन लोगों को दी जाने वाली देखभाल है, जिनकी मौत करीब होती है। बंबई उच्च न्यायालय की गोवा पीठ में कार्यरत न्यायाधीश, 'लिविंग विल' के नाम से प्रचलित वसीयत को निष्पादित करने वाले पहले व्यक्ति बन गए है। 'लिविंग विल' वास्तव में एक दस्तावेज है, शेष पेज 5 पर

शाह ने बाढ़ प्रभावित राज्यों का जायजा लिया

## 'रेमल' से प्रभावितों को हरसंभव मदद करने का दिया आश्वासन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चक्रवात 'रेमल' के कारण पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी बारिश से पैदा हुई बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शाह ने कहा कि उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को असम, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय और मिजोरम की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया और उन्होंने प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता भी व्यक्त की। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि असम, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय और मिजोरम में चक्रवात 'रेमल' के कारण उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं के बारे में चिंतित हूं। साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी को स्थिति से अवगत कराया, जिन्होंने प्रभावित शेष पेज 5 पर

### 5 राज्यों के सीएम से की बात

केंद्रीय गृह मंत्री ने पांचों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी बात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन देते हुए स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हमारी प्रार्थनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। स्थिति पर करीब से नजर रखी जा रही है और अधिकारी प्रभावितों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। असम के सीएम हिमंत बिस्व शर्मा ने शाह से हुई बातचीत का ब्योरा देते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने उन्हें इस कठिन समय में भारत सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि हम उनके सक्रिय प्रयासों के लिए आभारी हैं।

आरबीआई ने 400 मिलियन डॉलर की राशि जुटाने के लिए उस दौरान किया था ऐसा

## ब्रिटेन से वापस लाया गया 100 टन सोना 91 में चंद्रशेखर सरकार ने रखा था गिरवी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- लोकसभा चुनाव के बीच एक 'बड़ी खुशखबरी'

लोकसभा चुनाव के बीच एक बड़ी खुशखबरी आई है। रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआई) ने ब्रिटेन से 100 टन से अधिक सोना देश में वापस मंगा लिया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने वापस लाए सोने को अपने भंडार में ट्रांसफर कर दिया है। बता दें कि 1991 में इस सोने को गिरवी रखा गया था और अब आरबीआई ने इसे वापस मंगा कर अपने स्टॉक में रख लिया है। आरबीआई ने आधे से अधिक सोने का भंडार बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटेलमेंट्स के पास रखे हैं। जबकि इसका एक तिहाई हिस्सा देश में है। रिपोर्ट के अनुसार शेष पेज 5 पर




### स्पेशल एयरक्राफ्ट से वापस लाया गया सोना

आरबीआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च 2024 तक केंद्र सरकार के पास 822.10 टन सोना था। जबकि इसके पिछले साल 794.63 टन सोना था। 100 टन गोल्ड लाने के लिए एक स्पेशल एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल किया गया। आरबीआई अपना सोना मुंबई के मिंट रोड पर रिजर्व बैंक की पुरानी ऑफिस बिल्डिंग में रखता है। इसके अलावा पूरी सिक्योरिटी के साथ सोने का स्टोरेज नागपुर में बने वॉल्ट में रखता है।

केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया, बढ़ोतरी 1 जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी

ग्रेच्युटी एक लाभ योजना है जो नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को लगातार पांच साल या उससे अधिक समय तक सेवा प्रदान करने के लिए दी जाती है

## अब ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 25 फीसदी बढ़कर 20 लाख से 25 लाख

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी बढ़ोतरी के बाद अब ग्रेच्युटी की रकम में बड़ी बढ़ोतरी की है। बता दें कि सरकार ने रिटायर होने वाले कर्मचारी की ग्रेच्युटी में 25% की बढ़ोतरी की है। 30 मई, 2024 के कार्यालय सर्कुलर (ओएम) के अनुसार, सातवें वेतनमान की सिफारिशों के अनुसार सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 25 फीसदी बढ़कर 20 लाख रुपए से 25 लाख कर दी गई है। यह 1 जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी। इससे पहले, 30 अप्रैल, 2024 को यही घोषणा की गई थी, लेकिन 7 मई को रोक लगा दिया गया था।

### श्रम मंत्रालय द्वारा क्या आदेश दिया गया?




श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के 30 अप्रैल, 2024 के कार्यालय आदेश के अनुसार पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी 04.08.2016 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 38/3712016-पी एंड पीडब्लू (ए) (1) के पैरा 6.2 के अनुसार जब भी महंगाई भत्ता मूल वेतन का 50% बढ़ता है, तो शेष पेज 5 पर

### *डीए में की गई थी 4% की बढ़ोतरी*

*केंद्र सरकार ने मार्च 2024 में महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में 4% की बढ़ोतरी की थी। यह लाखों केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए एक बड़ी राहत थी। डीए बढ़कर 50% होने से केंद्र सरकार के कर्मचारी के वेतन के विभिन्न घटकों में भी वृद्धि हुई है। ग्रेच्युटी एक लाभ योजना है जो नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को लगातार पांच साल या उससे अधिक समय तक सेवा प्रदान करने के लिए दी जाती है। ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के अनुसार यदि कोई कर्मचारी किसी संगठन में कम से कम पांच साल तक लगातार सेवा प्रदान करता है, तो उसे ग्रेच्युटी मिल सकती है।*

## खबर संक्षेप

### साकेतः आईजीएल की गैस पाइप लाइन में आग से मची अफरा तफरी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के साकेत इलाके में गुरुवार आधी रात के बाद एक आवासीय परिसर में आईजीएल की गैस पाइपलाइन में आग लगने की घटना सामने आई। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और आग पर काबू पाया। आईजीएल की एक टीम ने भी घटनास्थल का दौरा किया। अधिकारी आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। इस घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस के अनुसार आग लगने की सूचना रात करीब 1.40 बजे मिली। पुलिस की एक टीम साकेत इलाके के पर्यावरण कॉम्प्लेक्स पहुंची जहां एक घर के पास आग लगी थी। दमकल को भी सूचना दी गई। दो गाड़ियों ने करीब 20 मिनट के भीतर स्थिति को संभाल लिया गया। शुरुआती तफ्तीश में आग लगने का कारण गैस पाइपलाइन में तकनीकी समस्या प्रतीत होती है।

### अस्पताल आग में झुलसी 50 दिन की बच्ची की इलाज के दौरान मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शिशु अस्पताल में आग लगने के बाद बचाई गई 50 दिन की बच्ची की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 50 दिन की बच्ची का इलाज किया जा रहा था। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। जांच शुरू कर दी गई है। बच्ची के परिवार के एक सदस्य ने भी मौत की पुष्टि की है। परिवार के एक सदस्य ने कहा कि चिकित्सकों ने शुक्रवार सुबह हमें उसकी मौत के बारे में बताया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब बच्ची को अस्पताल से निकाला गया तब उसके जलने का कोई घाव नहीं था।

## कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा बदमाश, हथियार और कारतूस बरामद

# क्राइम ब्रांच ने ताजपुरिया गैंग का शूटर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने टिल्लू ताजपुरिया गैंग के एक शूटर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक देशी पिस्टल और दो कारतूस भी बरामद हुये हैं। गिरफ्तार शूटर का नाम विशाल (24) बताया गया है। शुरुआती जांच में पता चला कि वह पहले भी दो आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इनमें आर्म्स एक्ट और चोरी के केस शामिल है।

डीसीपी सतीश कुमार के अनुसार एसीपी विवेक त्यागी की देखरेख में इंस्पेक्टर सतीश मलिक, सब इंस्पेक्टर हितेश भारद्वाज की टीम ने इस शूटर को गिरफ्तार किया है। टीम को सूचना मिली थी कि ताजपुरिया गैंग का बदमाश किसी वारदात के सिलसिले में घूम रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ट्रैप लगाकर शूटर को भलस्वा झील के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूलरूप से हरियाणा के सांपला, रोहतक का रहने वाला है। दिल्ली में यह गोयला डेयरी इलाके में रहता था। यह कम उम्र में ही गैंगस्टर सुमित उर्फ झुमका के संपर्क में आया था। वह अलीपुर में हुई हत्या के मामले में फरार चल रहा है। उसी के जरिए यह दूसरे गैंग के बदमाशों के संपर्क में भी आया था। इसके बाद उनके निर्देशों पर काम करने लगा। दिसंबर 2020 में हिम्मत उर्फ चीकू और परमजीत के साथ मिलकर राजेश बवानिया गैंग के शूटर बोगा की हत्या करने की प्लानिंग की थी। लेकिन जब यह हत्या करने के लिए जा रहे थे, तो पुलिस को जानकारी मिल गई और इन्हें दबोच लिया गया था। काफी समय के बाद जेल से बाहर आया तो फिर से सुमित झुमका के संपर्क में आ गया। इसी साल मार्च में झुमका से इसकी मुलाकात हुई करीब 20 दिन पहले इसे हथियार उपलब्ध कराया गया था। इसकी मुलाकात भलस्वा झील के पास दूसरे गैंग मेंबर से भी होने वाली थी। जो टिल्लू ताजपुरिया के लिए काम करते हैं। उनके इशारे पर यह सभी विरोधी गैंग के बदमाश की हत्या को अंजाम देने वाले थे।

### क्राइम ब्रांच ने हिमांशु भाऊ गैंग के खिलाफ लगाया मकोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

पश्चिमी जिले के तिलक नगर इलाके में 6 मई की शाम को एक कार शोरूम पर हुई गोलीबारी की एक घटना के बाद क्राइम ब्रांच ने हिमांशु उर्फ भाऊ गैंग के खिलाफ मकोका एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि तीनों बदमाशों ने व्यापारियों के समुदाय के बीच भाऊ गैंग का आतंक पैदा करने के लिए शोरूम के अंदर और बाहर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इस घटना में छह लोग घायल हुये थे। एडिशनल सीपी संजय भाटिया के अनुसार कार शोरूम के मालिक मनोज मलिक के बयान पर केस तिलक नगर थाने में दर्ज किया गया था। बाद में जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। वारदात के दौरान हमलावरों ने खुद को हिमांशु भाऊ गिरोह से बताते हुए एक पर्ची भी छोड़ी थी। इसके अलावा अगले दिन शिकायतकर्ता को अंतरराष्ट्रीय वीओआईपी नंबर से एक धमकी भरा कॉल भी आया था।

#### मामले में आईपीसी की धारा 387 भी जोड़ी गई

कॉल करने वाले ने खुद को हिमांशु भाऊ बताया और शिकायतकर्ता से पांच करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की थी। इसके बाद मामले में आईपीसी की धारा 387 भी जोड़ी गई। 14 मई को मामले की आगे की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी। जांच के दौरान यह पाया गया कि हिमांशु उर्फ भाऊ और उसके सहयोगियों का सिंडिकेट रंगदारी के लिए लगातार इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहा है। वह संगठित तरीके से गिरोह चला रहा है। इसी वजह से गिरोह के खिलाफ मकोका लगाया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

### गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का सहयोगी अमेरिका में हिरासत में लिया गया

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भगोड़े गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के एक कथित सहयोगी को अमेरिका में प्राधिकारियों ने हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसियां हिरासत में लिए गए व्यक्ति को भारत वापस लाने के लिए कोई कदम उठाने से पहले उसकी पहचान का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि ऐसा संदेह है कि साहिल कुमार को अमेरिकी अधिकारियों ने हिरासत में लिया है जो विदेश से भाऊ के साथ मिलकर कथित तौर पर जबरन वसूली का गिरोह चलाता है और हरियाणा पुलिस को कई मामलों में उसकी तलाश है। उन्होंने कहा कि हिरासत में लिये गए व्यक्ति की पहचान स्थापित होने के बाद, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), इंटरपोल इंडिया के रूप में, उसकी वापसी के लिए अमेरिकी अधिकारियों के साथ समन्वय करेगा, जो उस देश की अदालत के आदेश के बाद संभव होगा। कुमार के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी किया गया है, जो सभी 196 सदस्य देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से किसी भगोड़े को उनके अधिकार क्षेत्र में देखे जाने पर हिरासत में लेने का अनुरोध करता है। फिर सूचना उस सदस्य देश को दी जाती है जिसने नोटिस जारी करने का अनुरोध किया था। इस प्रक्रिया के बाद कानूनी औपचारिकताओं के पश्चात आरोपी को प्रत्यर्पित या उसके देश वापस भेजने की कार्रवाई की जाती है। कुमार ने कथित तौर पर भारत से भागने के लिए एक फर्जी पहचान और पते वाले पासपोर्ट का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने बताया कि कुमार और भाऊ के खिलाफ हरियाणा में जबरन वसूली और धमकी से संबंधित मामले दर्ज हैं।

## 15 लाख से ज्यादा की साइबर ठगी में शामिल मास्टरमाइंड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



उत्तर पूर्वी जिले की साइबर टीम ने 15 लाख से ज्यादा की ठगी के मामले में शामिल रहे मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। शुभम मिश्रा गुरुग्राम, हरियाणा का रहने वाला है। इसने यूट्यूब पर वीडियो लाइक करने के बहाने से इस ठगी की वारदात को अंजाम दिया था।

डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार 19 जनवरी को करावल नगर के रहने वाले राजेश पाल ने 15 लाख 20 हजार की ठगी के संबंध में शिकायत दी थी। ठगों ने उन्हें यूट्यूब पर वीडियो लाइक करने के बहाने से जाल में फंसाया था। शुरुआत में तीन वीडियो लाइक करने पर डेढ़ सौ रुपए का अमाउंट देने का प्रलोभन दिया गया था। उसे एक टेलीग्राम ग्रुप में भी जोड़ा गया और एप इंस्टॉल करने के लिए पहले 5000 रुपये लिए गये थे। उसके बाद अगले कोर्स के लिए 32 हजार डिपॉजिट करवाए गए और इस तरीके से बेवकूफ बनाकर कुल 15 लाख 20 हजार की ठगी की गई थी। ठग हर बार उन्हें रकम वापस मिलने की बात कहते थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इंस्पेक्टर विजय कुमार की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया था।

### मोबाइल भी बरामद

टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगाया कि अमाउंट अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर हुआ हैं। उसी के आधार पुलिस जांच करती हुई इस आरोपी तक पहुंची। दिल्ली, बिहार और मध्य प्रदेश में खोले गये खातों में एक ही दिन में करीब डेढ़ करोड़ के ट्रांजेक्शन का भी पता जांच में चला। आरोपी के पास से चीटिंग में इस्तेमाल मोबाइल भी बरामद हो गया है। पूछताछ में इसने बताया कि वह पुरानी कारों की खरीद फरोख्त का बिजनेस भी करता है।


पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 23, द्वितीय मंजिल, नार्थ वेस्ट एवेन्यू, क्लब रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली -110026
CIN: L45202DL1985PLC019746
वेबसाइटः www.panaficindustrialsltd.com ई–मेलः panafic.industrials@gmail.com दूरभाषः 011-25223461

**31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक के अंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

(रू० लाखों में)

| | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वार्षिक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31-मार्च-24 | 31-मार्च-23 | 31-दिसम्बर-23 | 31-मार्च-24 | 31-मार्च-23 |
| | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| **संचालन से राजस्व** | | | | | |
| ब्याज आय | 19.18 | 64.50 | 24.96 | 67.89 | 69.40 |
| **संचालन से कुल राजस्व** | **19.18** | **64.50** | **24.96** | **67.89** | **69.40** |
| **अन्य आय** | - | 0.28 | - | - | 2.36 |
| **कुल आय** | - | **64.78** | **24.96** | **67.89** | **71.76** |
| **व्यय** | | | | | |
| वित्तीय लागत | - | 0.06 | - | 0.03 | 0.09 |
| वित्तीय साधनों पर हानि | - | 2.12 | - | 2.40 | 2.12 |
| कर्मचारी लाभ व्यय | 3.95 | 6.26 | 0.83 | 12.26 | 17.56 |
| मूल्यहास और परिशोधन व्यय | 0.66 | 1.01 | - | 0.66 | 1.02 |
| अन्य व्यय | 18.00 | 13.72 | 5.00 | 49.55 | 33.86 |
| **कुल व्यय** | **22.61** | **23.17** | **5.83** | **64.90** | **54.65** |
| विशिष्ट मदों एवं कर से पहले लाभ | (3.43) | 41.61 | 19.13 | 2.97 | 17.11 |
| विशिष्ट मद | - | - | - | - | - |
| **कर से पहले लाभ** | **(3.43)** | **41.61** | **19.13** | **2.97** | **17.11** |
| **कुल व्यय** | | | | | |
| वर्तमान कर | - | 6.20 | - | 0.65 | 6.30 |
| आस्थगित कर क्रेडिट/(प्रभार) | - | 0.13 | - | 0.16 | 0.13 |
| **अवधि के लिए लाभ (क)** | **(3.43)** | **35.28** | **19.13** | **2.15** | **10.67** |
| **अन्य व्यापक आय** | | | | | |
| मदें जिन्हें बाद में लाभ अथवा हानि के लिए पुनः वर्गीकृत नहीं किया जायेगा | - | - | - | - | - |
| दें जिन्हें बाद में लाभ अथवा हानि के लिए पुनः वर्गीकृत किया जायेगा | - | - | - | - | - |
| **अवधि के लिए अन्य व्यापक आय (ख)** | - | - | - | - | - |
| **अवधि के लिए कुल व्यापक आय (क+ख)** | **(3.43)** | **35.28** | **19.13** | **2.15** | **10.67** |
| **चुकता इक्वीटी शेयर कैपीटल (सममूल्य रू० 1 प्रति शेयर)** | 821.25 | 821.25 | 821.25 | 821.25 | 821.25 |
| **अन्य इक्वीटी** | - | - | - | - | - |
| **प्रति इक्वीटी शेयर कैपीटल (सममूल्य रू० 1 प्रति शेयर)** | | | | | |
| मूलः (रू० में) | 0.00 | 0.04 | 0.02 | 0.00 | 0.01 |
| तरलः (रू० में) | 0.00 | 0.04 | 0.02 | 0.00 | 0.01 |

**टिप्पणीः**
1. 31.03.2024 को समाप्त तिमाही/वार्षिक के वित्तीय परिणाम निदेशक मंडल की **30 मई 2024** की बैठक में ग्रहण एवं अनुमोदित किये गये।
2. यह विवरण कम्पनीज अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखा मानक), नियमन, 2015 (आईएनडी एएस) प्रासांगिक नियमों एवं भारत में आम तौर पर स्वीकृत अन्य मान्यता प्राप्त लेखांकित सिद्वान्तों एवं लागू सीमा तक कम्पनी पर पहली बार आईएनडी एएस ग्रहण के अनुसार तैयार किये गये।
3. जैसा कि कम्पनी की गतिविधि केवल एक व्यावसाय खण्ड में आती है इसलिए कम्पनी पर खण्डवार रिपोर्टिंग लागू नहीं है।
4. पिछली अवधि के आकड़े जहाँ पर आवश्यक हो, समूहीकृत/पुनःवर्गीकृत किये गये हैं।
5. सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी 1/सीआईआर/पी/2020/84 दिनांक मई 20, 2020, के अनुसरण में कम्पनी पर कोविड-19: प्रभाव के प्रकटीकरण पर कोविड-19 ने संगठित एवं असंगठित दोनो क्षेत्रों को प्रभावित किया है और वर्तमान वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की धीमी होने का अनुमान है। बड़े पैमाने पर लॉकडाउन प्रतिबन्धों एवं अप्रत्याशित कारकों के कारण, कम्पनी का व्यवसाय भी लघु मध्यम अवधि में प्रभावित हो सकता है।
6. उपरोक्त परिणाम मुम्बई स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com एवं कम्पनी की वेबसाइट www.panaficindustrialsltd.com पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल की ओर से उनके लिए
पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड
सरिता गुप्ता
प्रबन्ध निदेशक
DIN: 00113099

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 30.05.2024


## शास्त्री पार्कः कैब चालक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में गुरुवार रात एक 28 वर्षीय कैब चालक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम जौहर अब्बास बताया गया है।

शव पोस्टमॉर्टम के लिये जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये एक टीम का गठन किया है। आसपास के इलाके में लगे कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। शुरुआती तफ्तीश में पुलिस को हत्या के पीछे आपसी रंजिश की आशंका है। पुलिस के अनुसार गुरुवार रात 11 बजकर 50 मिनट पर एक घायल व्यक्ति के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस के एक टीम को घटनास्थल पर भेजा। इसके बाद शास्त्री पार्क निवासी जौहर अब्बास को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बिहारी चौक, बुलंद मस्जिद, शास्त्री पार्क का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि उसके माथे, कलाई, छाती और अन्य जगहों पर चाकू से कई वार किए गए थे। पुलिस लूटपाट के कोण से भी मामले की जांच कर रही है।

## मारपीट मामला : अदालत ने केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को यह कहते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और इसे पूरा करने में समय लगेगा। केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कहा कि मुझे लगता है कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और इसे पूरा करने के लिए समय की आवश्यकता होगी। दोनों पक्षों की दलीलों और मामले के तथ्यों के मद्देनजर आरोपी बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा जाता है और उन्हें 14 जून को पेश किया जाए। अतिरिक्त लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने एक आवेदन प्रस्तुत करके उचित जांच करने तथा आरोपी को साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने या गवाहों को कोई धमकी या प्रलोभन देने से रोकने के लिए कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। कुमार के वकील करण शर्मा ने दिल्ली पुलिस की याचिका का विरोध किया। इस बीच, दिल्ली हाईकोर्ट ने कुमार की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका की विचारणीयता पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले सोमवार को, कुमार की जमानत याचिका एक सत्र अदालत ने यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि प्रतीत होता है कि प्राथमिकी दर्ज कराने का मालीवाल का कोई 'पूर्व-नियोजित' इरादा नहीं था और उनके द्वारा लगाए गए आरोपों को 'खारिज' नहीं किया जा सकता। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था।

### बिभव की याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की उस याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार किए जाने या नहीं किए जाने के मसले पर अपना फैसला शुक्रवार को सुरक्षित रख लिया, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। पुलिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील ने याचिका पर नोटिस जारी किए जाने का इस आधार पर विरोध किया कि यह (याचिका) सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा ने दोनों पक्षों की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस मामले के सुनवाई योग्य होने या नहीं होने को लेकर आदेश सुरक्षित रखा जाता है।


## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नामः अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात जोकि दिनांक 09.05.2024 को रात्रि 09:00 बजे ई पोल केएम 11/11–12, नारायणा फ्लाई ओवर, दिल्ली में मृत पाया गया।** इस सन्दर्भ में **DD No. 32 A, dated 09.05.2024** पुलिस थाना दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई हैः

**नामः अज्ञात, उम्रः 40–45 वर्ष, कदः 5'7", रंगः सावंला, चोटः ट्रेन दुर्घटना में शरीर दुर्घटना, पहनावाः गुलाबी रंग की शर्ट, नेवी नीले रंग की बनियान और नीले रंग का लोअर।**


अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना, दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**फोनः 011-25688505, 8750871309**

**DP/5677/RLY/2024**



## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **उम्रः** लगभग 40 साल, **कद** : 5'3", **शरीरः** पतला, **चेहराः** लम्बा, **रंगः** सांवला, जिसने नारंगी और भूरे रंग की टी–शर्ट और शॉर्ट्स पहनी हुई थी, दिनांक 03.05.2024 को नाला रोड पंजाब खोर से खैरपुर में मृत पाया गया। इस संदर्भ में जीडी सं. 35ए दिनांक 03.05.2024 थाना कंझावला, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

**थानाध्यक्ष : थाना कंझावला, दिल्ली**
**दूरभाष सं.: 011-25951486, 25951634, 8750870324**

**DP/6527/RD/2024**


### आबकारी नीतिः सिसोदिया की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ाई

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को तीन जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी रिमांड बढ़ा दी। न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से हाल में दायर आरोपपत्र की प्रति सिसोदिया और अन्य सह-आरोपियों को देने को भी कहा। न्यायाधीश ने मामले में इन आरोपियों के वकील को ईडी कार्यालय में दस्तावेज देखने के लिए एक महीने का समय दिया। सह-आरोपी और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की तरफ से पक्ष रख रहे वकील ने अदालत से कहा कि दस्तावेज का अध्ययन करने में 90 से 100 घंटे लग सकते हैं। अदालत ने ईडी को अपने कार्यालय में उनके लिए उचित बंदोबस्त करने का निर्देश दिया। ईडी ने पिछले साल नौ मार्च को दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री सिसोदिया को शराब नीति मामले में गिरफ्तार किया था।


एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड
CIN- L74899DL1993PLC055697, Email ID: ekam.leasing1@gmail.com
पंजी. कार्यालय : 11, रानी झांसी रोड, (मोतिया खान), एम.एम. रोड, नई दिल्ली–110055

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31.03.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2023 |
| | | (अंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 15.47 | 15.97 | 14.93 | 65.17 | 63.09 | 15.46 | 15.98 | 14.93 | 65.17 | 63.09 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 57.89 | 5.44 | -1.37 | 68.01 | -41.04 | 60.86 | 10.94 | 0.95 | 87.48 | -23.74 |
| 3. | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) मदें और / अथवा असाधारण मदें) जेवी का लाभ अथवा हानि | 57.89 | 5.44 | -1.37 | 68.01 | -41.04 | 60.86 | 10.94 | 0.95 | 87.48 | -23.74 |
| 4. | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 42.78 | 3.36 | -1.00 | 49.40 | -30.38 | 41.68 | 7.43 | -5.15 | 63.37 | -18.10 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 42.78 | 3.36 | -1.00 | 49.40 | -30.38 | 41.68 | 7.43 | -5.15 | 63.37 | -18.10 |
| 6. | इक्विटी शेयर कैपिटल | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| 7. | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | 39.39 | -10.01 | - | - | - | 589.55 | 526.19 |
| 8. | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/– प्रत्येक के) (निरंतर प्रचालनों हेतु) बेसिक : | 0.71 | 0.06 | -0.02 | 0.82 | -0.51 | 0.69 | 0.12 | -0.09 | 1.06 | -0.30 |
| | डायल्युटेड : | 0.71 | 0.06 | -0.02 | 0.82 | -0.51 | 0.69 | 0.12 | -0.09 | 1.06 | -0.30 |

**टिप्पणियां :–**
1. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किए गए 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय पणिामों (स्टैंडअलोन और समेकित) के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। स्टैंडअलोन और समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज वेबसाइट अर्थात (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.ekamleasing.com) पर उपलब्ध है।
2. पूर्ववर्ती वर्ष/तैमाहिक आंकड़े, जहां आवश्यक है, रिग्रुपड / रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।
3. 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु परिणाम कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा अधिसूचित अनुसार भारतीय लेखा मानकों (IND-AS) के अनुपालन में हैं।
4. उपरोक्त परिणाम की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 30 मई 2024 को आयोजित इसकी बैठक में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और रिकार्ड पर ले लिये गये।

निदेशक मंडल की ओर से
एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड
हस्ता/–
राकेश जैन
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन–00061737

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30 मई 2024

## सीएम द्वारा दिल्ली में 24 घंटे पानी की आपूर्ति का दावा साबित हुआ छलावा : उपराज्यपाल

# जल संकट को लेकर भाजपा ने निकाला मार्च तो आप ने भाजपा पर फोड़ा ठीकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर घमासान मचा हुआ है। दिल्ली में पानी के संकट को लेकर जहां शुक्रवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा ने विरोध में एक मार्च निकाला वहीं दिल्ली के उपराज्यपाल ने जल संकट के लिए दिल्ली सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि दिल्ली में 24 घंटे पानी की आपूर्ति का दावा साबित हुआ छलावा है। उधर दिल्ली सरकार ने अधिक पानी के लिए हरियाणा को निर्देश देने की मांग को लेकर न्यायालय का रुख किया है और कहा है कि गर्मी से दिल्ली में आपातकाल की परिस्थिति, भाजपा गंदी राजनीति न करे।





### हरियाणा और उप्र सरकार दिल्ली को एक महीने पानी उपलब्ध कराए: केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से आग्रह किया कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से राष्ट्रीय राजधानी को एक महीने तक पानी उपलब्ध कराने के लिए कहे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है। दिल्ली गंभीर जल संकट का सामना कर रही है। जल संसाधन मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा आज प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि मेरी सभी से हाथ जोड़ कर विनती है कि इस वक़्त राजनीति करने की बजाय, आइये, मिलकर दिल्ली के लोगों को राहत दिलवायें। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से बात करके एक महीने के लिए दिल्ली को कुछ पानी दिलवा दे तो दिल्ली वाले भाजपा के इस कदम की खूब सराहना करेंगे। इतनी भीषण गर्मी किसी के हाथ की बात नहीं। लेकिन हम सब मिलकर काम करें तो लोगों को इससे राहत तो दिलवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 7438 मेगावाट थी। इसकी तुलना में इस साल अधिकतम मांग 8302 मेगावाट तक पहुंच गई है। लेकिन इसके बावजूद दिल्ली में बिजली की स्थिति नियंत्रण में है अन्य राज्यों की तरह यहां बिजली कटौती नहीं हो रही है।

### पानी को लेकर दिल्ली सरकार का रवैया बेहद गैर जिम्मेदाराना



दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को अपना बयान जारी कर कहा कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में पानी को लेकर दिल्ली सरकार का बेहद गैर जिम्मेदराना रवैया देखने को मिल रहा है। आज दिल्ली में महिलायें, बच्चे, बूढ़े और जवान अपनी जान जोखिम में डालकर एक बाल्टी पानी के लिए टैंकरों के पीछे भागते दिखाई दे रहे हैं। देश की राजधानी मे ऐसे हृदय विदारक दृश्य देखने को मिलेंगे, इसकी शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। लेकिन सरकार द्वारा अपनी विफलताओं के लिए अन्य राज्यों पर दोषारोपण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा दिल्ली में 24 घंटे पानी सप्लाई करने का वादा अब तक तो एक छलावा ही साबित हुआ है। मुझे बताया गया है कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश लगातार अपने निर्धारित कोटे का पानी दिल्ली को दे रहे हैं। इसके बावजूद, आज दिल्ली में पानी की भयंकर कमी की जो सबसे बड़ी वजह है, वो यह है जितना पानी का उत्पादन हो रहा है, उसके 54 प्रतिशत का कोई हिसाब ही नहीं है। 40 प्रतिशत पानी सप्लाई के दौरान पुरानी और जर्जर पाइप लाइनों की वजह से बर्बाद हो जाता है। उपराज्यपाल ने कहा कि पिछले दस सालों में दिल्ली सरकार द्वारा, हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जाने के बावजूद भी न तो पुरानी पाइप लाइनों का रिपेयर हो सका, न उन्हें बदला जा सका, और ना ही पर्याप्त नई पाइपलाइन डाली गई। हद तो यह है कि इसी पानी को चोरी करके टैंकर माफिया द्वारा गरीब जनता को बेचा जाता है। एलजी ने कहा कि यह कितने दुर्भाग्य की बात है कि जहां एक तरफ दिल्ली के अमीर इलाकों में औसतन प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 550 लीटर पानी सप्लाई किया जा रहा है, वहीं गांवों और कच्ची बस्तियों में रोजाना औसतन मात्र 15 लीटर पानी प्रतिव्यक्ति सप्लाई किया जाता है। मुझे बताया गया है कि आज के दिन भी, वज़ीराबाद को छोड़कर, दिल्ली के सारे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स अपनी क्षमता से ज्यादा पानी का उत्पादन कर रहे हैं। वज़ीराबाद ट्रीटमेंट प्लांट इस वजह से पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहा है, क्योंकि बराज का जलाशय, जहां हरियाणा से आया हुआ पानी जमा होता है, लगभग पूरी तरह गाद से भरा हुआ है। इसके कारण जलाशय की क्षमता जो 250 मिलियन गैलन हुआ करती थी, वो घटकर मात्र 16 मिलियन गैलन रह गई है। उपराज्यपाल ने कहा कि 2013 तक हर साल इसकी सफाई होती थी और गाद निकाला जाता था। लेकिन पिछले 10 सालों में एक बार भी इसकी सफाई नहीं करवाई गई और हर साल पानी की कमी के लिए दूसरों पर दोष मढ़ा जाता रहा। इस मामले में मैंने स्वयं मुख्यमंत्री को पिछले साल पत्र भी लिखा था। मुझे यह कहते हुए अफसोस हो रहा है कि दस साल के दौरान, अपनी अकुशलता, निष्क्रियता और अक्षमता को छुपाने के लिए दिल्ली सरकार की आदत बन गई है कि अपनी हर नाकामी के लिए दूसरों को दोष दें और मात्र सोशल मीडिया, प्रेस कांफ्रेंस और कोर्ट केस करकेअपनी जिम्मेदारियों से बचे रहें और जनता को गुमराह करतेर हें। दिल्ली में पानी की यह कमी सिर्फ और सिर्फ सरकार के कुप्रबंधन का नतीजा है। उपराज्यपाल ने कहा कि मिर्जा गालिब का एक शेर दोहराते हुए लिखा कि 'उम्र भर गालिब, यही भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी, और आइना साफ करता रहा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर शुक्रवार को दिल्ली के मध्य भाग में स्थित शहीदी पार्क से सचिवालय की ओर विरोध मार्च निकाला। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां ले रखी थीं और उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए। मार्च में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली का जल संकट प्राकृतिक नहीं है यह अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए भ्रष्टाचार एवं अक्रमणयता से उत्पन्न हुआ है और इस बात को दिल्ली की जनता समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता आज अगर एक-एक बूंद पानी के लिए तड़प रही है तो उसकी इकलौते जिम्मेदार अरविंद केजरीवाल हैं।सचदेवा ने कहा कि 2014 के बाद हरियाणा सरकार द्वारा सीएलसी का निर्माण किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य पानी की बर्बादी को रोकना था और पानी एक कैनल के माध्यम से होते हुए लोगों तक पहुंचे और उस वक्त मुनक नहर से 1049 क्यूसेक पानी हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली को दिया गया। दिल्ली सरकार द्वारा फिर उसे बवाना, हैदरपुर, द्वारका अलग अलग चैनल की तरफ डाइवर्ट किया जाता था और यही से शुरू हुआ भ्रष्टाचार का खेल। उन्होंने कहा कि 1 मई से 29 मई तक प्रतिदिन 1049 क्यूसेक पानी हरियाणा सरकार ने दिल्ली को दिया है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली का 53 प्रतिशत पानी सप्लाई के दौरान चोरी हो जाता है या बर्बाद हो जाता है। अगर उस पूरे पानी को बर्बाद होने से रोक लिया जाता तो ही दिल्ली वालों को काफी पानी मिलेगा। सचदेवा ने आप विधायकों पर आरोप लगाते हुए कहा कि टैंकर के माध्यम से आम आदमी पार्टी के विधायक पानी को बेचते हैं और पानी चोरी कर अपनी जेब भरते हैं। इस मार्च में लोकसभा उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया, बांसुरी स्वराज, प्रवीण खंडेलवाल आदि भाजपा नेता शामिल हुए।

### गर्मी से दिल्ली में आपातकाल की परिस्थिति है भाजपा न करें राजनीति : आतिशी



पानी की किल्लत को लेकर जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को एक प्रैसवार्ता के दौरान कहा कि दिल्ली में अप्रत्याशित गर्मी और पानी की कमी से लोग परेशान, है। ऐसे समय में भाजपा गंदी राजनीति न करे। उन्होंने भाजपा से सवाल करते हुए कहा कि, गर्मी से दिल्ली में आपातकाल की परिस्थित है, गंभीर हीटवेव से तापमान 50 डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा है, लोग परेशान है, ऐसे में यह गंदी राजनीति करने का का समय नहीं है। आतिशी ने कहा कि, दिल्ली के दोनों पड़ोसी राज्य हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है। ऐसे में भाजपा गंदी राजनीति करने के बजाय इन दोनों राज्यों से दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने की अपील करें। भाजपा हरियाणा और उत्तर-प्रदेश की सरकारों से अपील करे कि जब तक हीटवेव चलने वाली है और मानसून नहीं आ जाता, तब तक दिल्ली को अतिरिक्त पानी मुहैया करवाए। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने केंद्र से अनुरोध किया है कि वह राष्ट्रीय राजधानी में जबरदस्त जल संकट से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश या हरियाणा से अतिरिक्त पानी जारी किया जाना सुनिश्चित करे। इस बाबत उन्होंने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एक पत्र भी लिखा। आतिशी ने अपने पत्र में कहा कि पिछले कुछ दिनों में वजीराबाद बैराज के जलस्तर में भारी गिरावट आई है, क्योंकि हरियाणा यमुना में आवश्यक मात्रा में पानी नहीं छोड़ रहा है। इससे दिल्ली में जल संकट पैदा हो गया है। वहीं भीषण गर्मी के कारण पानी की मांग और बढ़ गई है। आतिशी ने 30 मई को भेजे अपने पत्र में एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम यह सुनिश्चित करें कि दिल्ली के लोगों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पानी मिले। आतिशी ने शेखावत को लिखे पत्र में कहा कि मैं आपसे यह अनुरोध करने के लिए पत्र लिख रही हूं कि दिल्ली के लिए पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, चाहे वह हरियाणा से हो या उत्तर प्रदेश से या किसी अन्य राज्य से जो पानी देने में सक्षम हो, ताकि दिल्ली के लोगों को कोई परेशानी न हो।

### दिल्ली सरकार ने हरियाणा से पानी की मांग को लेकर न्यायालय का किया रुख

दिल्ली सरकार ने जल संकट से जूझ रही दिल्ली को अधिक पानी की आपूर्ति करने के लिए हरियाणा को निर्देश देने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। सूत्रों के मुताबिक, आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने शीर्ष अदालत से कहा कि भीषण गर्मी के कारण शहर में पानी की मांग काफी बढ़ गई है और पड़ोसी राज्य हरियाणा को एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश दिया जाना चाहिए। दिल्ली सरकार ने कहा कि दिल्ली की पानी की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में काम करना सभी की जिम्मेदारी है।

### सुप्रीमकोर्ट परिसर में पक्षियों और छोटे जानवरों के लिए पानी एवं अनाज की व्यवस्था की

नयी दिल्ली, 31 मई (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी में रिकॉर्ड उच्च तापमान दर्ज किये जाने की वजह से जारी भीषण गर्मी के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय परिसर में पक्षियों एवं छोटे जानवरों के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था की गई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने निर्देश दिया कि पक्षियों एवं गिलहरियों जैसे छोटे जानवरों के लिए परिसर में पानी और अनाज से भरे बर्तन रखे जाएं। यह जानकारी शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने पहले ही उन स्थानों की पहचान कर ली थी, जहां ऐसी सुविधाओं की व्यवस्था की जानी थी। अधिकारी ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को इन स्थानों पर पानी और भोजन की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

### दिल्ली में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस




**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से गर्मी की मार झेल रही दिल्ली में शुक्रवार को हल्की बारिश होने और आंधी आने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। सुबह साढ़े आठ बजे हवा में नमी 38 फीसदी दर्ज की गई। विभाग ने बताया कि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।आईएमडी ने दोपहर में आसमान में बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार, आज आंधी, धूल भरी आंधी और बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी के साथ 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

### मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने सभी विभागों को हीट वेव एडवाइजरी की जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने शुक्रवार को सभी विभागों को हीट वेव एडवाइजरी जारी की। वहीं इस दौरान उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में आग की घटनाओं को रोकने के लिए एमसीडी सभी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भीषण गर्मी को देखते हुए आम आदमी पार्टी की एमसीडी सरकार दिल्लीवासियों की असुविधाएं कम करने को लेकर कई आवश्यक कदम उठा रही है। एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने भीषण गर्मी की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर नगर निगम के सभी विभाग प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने एक विस्तृत हीट वेव एडवाइजरी कर 31 मई तक सभी विभागों को अपनी एक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी आदेश दिया है। मेयर ने एडवाइजरी में कहा गया है कि स्वास्थ्य और हेल्थ केयर सुविधाओं में आग की घटनाओं को रोकने के लिए इंजीनियरिंग विभाग के साथ-साथ सभी अस्पताल और स्वास्थ्य इकाई प्रबंधकों को इन निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि अस्पतालों को आग बुझाने वाले यंत्र, हाइड्रेंट और अलार्म जैसे अग्निशमन उपकरणों की नियमित रूप से जांच होनी चाहिए।

## सार्वजनिक भूमि के अतिक्रमण के लिए जुर्माने का नियम बनाने का एमसीडी, डीडीए को हाईकोर्ट का निर्देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने भूमि स्वामित्व एजेंसियों- डीडीए और एमसीडी- को सार्वजनिक भूमि एवं स्थलों पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जुर्माना लगाने के लिए नियम बनाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर ने कहा कि अतिक्रमण के मामले में अतिक्रमणकर्ता संबंधित भूमि स्वामित्व एजेंसियों- दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों द्वारा अतिक्रमणकर्ता को उसके अवैध अतिक्रमण के लिए उत्तरदायी ठहराया जाएगा। अदालत ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, खासकर फुटपाथों और सड़कों पर होर्डिंग एवं स्टॉल तथा टेबल एवं कुर्सियों जैसे फर्नीचर लगाकर अतिक्रमण इतना बढ़ गया है कि इससे लोगों को सड़कों पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इसने कहा कि अतिक्रमण के कारण सड़क और फुटपाथ पर चलने वाले लोगों का जीवन खतरे में पड़ जाता है, क्योंकि वे सड़कों पर चलने वाले वाहनों के संपर्क में आते हैं और उनकी जान को खतरा होता है। अदालत ने 27 मई को पारित आदेश में कहा कि भूमि-स्वामित्व प्राधिकरण, यानी डीडीए और एमसीडी को निर्देश दिया जाता है कि वे एक तंत्र विकसित करें या नियम बनाएं, ताकि सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण के लिए अतिक्रमणकर्ता पर जुर्माना लगाया जा सके। अदालत ने कहा कि अतिक्रमणकर्ता से वसूले जाने वाले शुल्कों कर उचित निर्धारण किये जाने को लेकर स्पष्ट धारणा होनी चाहिए, ताकि वसूली गयी राशि बड़े पैमाने पर जनता के लाभ के लिए इस्तेमाल हो सके। अदालत ने कहा कि अतिक्रमणकर्ता पर लगाये जाने वाले जुर्माने के निर्धारण के लिए भूमि-स्वामित्व प्राधिकरणों को अतिक्रमित भूमि के क्षेत्र, अतिक्रमण की अवधि, अतिक्रमित क्षेत्र का बाजार मूल्य या सर्किल रेट जैसे कारकों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि उसके आदेश की एक प्रति अनुपालन के लिए डीडीए अध्यक्ष और एमसीडी आयुक्त को भेजी जानी चाहिए। न्यायालय ने कमलेश जैन की याचिका पर विचार करते हुए ये निर्देश पारित किए, जिसमें दिल्ली पुलिस को बुक्स एंड बीन्स रेस्तरां को तेज आवाज में संगीत बजाने से रोकने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि रेस्तरां सुबह से लेकर आधी रात तक तेज आवाज में संगीत बजाकर परेशानी और असुविधा पैदा कर रहा है। यद्यपि यह उचित प्राधिकार के साथ पंजीकृत था, लेकिन यह खाली जगह को कुर्सियां और मेज रखकर बैठने की जगह के रूप में इस्तेमाल कर रहा था।

## जेल से वापस लौटकर मां-बहनों को हर महीने हजार रुपए भी दूंगा

# दो जून को जेल जाऊंगा, मेरा मनोबल तोड़ने की और कोशिश होंगी लेकिन मैं झुकूंगा नहीं : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एक जून को 21 दिन पूरे हो रहे हैं और दो जून को मैं वापस तिहाड़ जेल चला जाऊंगा। मुझे नहीं पता ये लोग इस बार मुझे कब तक जेल में रखने वाले हैं, लेकिन मेरे हौसले बुलंद हैं। मेरा मनोबल तोड़ने की और कोशिश होंगी लेकिन मैं झुकूंगा नहीं। यह बातें शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डिजिटल प्रैसवार्ता में कही।



सीएम ने अरविंद केजरीवाल ने अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने से पहले शुक्रवार को दिल्लीवासियों को प्रैसवार्ता में भावुक संदेश दिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए 21 दिन की मोहलत देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद किया और दिल्लीवालों से कहा कि एक जून को मुझे मिली मोहलत समाप्त हो रही है और दो जून को दोपहर तीन बजे सरेंडर करने के लिए मैं घर से निकलूंगा, लेकिन आप चिंता मत करना। मैंने हमेशा आपके परिवार का बेटा बनकर अपना फर्ज निभाया है। मैं चाहे जहां रहूं, लेकिन आपकी 24 घंटे व फ्री बिजली, इलाज, महिलाओं की बस यात्रा समेत सारे काम चलते रहेंगे। संभव है, ये लोग इस बार मुझे पहले से ज्यादा प्रताड़ित करें, लेकिन मैं इनके आगे झुकूंगा नहीं। इन्होंने मुझे तोड़ने-झुकाने की खूब कोशिश की, पर सफल नहीं हुए। मुझे फक्र है कि मैं देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। आपने हर मुश्किल वक्त में एक परिवार की तरह मेरा साथ दिया है। देश बचाने के लिए मुझे कुछ हो भी जाए तो गम मत करना।

सीएम ने कहा कि जब मैं अभी जेल में था, तब इन्होंने मुझे कई तरह से प्रताड़ित किया। इन्होंने मेरी दवाईयां रोक दी। मैं 20 साल से सीरियस शुगर का मरीज हूं। पिछले 10 साल से मुझे रोज मेरे पेट में 4 बार इंसुलिन के इंजेक्शन लगते हैं। इन लोगों ने जेल में कई दिनों तक मेरे इंसुलिन के इंजेक्शन बंद कर दिए। इससे मेरी शुगर 300-325 तक पहुंच गई। इतने दिन तक अगर शुगर हाई रहता है तो किडनी और लीवर खराब हो जाते हैं। ये लोग मुझसे पता नहीं क्या चाहते थे? इन्होंने ऐसा क्यों किया सीएम ने कहा कि जेल में मैं 50 दिन था। इन दिनों में मेरा 6 किलो वजन कम हो गया। जब मैं जेल गया, तब मेरा वजन 70 किलो था और आज 64 किलो हो गया है। जेल से छूटने के बाद भी मेरा वजन नहीं बढ़ रहा है। डॉक्टर्स कह रहे हैं कि ये शरीर में किसी बड़ी बीमारी का भी संकेत हो सकता है। कई टेस्ट करवाने की जरूरत है। मेरे यूरिन में भी कीटोन लेवल बहुत ज्यादा हो गया है। 2 जून को मैं सरेंडर करूंगा। सरेंडर करने के लिए दोपहर लगभग 3 बजे अपने घर से निकलूंगा। हो सकता है कि ये इस बार मुझे और ज्यादा प्रताड़ित करें। लेकिन मैं झुकूंगा नहीं।

### जेल के अंदर रहूं या बाहर रहूं, मैं दिल्ली के काम नहीं रुकने दूंगा

अरविंद केजरीवाल ने से कहा कि आप अपना खयाल रखना। मुझे जेल में आपकी बहुत चिंता रहती है। आप खुश रहेंगे तो आपका केजरीवाल भी खुश रहेगा। मैं बेशक आपके बीच नहीं रहूंगा, लेकिन आप चिंता मत करना आपके सारे काम चलते रहेंगे। मैं चाहे जहां रहूं, जेल के अंदर रहूं या बाहर रहूं। मैं दिल्ली के काम नहीं रुकने दूंगा। आपकी फ्री बिजली, मोहल्ला क्लीनिक, अस्पताल, फ्री दवाइयां, इलाज, महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा. 24 घंटे बिजली और भी सारे काम चलते रहेंगे। मैं लौट कर हर मां-बहन को हर महीने 1000 रुपए देने की भी शुरुआत करूंगा। मैंने हमेशा आपके परिवार का बेटा बनकर अपना फर्ज निभाया है।

### दिल्ली की जनता से की अपने माता-पिता का ख्याल रखने की अपील

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से अपने माता-पिता का ख्याल रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उनके लिए भगवान से प्रार्थना करना। दुआओं में बड़ी ताकत होती है। आप मेरी मां के लिए रोज प्रार्थना करेंगे तो वो जरूर स्वस्थ रहेंगी। मेरी पत्नी सुनीता बहुत मजबूत हैं। उन्होंने जिंदगी के हर वक्त में मेरा साथ दिया है। जब मुश्किल वक्त आता है तो पूरा परिवार एकजुट हो जाता है। आप सबने मुश्किल वक्त में मेरा बहुत साथ दिया है। हम सब मिलकर इस तानाशाही से लड़ रहे हैं। देश को बचाने के लिए यदि मुझे कुछ हो जाए या मेरे प्राण भी चले जाएं तो गम मत करना। आपकी प्रार्थनाओं की वजह से ही आज मैं जिंदा हूं। भगवान ने चाहा तो आपका ये बेटा जल्द वापस आएगा।

### अरविंद केजरीवाल को झूठ बोलने की गंभीर बीमारी है : सचदेवा



■ केजरीवाल ने साजिश के तहत बीमारियों को न्योता दिया है ताकि वह मेडिकल बोर्ड में अपनी बीमारी को दिखा सके

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हां अरविंद केजरीवाल को बहुत गंभीर बीमारी है झूठ बोलने की गंभीर बीमारी। उन्होंने कहा कि जितने टेस्ट हुए उनके उसमें सिर्फ एक टेस्ट है जिसके लिए रात की फास्टिंग चाहिए और अन्य बाकी सभी टेस्ट आधे दिन में खत्म हो जाएंगे और शाम तक उसके रिजल्ट आ जाएंगे। बीमारीयों का बहाना बनाकर झूठी सहानुभूति लेना यह उनके स्वभाव में है और इसे दिल्ली एवं पंजाब की जनता समझ चुकी है। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अगर इतने ही बीमार थे तो आखिर वह राजनीतिक पर्यटन और चुनावी प्रचार में क्यों गए थे और यूरीन में जिस कीटोन बढ़ने की बात केजरीवाल कह रहे हैं दरअसल वह गर्मी एवं पानी कम पीने के कारण होता है तो ऐसा लगता है कि वह खुद बीमारियों को आमंत्रित कर रहे हैं ताकि मेडिकल बोर्ड में अपनी बीमारी को दिखा सके। उन्होंने कहा कि कोर्ट अपना काम कर रहा है और वहां भी मेडिकल टीम है जो इनको चेक करेगी। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली को लूटने का काम किया है। उन्होंने दिल्ली को शराब नगरी बनाने के काम किया है। उन्होंने शराब की काली कमाई की दलाली खाई है, अस्पतालों में नकली दवाइयां दी है, मोहल्ला क्लीनिक में नकली और फर्जी टेस्ट करा कर उसके पैसे खाए हैं, शिक्षा क्रांति के नाम पर उन्होंने कमरे बनाने में भी चोरी की, दिल्ली जल बोर्ड को लूट और पैनिक बटन घोटाला किया इसकी भी केजरीवाल को शर्म होना चाहिए। सचदेवा ने कहा कि इससे पहले भी अरविंद केजरीवाल की सरकार पानी के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से फटकार खा चुकी है और दिल्ली में 24 घंटे पानी देने वाले केजरीवाल बताए कि आखिर आज दिल्ली की जनता सड़कों पर पानी के लिए भाग रहे हैं तो उसका कसूरवार कौन है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली की जनता से पैसा लेकर आम आदमी पार्टी के विधायकों टैंकर माफियाओं के साथ भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

खबर संक्षेप

## डॉ. अशोक अंतरराष्ट्रीय गवर्नर नियुक्त



**गाजियाबाद।** मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया को अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोबल पीस, यूएसए के साउथ एशिया चैप्टर का अंतरराष्ट्रीय गवर्नर नियुक्त किया गया है। शिक्षा के प्रति मजबूत इच्छाशक्ति, दृढ़ विश्वास, संकल्प, समर्पण, दूरदर्शिता, असाधारण उपलब्धियां और नेतृत्व के गुणों के कारण उनकी यह विशेष नियुक्ति हुई है। डॉ. अशोक कुमार गदिया अपनी निपुणता एवं कार्यकुशलता से मानव कल्याण, शिक्षा एवं वैश्विक शांति के क्षेत्र में नए आयामों का सृजन करने में सफल रहेंगे।

## फरीदाबाद में एचसी बेंच की अधिवक्ताओं ने की मांग



**फरीदाबाद।** जिला बार एसोसिएशन की बैठक बार रूम की लाइब्रेरी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला बार एसो. के प्रधान जोगिन्द्र सिंह व सचिव पवन पाराशर ने की। कहा कि फरीदाबाद क्षेत्र में हाईकोर्ट की बैंच बने, जिससे लोगों को सहूलियत होगी। पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एड. ने कहा कि हाईकोर्ट का एक बेंच फरीदाबाद में बनने से पलवल, गुरुग्राम, नूंह के मुव्वकीलों को इसका बहुत फायदा मिलेगा ।

## दुष्कर्म के आरोपी को हुई 20 साल की कैद

**फरीदाबाद।** 16 वर्षीय नाबालिग का अपहरण कर उसे बंधक बनाकर बार-बार दुष्कर्म की



वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को जिला अदालत ने 20 साल की सजा व 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना बल्लबगढ़ में शिकायत प्राप्त होने के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वह 13 मार्च को दोपहर के समय में दुकान से कुछ सामान लेने गई थी। तभी आरोपी ने कहा कि वह अपने टेम्पो से उसे घर छोड़ देगा ।

## कार की टक्कर से महिला कर्मी की मौत

**गुरुग्राम।** बिलासपुर थाना एरिया में डयूटी के लिए जा रही कंपनी कर्मी की तेज रफ्तार कार की चपेट में



आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिढ भेज दिया और कार चालक पर केस दर्ज कर लिया। शिकायत में रुद्रभान सिंह ने कहा कि उसकी बेटी 22 वर्षीया शानू सिंह मितरा कंपनी में काम करती थी। वह ड्यूटी के लिए कंपनी जा रही थी। हाईवे क्रॉस के पास खड़ी थी कि बिलासपुर की ओर से आई तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में घायल को कार चालक दीपक यादव अपनी गाड़ी से अस्पताल ले गया था।

# सब स्टेशन में हुआ फाल्ट, गर्मी में पूरी रात अंधेरे से जूझते रहे लोग

> सीटी फटने से पूरा 3 नंबर का क्षेत्र, गांधी कॉलोनी, पूरा 5 नंबर, सैनिक कॉलोनी, एसजीएम नगर, एनआईटी क्षेत्र सहित विभिन्न अन्य क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। पहले तो लोगों ने यही समझा कि आधे-पौने घंटे का कट होगा, बिजली आ जाएगी, पर देर रात तक भी जब बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो लोगों की बैचेनी बढ़ती चली गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



दिन में 45 डिग्री सेल्सियस की गर्मी और रात के समय बिजली गुल होने से लोगों का गर्मी में बुरा हाल हो गया। जरूरत से ज्यादा लोड सहन न करने पर ट्रांसफार्मर जल रहे हैं, तो कहीं ब्लास्ट हो रहे हैं। ऐसे ही एनआईटी फरीदाबाद में 3 नंबर सैनिक कालोनी मोड़ पर स्थित हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के 66केवी सब स्टेशन पर रात साढ़े आठ-नौ बजे के बीच सीटी फट गई। सीटी यानी करंट ट्रांसफार्मर। इसके जरिए विभिन्न क्षेत्रों के फीडरों में बिजली प्रवाहित होती है।

सीटी फटने से पूरा 3 नंबर का क्षेत्र, गांधी कॉलोनी, पूरा 5 नंबर, सैनिक कॉलोनी, एसजीएम नगर, एनआईटी क्षेत्र सहित विभिन्न अन्य क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। देर रात तक भी बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हुई । साथ ही लोगों की बैचेनी बढ़ती चली गई। इसके बाद बिजली निगम के जेई, एसडीओ, एक्सईएन, अधीक्षक अभियंता को फोन करने लगे, पर सभी के फोन व्यस्त आने लगे। कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर कई लोग घरों से निकल कर सब स्टेशन पर पहुंचे। यहां ट्रांसफार्मर में आग देखकर लोगों का पसीना छूटने लगा।

### रात के बाद शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे फिर बिजली चली गई

*आग बुझाने और सिस्टम को वापस दुरुस्त करने के बाद विभिन्न फीडर अन्य सब स्टेशनों पर डाले गए और रात 2.45 पर बिजली आपूर्ति शुरू हुई। इधर लोगों की अभी एक पहर की नींद पूरी भी न हुई थी कि शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे फिर बिजली गुल हो गई। सब स्टेशन पर जाकर पता करने पर जानकारी मिली कि अब डीसी फेल हो गई है। इसे ठीक करने में करीब तीन घंटे लग गए। बिजली साढ़े नौ बजे आई, पर करीब 15 मिनट बाद फिर चली गई। इस कारण से पूरे एनआईटी क्षेत्र में हजारों उपभोक्ता बिजली से वंचित थे। बिजली न होने से सुबह होने वाली पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई है। लोगों को पीने के पानी के साथ-साथ घरेलू उपयोग के पानी के लिए भी धक्के खाने पड़ रहे। बिजली की आंख मिचौनी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जब फोन तक नहीं उठाते तो उनकी चिंता और बढ़ जाती है। वहीं बिजली अधिकारियों का कहना है कि गर्मी अधिक होने के चलते लोगों द्वारा एसी, पंखे कूलर इत्यादि का उपयोग बढ़ने के चलते आपूर्ति बढ़ गई है, जिसके चलते फाल्ट होते रहते है, फिर वह समय पर फाल्टों को ठीक कर लोगों को सुचारू बिजली देने के लिए प्रयासरत रहते है।*

### जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

# मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी सुरक्षा के लिए किए गए पुख्ता बंदोबस्त

> जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने शुक्रवार को सभी मतदान केंद्रों का गंभीरता से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतगणना को लेकर विस्तार से समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

**फरीदाबाद लोकसभा की मतगणना 7 स्थानों पर की जानी है**

**काउंटिंग ऑब्जर्वर तथा माइक्रो ऑब्जर्वर भी मौके पर रहेंगे मौजूद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



**फरीदाबाद लोस के अंतर्गत 9 विधानसभा क्षेत्र**

चार जून को होने वाली मतगणना के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने शुक्रवार को सभी मतदान केंद्रों का गंभीरता से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतगणना को लेकर विस्तार से समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने मतगणना केंद्रों के निरीक्षण दौरे की शुरुआत सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल के सभागार से करते हुए अन्य सभी मतगणना केंद्रों का निरीक्षण कर खत्म किया, जहां पर फरीदाबाद विधानसभा की मतगणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद लोकसभा के अंतर्गत नौ विधानसभाएं आती हैं, जिनमें तीन विधानसभाएं पलवल जिला की हैं। फरीदाबाद लोकसभा के लिए सात स्थानों पर मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। पलवल जिला की तीनों विधानसभाओं की मतगणना का कार्य एक ही स्थान पर बीआर आंबेडकर महाविद्यालय में किया जाएगा। जबकि फरीदाबाद जिला के लिए छह स्थानों पर मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें डीएवी स्कूल के सभागार के अलावा पृथला विधानसभा के लिए सेक्टर-16 स्थित पंजाबी भवन में, फरीदाबाद एनआईटी के लिए लखानी धर्मशाला, बडख़ल के लिए दौलतराम खान धर्मशाला तथा बल्लबगढ़ के लिए सुषमा स्वराज राजकीय महिला महाविद्यालय और तिगांव के लिए सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन में मतगणना केंद्र स्थापित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बारीकी से मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना केंद्र में प्रत्याशियों के प्रवेश से लेकर उनके एजेंटों के प्रवेश तथा बैठने आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान काउंटिंग ऑब्जर्वर तथा माइक्रो ऑब्जर्वर भी मौजूद रहेंगे। इसके लिए की जाने वाली तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि मतगणना केंद्रों की सुरक्षा अचूक की गई है, जो कि नियमित तौर पर जारी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान मतगणना केंद्र में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, सिगरेट, तंबाकू आदि लेकर जाना वर्जित रहेगा। उन्होंने काउंटिंग एजेंटों से अपील की कि वे नियमों की पूर्ण अनुपालना करें। साथ ही उन्होंने ड्यूटीरत कर्मचारियों को भी निर्देश दिए कि वे भी नियमों का ध्यान रखते हुए पूर्ण अनुपालना करें। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा, जिला परिषद के सीईओ सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एचएसवीपी के एस्टेट ऑफिसर सिद्धार्थ दहिया, एसडीएम बडख़ल अमित मान और एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### इस बार जल भराव की समस्या से निजात

# मानसून में जल भराव से निपटने ननि तैयार, निर्बाध रहेगी जल की निकासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद




नगर निगम ने मानसून से पहले ही गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत जल भराव की समस्या न हो कार्रवाई तेज की है। नगर आयुक्त का दावा है कि शहर के अधिकांश नालो की सफाई हो चुकी है तथा बचे हुए नालों को भी साफ किया जा रहा है।

ऐसे जल भराव के हॉटस्पॉट जहां पर जल भराव की स्थिति ज्यादा रहती है उनको चयनित करते हुए प्राथमिकता पर विभागों द्वारा कार्य किया गया है। कई स्थानों पर नालों का निर्माण भी कराया गया है तथा कई नालों को नीचली तली तक साफ किया गया है।

आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि वसुंधरा जोन अंतर्गत बृज विहार वार्ड संख्या 68 के क्षेत्र जहां पर जल भराव की समस्या अधिक रहती थी, मानसून से पूर्व बृज विहार नाले की अभियान के रूप में कराई गई है। उपकरणों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग ने बृज विहार नाला सफाई की जा रही है। इसी प्रकार सिटी ज़ोन अंतर्गत पटेल नगर सेकंड वार्ड संख्या 9 तथा 19 का प्रमुख नाला जिसको आरआरटीएस से समन्वय कर तेजी से बनाया जा रहा है।

महामाया स्टेडियम से मेरठ रोड के प्रमुख नाले से जोड़ने का कार्य चल रहा है, जिसकी लंबाई लगभग 300 मीटर है जिससे क्षेत्र वासियों को जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। मोहन नगर ज़ोन वार्ड संख्या 38 का समाधान करते हुए 210 मीटर नाले का निर्माण कराया गया, तथा दोनों तरफ सिल्ट चेंबर भी बनाए गए मानसून से पहले प्राथमिकता पर कार्य कराया गया।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**भारतीय रेल**
भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

No. 2023/Track-III/CS/1 — शुद्धिपत्र – III — Dated: 31.05.2024

**विषय : इलेक्ट्रो–मैकेनिकल गेट सिस्टम फॉर बलास्ट होप्पेर्स की आपूर्ति हेतु दिनांक 21.06.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2306**

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 05.06.2024 को स्थगित कर 21.06.2024 कर दिया गया है।
निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यपालक निदेशक, रेलपथ (एम. एंड एम.सी.)
रेलवे बोर्ड दूरभाष न. 011–47845531
ईमेल:vijay.singh.2017@gov.in
1638/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### केमिकल से निकलने वाली बदबू से परेशानी

# दवाई फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



फरीदाबाद जिले के खेड़ी रोड स्थित भारत कॉलोनी के पास हरी विहार में अनु प्रोडक्ट के नाम से चल रही फैक्टरी में भीषण आग लग गई। जिससे कंपनी में लाखों का नुकसान हो गया। फिलहाल आग लगने के कारणों के बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि आग से निकला धुआं आसमान में चारों तरफ छा गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस कंपनी में दवाई बनाने का काम हो रहा था और यहीं पर दवाइयों को स्टोर भी किया गया था। जिसके चलते यहां पर केमिकल्स भी रखे हुए थे। आग लगने के चलते केमिकल से निकलने वाली बदबू के कारण मौके पर रुकना भी काफी मुश्किल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल की लगभग दो दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंची।

# रिमांड पूरी होने के बाद कबूतरबाजी व मानव तस्करी के आरोपी बॉबी कटारिया को अदालत ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

कबूतरबाजी व मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार बॉबी कटारिया का तीन दिन का रिमांड पूरा होने के बाद अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत! में जेल भेज दिया। बॉबी को लेकर अदालत में पुलिस की तरफ से रिमांड नहीं मांगा गया था। अब इस मामले में 14 जून को सुनवाई होगी। बॉबी कटारिया अब तक 33 लोगों को विदेश भेज चुका था। जिनमें से 12 आर्मेनिया में, 2 सिंगापुर, 4 बैंकॉक, 3 कनाडा व 12 लाओस भेजे थे। लाओस भेजे गए लोगों में से 5 लोग वापस आ चुके हैं तथा 7 अभी भी लाओस में है।

पुलिस हिरासत रिमांड के दौरान सामने आया कि आरोपी बॉबी ऑनलाइन/सोशल मीडिया पर विज्ञापन डालकर लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने का प्रलोभन देता था। जब कोई विदेश जाने के लिए इससे संपर्क करता तो यह उसे अपने विश्वास में लेकर विदेश भेजकर नौकरी दिलाने का झांसा देता था, जिसके बदले यह अच्छी रकम भी वसूलता था। मामले में पुलिस की सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई प्रमोद कुमार की टीम व एनआईए की टीमों ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए आरोपी को उसके ऑफिस एमबीके ग्लोबल कंसलटेंसी कासेंट वन मॉल सेक्टर-109 से काबू कर लिया था।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **बृजेश कुमार, पुत्रः** राजबीर सिंह, **पताः** ई–73 / बी संजय कालोनी गोकुलपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 362/2017, U/s 279/304 A IPC, पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बृजेश कुमार**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बृजेश कुमार**, फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **बृजेश कुमार**, केस **FIR No. 362/2017, U/s 279/304 A IPC, पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
महानगर दण्डाधिकारी–01
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/6259/NE/2024
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जतिन, पुत्रः दिनेश कुमार, पताः डी–46, शुभम एनक्लेव गेट नं. 4, पश्चिम विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 531/2021, U/s 188/269 IPC, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जतिन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जतिन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 531/2021, U/s 188/269 IPC, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अभियुक्त **जतिन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.08.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नंदन मट्ट
महानगर दण्डाधिकारी–02
कमरा नं. 356
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6004/WD/2024


### डॉ. सोनल ऑपरेशन थिएटर में थी

# महिला चिकित्सक का ओपीडी से बैग चोरी, चोर ने की क्रेडिट कार्ड से खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

डीएलएफ फेज-3 स्थित एक नामी अस्पताल से महिला डॉक्टर का बैग चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने बैग चुराने के बाद डॉक्टर के क्रेडिट कार्ड से कुछ देर में 20 हजार रुपए से ज्यादा की शॉपिंग भी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

डीएलएफ फेज-3 के नारायणा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में एमएजीआईबी सर्जरी विभाग में जूनियर कंसल्टेंट के रूप में काम



करने वाली डॉ. सोनल घोष ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह ऑपरेशन थिएटर में थी। उनका ओपीडी से बैग चोरी हो गया। बैग में एक आईपैड, वॉलेट था। जिसमें आधार कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, 4 क्रेडिट कार्ड, 2 एटीएम कार्ड, कार की चाबी, अस्पताल का आई-कार्ड और 1000 रुपए नकद थे। इसके तुरंत बाद उन्हें पता चला कि उनके एचडीएफसी और एसबीआई क्रेडिट कार्ड से 20 हजार 547 रुपए की खरीददारी भी की गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में जांच अधिकारी एसआई हवासिंह का कहना है कि अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज मांगे गए हैं और आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


**पीजीइन्विट PGInvIT**

**यूनिटधारकों के लिए तीसरी वार्षिक बैठक की सूचना**

एतद्द्वारा **सूचना** दी जाती है कि सेबी द्वारा जारी मास्टर परिपत्र सं. सेबी/एचओ/डीडीएचएस–पीओडी–2/पी/सीआईआर/2024/44 दिनांक मई 15, 2024 के साथ पठित, सेबी (इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट्स) विनियम, 2014, सुधारित केल्यानुसार, के लागू होने वाले प्रावधानों के अनुपालन में वार्षिक बैठक को बुलाने की सूचना में निर्धारित व्यापारिक लेन–देन के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (**"वीसी"**)/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (**"ओएवीएम"**) के माध्यम से पावरग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट (**"पीजीइन्विट"**) की तीसरी वार्षिक बैठक (**"एएम"**) **बुधवार, जून 26, 2024** को **दोपहर 02:30 बजे (आईएसटी)** आयोजित की जायेगी।

**यूनिटधारकों को सूचित किया जाता है कि:**

1. वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट (**"वार्षिक रिपोर्ट"**) के साथ तीसरी एएम की सूचना (**"नोटिस"**) **शुक्रवार मई 31, 2024** को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन यूनिटधारकों को भेज दी गई है जिनके ई–मेल पते डिपोजिटरी के पास पंजीकृत हैं।
2. पावरग्रिड ऊंचाहार ट्रांसमिशन लिमिटेड ने पीजीइन्विट के इंवेस्टमेंट मैनेजर होने के नाते, एएम के दौरान ई–वोटिंग और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एएम में भागीदारी के लिए, रिमोट ई–वोटिंग के द्वारा वोटिंग सुविधा देने के उद्देश्य से पीजीइन्विट के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, मैसर्स केफिन टेक्नोलॉजिज लिमिटेड (**"केफिनटेक"**), की सेवाएं ली हैं।
3. नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट पीजीइन्विट की वेबसाइट **www.pginvit.in**, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (**"एनएसई"**) **www.nseindia.com** और बीएसई लिमिटेड (**"बीएसई"**) **www.bseindia.com** की वेबसाइट के प्रासंगिक अनुभाग और ई–वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट यथा केफिनटेक **https://evoting.kfintech.com** पर उपलब्ध है।
4. कट–ऑफ तारीख यानी **बुधवार, जून 19, 2024** (**"कट–ऑफ तिथि"**) पर यूनिट रखने वाले यूनिटधारक रिमोट ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से या एएम में भागीदारी और वोटिंग के लिए मतदान करने के लिए पात्र होंगे और कोई व्यक्ति जो कट–ऑफ तिथि को यूनिटधारक नहीं है, उन्हें इस नोटिस को केवल सूचना उद्देश्यों के लिए समझना चाहिए। यूनिटधारकों के वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि के अनुसार पीजीइन्विट की इकाई पूंजी की उनकी इकाइयों के अनुपात में होंगे।
5. रिमोट ई–वोटिंग **रविवार, जून 23, 2024 प्रातः 09:00 बजे (आईएसटी)** शुरू होगी और **मंगलवार, जून 25, 2024, सायं 05:00 बजे (आईएसटी)** समाप्त होगी। इसके बाद रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल मतदान के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
6. कोई भी व्यक्ति जो पीजीइन्विट की यूनिट्स का अधिग्रहण करता है और नोटिस के प्रेषण के बाद पीजीइन्विट का यूनिट्धारक बन जाता है और कट–ऑफ तिथि के अनुसार यूनिट रखता है, वह **evoting@kfintech.com** पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है या टोल फ्री नंबर **1800–309–4001** पर केफिनटेक से संपर्क कर सकता है।
7. यूनिटधारक जो वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एएम में मौजूद हैं और एएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, वे ई–वोटिंग के माध्यम से एएम के दौरान वीसी प्लेटफार्म के माध्यम से केफिनटेक द्वारा प्रदान की गई वोटिंग प्रणाली से अपना वोट डाल सकते हैं।
8. एएम से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने वाले यूनिटधारक एएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन दोबारा वोट डालने के पात्र नहीं होंगे।
9. सीएस सविता ज्योति, मैसर्स सविता ज्योति एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, हैदराबाद को निवेश प्रबंधक द्वारा रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया तथा एएम के दौरान ई–वोटिंग को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।
10. बैठक से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग/बैठक के दौरान ई–वोटिंग अथवा बैठक में वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से शामिल होने की विस्तृत प्रक्रिया के निर्देश नोटिस में उल्लेखित है। ई–वोटिंग सुविधा के संदर्भ में कोई भी पूछताछ/शिकायत के लिए कृपया **einward.ris@kfintech.com / evoting@kfintech.com** पर ई–मेल करें या **1800–309–4001** पर संपर्क करें।
11. जिन यूनिटधारकों के ईमेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उनको पीजीइन्विट के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट–केफिनटेक, द्वारा जहाँ मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, उस पर एसएमएस भेजे जा रहे हैं।
12. यूनिटधारक अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों से सम्पर्क कर उनके द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार ई–मेल पते, मोबाइल नंबर, स्थायी खाता संख्या (पैन) और बैंक खाते के विवरण को पंजीकृत/अपडेट कर सकते हैं।

कृते पावरग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (पीजीइन्विट)
बोर्ड के आदेशानुसार
पावरग्रिड ऊंचाहार ट्रांसमिशन लिमिटेड
(पीजीइन्विट के इंवेस्टमेंट मैनेजर के रुप में)
हस्ता./–

दिनांकः मई 31, 2024
स्थानः गुड़गांव

अंजना लूथरा
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

**पावरग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट**
(भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के साथ पंजीकृत इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट)
पंजीकरण संख्याः IN/InvIT/20-21/0016
व्यवसाय का मूल स्थानः प्लॉट नं. 2, सेक्टर–29, गुड़गांव–122001, हरियाणा
अनुपालन अधिकारीः अंजना लूथरा
फोनः +91 124 282 3177; ई–मेलः investors@pginvit.in; वेबसाइटः www.pginvit.in

PG/CC/Notice/PGInvIT-06/Advt-05/24-25/Dot Communications

अयोध्या राम मंदिर में निर्माण कार्य जारी

# प्रथम तल पर शुरू हुआ अष्टकोणीय गर्भगृह का निर्माण
# पहले और दूसरे तल पर लगाए जाएंगे स्वर्ण जड़ित दरवाजे

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर के भूतल के गर्भगृह की तरह प्रथम तल का गर्भगृह भी अष्टकोणीय ही बन रहा है। प्रथम तल के स्ट्रक्चर के निर्माण के बाद द्वितीय तल का निर्माण शुरू कर दिया गया है। भूतल की तरह ही प्रथम व द्वितीय तल में 12-12 स्वर्ण जड़ित दरवाजे लगाए जाएंगे। मंदिर निर्माण की एजेंसी एलएण्डटी के परियोजना निदेशक वीके मेहता के अनुसार प्रथम तल का स्ट्रक्चर लगभग पूरा हो गया है। फ्लोरिंग व दरवाजे का काम शेष है। फ्लोरिंग का काम शुरू हो गया है और दरवाजों के निर्माण का काम रामसेवकपुरम में चल रहा है।

राजस्थान के भरतपुर में पत्थरों की तराशी का काम हो रहा

भरतपुर से तराशे गए पत्थरों की आपूर्ति निरंतर हो रही

शिखर की ऊंचाई मंदिर से 161 फीट होगी



### द्वितीय तल पर पत्थरों का काम हो गया है शुरू

एलएण्डटी के परियोजना निदेशक वीके मेहता ने बताया कि प्रथम तल के स्ट्रक्चर के निर्माण के बाद द्वितीय तल का निर्माण शुरू कर दिया गया है और पत्थरों को लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे राम मंदिर में करीब साढ़े चार लाख घन फुट राजस्थान के बंशी पहाड़पुर के रेड सैंड स्टोन का इस्तेमाल होना था। राजस्थान की भरतपुर कार्यशाला में इन पत्थरों की तराशी का काम हो रहा है और वहीं से तराशे पत्थरों की आपूर्ति भी अनवरत हो रही है।

### अगस्त के बाद शिखर निर्माण का काम होगा

द्वितीय तल के निर्माण के लिए भी तराशे गये पत्थरों की आपूर्ति वहीं से हो रही है। बताया गया कि द्वितीय तल के निर्माण का लक्ष्य भी अगस्त 2024 निर्धारित किया गया है। उन्होंने दावा किया कि निर्धारित समय में काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद राम मंदिर के शिखर का निर्माण शुरू होगा जिसकी ऊंचाई मंदिर की सतह से 161 फिट होगी।

### दिल्ली स्थित ज्वेलर्स जड़ेंगे सोना

बताया कि भूतल में 18 दरवाजे लगाए गए हैं जो अलग-अलग चार तरह के है। इन चारों तरह के अलग-अलग दरवाजों की डिजाइन भी अलग-अलग हैं। उसी तरह से प्रथम तल व द्वितीय तल इन दोनों में 12-12 दरवाजे लगाए जाएंगे। यह सभी दरवाजे स्वर्ण जड़ित होंगे जो कि दिल्ली स्थित ज्वेलर्स की ओर से दरवाजों पर जड़े जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म मामले में 5 को आजीवन कारावास

**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले की एक अदालत में पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अतिरिक्त सत्र



न्यायाधीश-1 की अदालत ने सुरेन देवगम, प्रकाश देवगम, सोमा सिंकू, पुरमी देवगम और शिवशंकर करजी को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराते हुए अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसमें सामूहिक बलात्कार से संबंधित धारा 376 (डी) और धारा 377 शामिल है। धारा 395 (डकैती) के तहत 10 साल के कठोर कारावास और धारा 397 के तहत सात साल के कारावास की सजा सुनाई गई।

### झारखंड राज्य में लू से 11 लोगों की मौत

**रांची।** झारखंड में प्रचंड गर्मी का प्रकोप गुरुवार को भी जारी रहा। राज्य के 18 जिलों का अधिकतम



तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। राज्य के विभिन्न हिस्सों में लू की चपेट में आने से बीते 24 घंटों के दौरान 11 लोगों की मौत हो गई। कोल्हान में पांच लोगों की मौत हो गई, इनमें चार सरायकेला-खरसावां के और एक पश्चिमी सिंहभूम के हैं। वहीं पलामू में पांच समेत गिरिडीह में एक व्यक्ति की मौत की सूचना है। पलामू और गढ़वा में लगातार तीसरे दिन भीषण गर्मी जारी रही। मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान राज्य में सबसे ज्यादा 47.4 डिग्री दर्ज किया गया।

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दिए निर्देश

# मतदानकर्मियों को लू और स्वास्थ्य की दृष्टि से 'मेडिकल किट' उपलब्ध कराएं

यूपी में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में 13 लोकसभा सीट पर कुल 2,50, 56877 मतदाता हैं जो 144 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। सोनभद्र जिले के दुद्धी विधानसभा (सुरक्षित) उपचुनाव के लिए 6 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

लोकसभा चुनाव अपने अंतिम और सातवें चरण की वोटिंग के करीब पहुंच चुका है। इस चरण में यूपी की 13 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार, सातवें चरण में 13 लोकसभा सीट पर कुल 2,50, 56877 मतदाता हैं जिसमें 1,33,10897 पुरुष, 1,17,44 922 महिला और 1058 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि यूपी में सातवें चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 403-दुद्घी (अजजा) विधानसभा उप निर्वाचन हेतु 4 जून, 2024 को होने वाले मतदान को सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को पोलिंग पार्टियां सुबह से ही अपने बूथों पर रवाना होने लगी हैं। कई बूथों पर पहुंच भी गई हैं। उन्होंने बताया कि सोनभद्र जिले के दुद्धी विधानसभा (सुरक्षित) उपचुनाव के लिए छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सोनभद्र जिले में दुद्धी (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से 2022 में चुने गये भाजपा विधायक राम दुलाल को दुष्कर्म के एक मामले में दोषी ठहराए जाने से उनकी अयोग्यता के बाद यह सीट खाली हो गई थी।

### खास बातें

- 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त
- 10376 कारतूस, 3162 .32 किलो विस्फोटक जब्त
- अवैध शस्त्र बनाने वाले 488 केंद्र सीज किए



### 11 जनपदों में आती हैं ये सीटें

रिणवा ने बताया कि सातवें चरण में प्रदेश के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 63-महराजगंज, 64-गोरखपुर, 65-कुशीनगर, 66-देवरिया, 67-बांसगांव (अजा), 70-घोसी, 71-सलेमपुर, 72-बलिया, 75-गाजीपुर, 76-चन्दौली, 77-वाराणसी, 79-मिर्जापुर, 80-राबर्ट्सगंज (अजा) तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 403-दुद्धी (अजजा) की सीट प्रदेश के 11 जनपद महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर तथा सोनभद्र में आते हैं।

### जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराएं

*रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केंद्रों एवं पोलिंग बूथ पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मिकों को लू से बचाने के पर्याप्त इंतजाम करने के साथ स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए हैं, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उपयोग की जा सके।*

#### जांच के लिए 2194 चेक पोस्ट स्थापित

रिणवा ने बताया कि पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जाँच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 29 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए।

#### अवैध शस्त्र बनाने वालों पर छापेमारी

शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,34,845 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिसें जे गए हैं, जिनमें से 26,93,636 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 10191 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10376 कारतूस, 3162.32 किलो विस्फोटक व 610 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5359 केंद्रों पर छापेमारी कर 488 केंद्रों को सीज किया गया।

### मिर्जापुर में 13 चुनावकर्मियों की मौत



**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13 चुनावकर्मियों की शुक्रवार को तेज बुखार और उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। यहां स्थित मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन सभी कर्मियों की मौत के सटीक कारण का पता अभी नहीं चल सका है। मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबहादुर कमल ने बताया कि मृतकों में 7 होमगार्ड जवान, 3 सफाई कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय में तैनात एक लिपिक, एक चकबंदी अधिकारी और होमगार्ड टीम का एक चपरासी शामिल है। उन्होंने बताया कि जब ये मरीज मेडिकल कॉलेज आए तो उन्हें तेज बुखार, उच्च रक्तचाप और बढ़ी हुई शुगर की शिकायत थी।

अखिलेश का कार्यकताओं को बड़ा संदेश

# एक्जिट पोल के बहकावे में न आएं, मतगणना में रहें अलर्ट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



लोकसभा चुनाव के छह चरणों की वोटिंग पूरी हो चुकी है। शनिवार के सातवें चरण की वोटिंग होनी है। मतदान से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं बड़ा संदेश दे दिया। चंडीगढ़ की याद दिलाते हुए अखिलेश यादव ने सभी उम्मीदवार और कार्यकर्ताओं से कहा कि एग्जिट पोल के बहकावे में न आएं।

सपा प्रमुख बोले, शनिवार की शाम होते ही भाजपा लगभग 300 सीटों के आसपास बढ़ते मिलने की बात कहनी शुरू कर देगी। कई टीवी चैनल भी एग्जिट पोल पर भाजपा की सीटें ज्यादा दिखा सकते हैं। इसको लेकर कार्यकर्ताओं को पूरी तरह से सावधानी बरतने की आवश्यकता है। अखिलेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आप लोग किसी भी भाजपाई 'एक्जिट पोल' के बहकावे में नहीं आएं और पूरी तरह से चौकन्ना रहते हुए, अपना आत्मविश्वास बनाए रखते हुए डटे रहें और जीत के अपने मूल-मंत्र 'मतदान भी सावधान भी' को याद रखें।

### सर्टिफिकेट मिलने तक रहें सजग

*अखिलेश ने कहा कि मैं आज आपसे एक बेहद जरूरी अपील कर रहा हूं। आप सब कल वोटिंग के दौरान भी और वोटिंग के बाद के दिनों में भी, मतगणना ख़त्म होने और जीत का सर्टिफ़िकेट मिलने तक पूरी तरह से सजग, सतर्क, सचेत और सावधान रहिएगा और किसी भी प्रकार के भाजपाई बहकावे में न आइएगा। दरअसल ये अपील हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि भाजपावालों ने ये योजना बनायी है कि कल शाम को चुनाव ख़त्म होते ही, वो अपनी 'मीडिया मंडली' से विभिन्न चैनलों पर ये कहलवाना शुरू करेंगे कि भाजपा को लगभग 300 सीटों के आसपास बढ़त मिली हुई है, जो कि पूरी तरह से झूठ है।*

### भाजपा मनोबल गिराने का प्रयास करेगी

अखिलेश ने कहा कि ऐसे में आपके मन में ये सवाल उठेगा कि भाजपा को इस दो-तीन दिन का झूठ बोलने से क्या मिलेगा, जबकि 'इंडिया गठबंधन' की सरकार बनने जा रही है। इसके जवाब में हम आपको बता दें कि ऐसा झूठ फैलाकर भाजपा वाले आप सबका मनोबल गिराना चाहते हैं, जिससे आपका उत्साह कम हो जाए और आप लोग मतगणना के दिन सावधान और सक्रिय न रहें, जिसका फ़ायदा उठाते हुए भाजपा कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से मतगणना में धांधली कर सके। ध्यान रहे जो भाजपाई चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में कोर्ट द्वारा लगवाए गये कैमरों के सामने धांधली करने का बेशर्म दुस्साहस कर सकते हैं, वो चुनाव जीतने के लिए कोई भी घपला-घोटाला करने के लिए उतारू हो सकते हैं, इसीलिए ये सजगता जरूरी है।

## पेज एक का शेष

### कांग्रेस बोली-एग्जिट...

पर पोस्ट में बताया कि कांग्रेस ने एग्जिट पोल से किनारा क्यों किया है। उन्होंने कहा कि मतदान के बाद जनादेश ईवीएम में कैद हो जाता है। ऐसे में चार जून को आधिकारिक मतगणना से पहले किसी भी अटकलबाजी में शामिल होना केवल टीआरपी का खेल है। गौरतलब है मतदान समाप्त होने के बाद चार जून को 542 लोकसभा सीटों और कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आएंगे। पूर्वोत्तर के दो राज्यों में विधानसभा चुनाव की मतगणना दो जून को ही होगी।

**एग्जिट पोल का काम सिर्फ रुझान बताना:** एग्जिट पोल का काम सिर्फ रुझान बताना है, वो किसी पक्ष में लहर दिखा सकता है, लेकिन एकदम सही आंकड़े जारी हो जाएं, इसकी उम्मीद कम रहती है। लेकिन फिर भी इतिहास बताता है कि एग्जिट पोल सटीक भी साबित हुए हैं और कुछ वक्त उलटे भी मिले हैं।

### सेंसेक्स 74,000...

में दिखी ये तेजी एक तरह से अच्छा संकेत है क्योंकि अब सोमवार को जब बाजार खुलेगा तो ये एक्जिट पोल के नतीजों के आधार पर उछाल या गिरावट का रुख अपनाएगा।

### 8 राज्यों की 57...

पंजाब और उत्तर प्रदेश की 13-13 सीटों पर, बिहार की 8 सीटों, ओडिशा की 6 सीटों, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटों, झारखंड की 3 सीटों और चंडीगढ़ की एक सीट पर वोटिंग होगी। उत्तर प्रदेश की 13 सीटों मे वाराणसी, महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर,देवरिया,बांसगांव, घोसी, गाजीपुर, बलिया, सलेमपुर, चंदौली, मिर्जापुर,राबर्ट्सगंज में 1 जून को मतदान होगा। वहीं पंजाब की सभी 13 सीटों में गुरदासपुर, अमृतसर,खडूर साहिब, जालंधर (एससी), होशियारपुर (एससी), आनंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब (एससी), फरीदकोट (एससी), फिरोजपुर, बठिंडा, संगरूर, पटियाला में एक जून को मतदान होगा। बिहार की नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, सासाराम सीट पर वोटिंग होगी। पश्चिम बंगाल की 9 सीटें,बारासात, बशीरहाट, डायमंड हार्बर, दम दम, जयनगर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर, मथुरापुर में एक जून को मतदान होना है। चंडीगढ़ की एकमात्र सीट चंडीगढ़ में इसी चरण में मतदान होगा। वहीं, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटें,मंडी, शिमला, कांगड़ा और हमीरपुर में वोट डाले जायेंगे। उधर ओडिशा राज्य की 6 लोकसभा सीटों बालासोर, भद्रक,जाजपुर, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा और मयूरभंज में मतदान होगा। झारखंड राज्य की तीन सीटें, दुमका, गोड्डा और राजमहल निर्वाचन क्षेत्र में लोग वोट डालेंगे। शनिवार को सातवें चरण के तहत लगभग 10.9 लाख मतदान अधिकारी 1.09 लाख मतदान केन्द्रों पर 10.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। 10.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं में लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिला और 3574 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। भारी गर्मी के बावजूद, पिछले चरणों में मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की भारी संख्या देखने को मिली है। पिछले दो चरणों में, महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत पुरुष मतदाताओं से अधिक रहा है। आयोग ने मतदाताओं से मतदान केन्द्रों पर अधिक संख्या में आने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है।

**चरण 7-तथ्यों की नजर से:** आम चुनाव 2024 के सातवें चरण के लिए शनिवार 1 जून को 8 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के 57 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (सामान्य-41; एसटी-03; एससी-13) के लिए मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और मतदान समाप्ति का समय संसदीय क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। ओडिशा विधानसभा के 42 विधानसभा क्षेत्रों (सामान्य-27; एसटी-06; एससी-09) पर भी एक साथ मतदान होगा।

घर पर मतदान की वैकल्पिक सुविधा 85+ और दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपलब्ध है। मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 13 विशेष रेलगाड़ियां और हेलीकॉप्टर की 8 उड़ानों (हिमाचल प्रदेश के लिए) की व्यवस्था की गईं हैं। 172 पर्यवेक्षक (64 सामान्य पर्यवेक्षक, 32 पुलिस पर्यवेक्षक, 76 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कई दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। वे आयोग की आंख और कान की तरह काम करते हैं ताकि पूरी सतर्कता बरती जा सके। इसके अलावा, कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को भी तैनात किया गया है। मतदाताओं को किसी भी तरह के प्रलोभन से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिए कुल 2707 उड़न दस्ते, 2799 स्थैतिक निगरानी दल, 1080 निगरानी दल और 560 वीडियो देखने वाले दल चौबीसों घंटे निगरानी कर रहे हैं।

### नागपुर बना 'आगपुर'...

ने दिल्ली को पीछे छोड़ दिया है। वहां, गुरुवार यानी 30 मई को तापमान दिल्ली के रिकॉर्ड को तोड़ गया। नागपुर का तापमान 56 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है लेकिन आईएमडी ने अब कहा है कि वहां तापमान दर्ज करने में भूल हुई थी। लेकिन, सेंसर तो सच बोल रहा है। आईएमडी ने नागपुर के एक अन्य एडब्ल्यूएस और आईएमडी वेधशाला स्टेशन पर अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस दर्ज करने को सही ठहराया है। उधर, हिमाचल के सिरमौर जिले में गर्मी के चलते धमाके के साथ सड़क ही फट गई। सीमेंट सड़क का एक हिस्सा जमीन से ऊपर आ गया और इसे देखकर ऐसा लगा मानों धरती फट गई हो। बता दें कि यूपी के संभल में भी धमाके के साथ आरसीसी सड़क 28 मई को फट गई थी। गोरखपुर-वडोदरा एक्सप्रेस में सफर कर रही महिला यात्री की बीना से विदिशा के बीच तबीयत बिगड़ गई। यूपी से वडोदरा जा रही महिला ने मौत से पहले पति से फोन पर कहा गर्मी बर्दाश्त से बाहर हो गई है। यूपी के मिर्जापुर में 7 होमगार्ड जवान, 3 सफाई कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय में तैनात एक लिपिक, एक चकबंदी अधिकारी और होमगार्ड टीम का एक चपरासी की लू से मौता हो गई।

### शताब्दी में सी 11 कोच...

हो गया था। इस बीच कोच में मौजूद मैकेनिकों ने उसमें मामूली सुधार किया। लेकिन बाद फिर से एसी खराब हो गया। भीषण गर्मी के बीच ऐसे ही यात्री परेशान होते रहे। यात्रियों के अनुसार ट्रेन में मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि यहां पर ट्रेन में एसी की शिकायत के बाद करीब आधे घंटे बाद कर्मचारियों ने जानकारी दी है कि एसी ठीक नहीं हो सकता, इसके लिए गाड़ी रोककर ही काम करना होगा, इसलिए यात्रियों ने करीब 5 घंटे तक बिना एसी के यात्रा की। वहीं भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एसी फेल होने की सूचना हमारे पास नहीं है। रानी कमलापति स्टेशन पर ट्रेन 5-7 मिनट पहले ही आई। जिसको हमने समय पर रवाना कर दिया। किसी भी यात्री ने कोई शिकायत नहीं की। अगर चलती ट्रेन में एसी फेल हुआ होगा।

**इस तरह से ले सकते हैं अपना रिफंड:** आईआरसीटीसी के रिफंड रूल के मुताबिक, एसी कोच में एसी नहीं चलने पर यात्री अगर क्लेम करता है, तो उसे रिफंड (अतिरिक्त पैसा वापस) मिल जाता है। यानी भारतीय रेलवे वातानुकूलित कोच में एसी सुविधा प्रदान करने में विफल होने पर कुछ किराया राशि की वापसी कर देता है। हालांकि, इसमें कुछ शर्तें भी जुड़ी हैं

### केंद्र ने राज्यों से ...

इन्फ्लूएंजा के प्रकोप की सूचना पहले ही मिल चुकी है। संयुक्त परामर्श में कहा गया है कि यह देखते हुए कि एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) का संक्रमण अत्यधिक खतरनाक है और इसके मनुष्यों में फैलने की क्षमता अधिक है, इसलिए इस संक्रमण के प्रसार को कम करने और रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करना अनिवार्य है।

**प्रवासी पक्षियों में फैलता है:** इसमें कहा गया है कि एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस (बर्ड फ्लू वायरस) आमतौर पर मुख्य रूप से प्रवासी पक्षियों के बीच फैलता है। एच5एन1 मुख्य एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस है। भारत में कुक्कुट पक्षियों में एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रकोप की रिपोर्ट 2006 से मिल रही है और पशुपालन एवं स्वास्थ्य विभाग (आईडीएसपी, एनसीडीसी) द्वारा संयुक्त रूप से इसकी जांच की जा रही है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह दी गई है कि वे सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों/निजी चिकित्सकों को एवियन इन्फ्लूएंजा के मामलों के लक्षणों के बारे में जानकारी दें। संयुक्त परामर्श में कहा गया है कि यदि आपके राज्य में पक्षियों में एवियन इन्फ्लूएंजा की पुष्टि होती है तो इसके किसी भी संदिग्ध मामले से निपटने के लिए अस्पतालों में पृथक वार्ड/बिस्तर की आवश्यकता हो सकती है।

### एडवांस मेडिकल...

जिसमें कोई व्यक्ति यह बताता है कि वह भविष्य में गंभीर बीमारी की हालत में किस तरह का इलाज कराना चाहता है। यह वास्तव में इसलिए तैयार किया जाता है जिससे गंभीर बीमारी की हालत में अगर व्यक्ति खुद फैसले लेने की हालत में न रहे तो पहले से तैयार दस्तावेज के हिसाब से उसके बारे में फैसला लिया जा सके।

**उच्चतम न्यायालयों के निर्देशों का पालन किया:** पणजी के निकट उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित समारोह में डॉ. संदेश चोडाणकर और दिनेश शेट्टी गवाह के तौर पर जबकि गोवा सेवा निदेशालय की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मेधा साल्कर राजपत्रित अधिकारी के रूप में उपस्थित थीं। इस अवसर पर न्यायमूर्ति सोनक ने राज्य में एएमडी के क्रियान्वयन को संभव बनाने वाले सभी हितधारकों को बधाई दी। न्यायाधीश ने कहा कि इसके साथ ही गोवा देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप 'लिविंग विल' सुविधा को अक्षरशः लागू किया है। उन्होंने लोगों से 'लिविंग विल' की पेचीदगियों को समझने और सोच-समझकर निर्णय लेने की अपील भी की। समारोह का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की गोवा शाखा और गोवा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया था। इस अवसर पर अग्रिम चिकित्सा निर्देशों पर एक पुस्तिका का विमोचन किया गया। आईएमए की गोवा इकाई के पूर्व प्रमुख डॉ. शेखर साल्कर के साथ न्यायमूर्ति वाल्मीकि मेनेजेस और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन भी मौजूद थे। डॉ. साल्कर ने कहा कि शीर्ष अदालत ने 2023 में एक फैसले में 'एंड ऑफ लाइफ केयर विल' का मार्ग प्रशस्त किया है, जो गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि उनके अपने पिता को भी कष्ट उठाना पड़ा, क्योंकि उस समय 'लिविंग विल' निष्पादित करने का विकल्प उपलब्ध नहीं था। उन्होंने कहा कि उनके पिता बीमारी से जूझ रहे थे। उच्चतम न्यायालय ने फरवरी 2023 के अपने फैसले के माध्यम से अग्रिम चिकित्सा निर्देशों के क्रियान्वयन को आसान बनाने के लिए पहले के फैसले को संशोधित किया।

### 'रेमल' से प्रभावितों...

लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की। बता दें, चक्रवात 'रेमल' के बाद लगातार बारिश के कारण पूर्वोत्तर में कई स्थानों पर बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और इससे लाखों की संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, चक्रवात 'रेमल' के प्रभाव के कारण दक्षिण-पश्चिम मानसून अपने निर्धारित समय से पहले असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य हिस्सों में प्रवेश कर गया है।

### ब्रिटेन से वापस...

ब्रिटेन से सोना भारत लाने के कारण आरबीआई को स्टॉक कास्ट बचाने में भी मदद मिलेगी। इसका भुगतान हर साल बैंक ऑफ इंगलैंड को किया जाता है। गौर हो कि 1991 में चंद्रशेखर सरकार ने उस दौरान भुगतान संकट टालने के लिए सोने को गिरवी रख दिया था। भारत सरकार के अनुसार उस दौरान आरबीआई ने 400 मिलियन डॉलर की राशि जुटाने के लिए बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान में 46.91 टन सोना गिरवी रखा था।

**अंतरराष्ट्रीयव्यापार करने में मिलती है मदद:** विदेशों में सोना रखने से दूसरे देशों के साथ व्यापार करना आसान होता है। सोने का भंडार बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय व्यापार करने में भी मदद मिलती है। सोने का उपयोग अन्य देशों से लोन लेने या आयात के लिए भुगतान करने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा विदेशों में सोने पर ज्यादा ब्याज मिलता है।

### श्रम मंत्रालय द्वारा क्या...

सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 25% बढ़ जाएगी। इसके अनुसार सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 25% बढ़ाकर 20 लाख रुपए से 25 लाख रुपए की वृद्धि की गई है।



# एक किसिंग सीन के लिए एक्टर ने लिए 47 रीटेक...

**मुंबई।** साल 1996 की बात है। सिनेमाघरों में एक फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। 5.75 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 76.34 करोड़ रुपए की कमाई कर डाली थी। हालांकि, फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से ज्यादा चर्चा फिल्म में दिखाए गए किसिंग सीन की हो रही थी। क्या आप समझ गए कि हम किस फिल्म के बारे में बात कर रहे हैं? नहीं! कोई बात नहीं। फिल्म का नाम 'राजा हिन्दुस्तानी' है। 'राजा हिन्दुस्तानी' में आमिर खान और करिश्मा कपूर का किसिंग सीन दिखाया गया था। इस किसिंग सीन को शूट करने में करिश्मा कपूर के पसीने छूट गए थे।

लाइफ Style



# दीपिका

## ब्रेकअप के बाद भी रणबीर से करती थी प्यार

दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर ने ब्रेकअप के बाद 'ये जवानी है दीवानी' में साथ काम किया था। आज 'ये जवानी है दीवानी' को रिलीज हुए 11 साल हो गए हैं। 'ये जवानी है दीवानी' के समय एक इंटरव्यू में दीपिका ने माना था कि वह ब्रेकअप हो जाने के बावजूद रणबीर से प्यार करती हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

रणबीर ने कहा था कि वह दीपिका को अपने परिवार के सदस्य की तरह प्यार करते हैं। यहां पढ़िए उनका पूरा इंटरव्यू। साल 2013 में जब एक समाचार पत्र के रिपोर्टर ने दीपिका से पूछा था कि क्या वह अब भी रणबीर से प्यार करती हैं? तब दीपिका ने कहा था, "बेशक मैं करती हूं। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जिनसे मैंने हमेशा प्यार किया है और जिनके बारे में मैं हमेशा बहुत ज्यादा पजेसिव और बहुत प्रोटेक्टिव रहूंगी। जब मैं उनके बारे में पढ़ती हूं, जब मैं उनका काम देखती हूं, चाहे वह अच्छा हो या बुरा, मेरे दिमाग में एक मोनोलॉग चल रहा होता है और मैं उसे उनके साथ शेयर करती हूं। जैसे ही मैं उनका काम देखती हूं, मैं उन्हें फोन करती हूं और उन्हें बताती हूं कि मुझे क्या पसंद आया और क्या नहीं। इसी तरह, वह भी जब मेरी फिल्में देखते हैं तब मुझे बताते हैं कि उन्हें क्या अच्छा लगा और क्या अच्छा नहीं लगा। वहीं जब रणबीर से पूछा गया था कि क्या वह अभी भी दीपिका से प्यार करते हैं? तब अभिनेता ने कहा था, "हां, बिल्कुल। दीपिका के लिए मेरे मन में जो प्यार है, वह परिवार जैसा है। प्यार, देखभाल और सम्मान का पहलू बदल गया है, लेकिन बेहतर के लिए बदला है।

हॉलीवुड मसाला



# एक बार फिर साथ आए केंडल-बैड

**लॉस एंजिलिस।** बॉलीवुड में काफी पहले एक फिल्म आई थी 'दिल तो पागल है' उस फिल्म में एक गाना था 'मिल जाते हैं जो बने एक-दूजे के वास्ते' वही गाना हॉलीवुड की टॉप मॉडल केंडल जेनर और रैपर बैड बन्नी पर एकदम फिट बैठता नजर आ रहा है। सूत्रों की मानें तो ब्रेकअप के बाद एक बार फिर से केंडल जेनर और बैड बन्नी साथ आ गए हैं। आइए आपको केंडल और बैड बन्नी के रिश्ते में आए इस नए अपडेट के बारे में बताते हैं। 'कीपिंग अप विद कार्डशियन' स्टार केंडल जेनर एक बार फिर से सुर्खियों में हैं।





# 'मोआना 2' के ट्रेलर ने रचा इतिहास...

**लॉस एंजिलिस।** वॉल्ट डिज्नी एनिमेशन स्टूडियो को बॉक्स ऑफिस पर सफलता मिले पांच साल हो गए हैं और 'मोआना 2' मंदी को तोड़ने की कोशिश कर रही है। सीक्वल का ट्रेलर बुधवार को जारी हुआ, जिसने रिकॉर्डतोड़ व्यूअरशिप हासिल की है। 'मोआना 2' के ट्रेलर को 24 घंटों में 178 मिलियन बार देखा गया, किसी एनिमेटेड फिल्म के लिए यह अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला ट्रेलर बन गया है। 'मोआना 2' के ट्रेलर व्यूज का रिकॉर्ड पिक्सर के 'इनसाइड आउट 2' के ट्रेलर को भी पीछे छोड़ने में सफल रहा है। 'इनसाइड आउट 2' के ट्रेलर को 24 घंटे में 157 मिलियन बार देखा गया था। वहीं, 2019 के 'फ्रोजन II' ट्रेलर को 116 मिलियन व्यूज मिले थे।



# रश्मिका ने बताया इवेंट्स में क्यों नहीं बोलती

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली बनकर नैशनल क्रश बन चुकी हैं। रीसेंटली वह आनंद देवराकोंडा के इवेंट में थीं। वहां उन्होंने तेलुगु में बात की तो कुछ फैन्स का दिल टूट गया। जिन्हें यह भाषा नहीं आती थी, उन्हें उम्मीद थी कि रश्मिका इंग्लिश में बात करेंगी। लोगों की इस रिक्वेस्ट का रश्मिका मंदाना ने जवाब दिया है। उन्होंने बताया है कि वह इंग्लिश में बात क्यों नहीं करतीं। ट्विटर पर एक फैन पेज की तरफ से लिखा है, आप तेलुगु में बात करती रहीं, जो हमारे समझ में नहीं आई। इस पर रश्मिका ने बताया है कि वह इवेंट्स में इंग्लिश क्यों नहीं बोलतीं। रश्मिका ने लिखा है, मैं इंग्लिश में बात करने की पूरी कोशिश करती हूं ताकि आपमें से सभी लोग वे चाहे जहां के भी हों, मुझे समझ जाएं। लेकिन मैं इस बात से असहज हो जाती हूं कि जो लोग मुझसे ये उम्मीद करते हैं कि मैं उनकी भाषा में बात करूं।



# भगवत गीता पढ़ने से बदली मेरी जिंदगी

**मुंबई।** इम्तियाज अली सुर्खियों में बने हुए हैं। दरअसल, 'अमर सिंह चमकीला' की सफलता की वजह से वह चर्चा का विषय बने हुए है। हाल ही में इम्तियाज ने 'अमर सिंह चमकीला' की सफलता पर बात करते हुए भगवद्गीता का जिक्र किया। उन्होंने इंटरव्यू में बताया कि भगवद्गीता ने उनकी जिंदगी बदल डाली है। इम्तियाज अली ने रणवीर अलाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा, 'भगवद्गीता मेरी जिंदगी में बहुत महत्वपूर्ण रही है। यह वो छोटी-सी किताब है जो हमेशा मेरी साइड टेबल पर रखी रहती है।' भगवद्गीता को मैंने पढ़ना शुरू किया। मुझे चीजें समझ आने लगीं। कुछ चीजें ऐसी भी थीं जिन्हें मैंने पांच-पांच, छह-छह बार पढ़ाना चाहता था। उसके बाद मैंने उसको अपने पास रख लिया और मैं हर दिन चार-पांच पन्ने पढ़ने लगा।

टीवी मसाला

# बिग बॉस की रिंकू ने सेट पर झेला कास्टिंग काउच

**मुंबई।** बिग बॉस 17 के घर में नजर आईं एक्ट्रेस रिंकू धवन टीवी की दुनिया की बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं। उन्होंने टीवी के कई सीरियल किए हैं। अब एक इंटरव्यू में रिंकू धवन ने अपने एक्टिंग करियर के बारे में बात की। इस दौरान उन्होंने अवाड्र्स को लेकर अपनी नाराजगी भी जाहिर की। इसी के साथ, उन्होंने उस घटना को याद किया जब उन्हें कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। खास बातचीत में रिंकू धवन ने बताया कि कैसे एक बार वो सेट पर बैठी थीं और उनके पास डायरेक्टर या प्रोड्यूसर ने आकर अजीब से सवाल किए। रिंकू ने बताया कि मैनें उसकी बातें सुनकर उसे खूब गालियां दीं। रिंकू ने बताया, "फिल्म सिटी में उनका सेट लगा था। गाना-वाना शूट हो रहा था। मैं ऐसे ही बैठी थी। मम्मी-पापा दोनों थे मेरे साथ, मुझे लगता है कि वो कुछ खाने गए थे या चाय पीने गए थे। मैं सेट पर ही बैठी थी। इतने में डायरेक्टर या प्रोड्यूसर, वो मुझे याद नहीं, वो आए और मेरे साथ बैठ गए। उसने मुझसे पूछा कि अगर तुम्हारी अलमारी में ड्रेस होगी तो तुम क्या करोगी? रिंकू ने आगे बताया कि उन्होंने जवाब दिया कि वो पहनेंगी। इसके बाद उस शख्स ने रिंकू से पूछा कि एप्पल होगा तो क्या करोगी, रिंकू ने कहा तो खाऊंगी। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि वो क्या बोल रहे हैं।



## तारक मेहता... के टप्पू इश्क में गिरफ्तार?

**मुंबई।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीवी इंडस्ट्री के सबसे चर्चित सिटकॉम में से है, जो सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा में टप्पू का किरदार निभा चुके राज अनादकट अब इस सिटकॉम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन वह लगातार सुर्खियों में हैं। राज अनादकत अक्सर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहते हैं और अब एक बार फिर कुछ ऐसा ही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसके चलते उनके फैंस में हलचल पैदा हो गई है। राज ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें उनके साथ एक लड़की नजर आ रही है। हालांकि, ये बात और है कि राज ने इस मिस्ट्री गर्ल का चेहरा रिवील नहीं किया है। राज ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वह एक डायरी खोलते दिखाई देते हैं। इसमें लिखा है- तुम मेरी एंजल हो।



# मलाइका और अर्जुन ने किया ब्रेकअप...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर बहुत सालों से रिलेशनशिप में थे। दोनों बॉलीवुड के पसंदीदा कपल में से एक थे। हालांकि, अब दोनों के अलग होने की खबरें सामने आ रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा ने एक दूसरे से ब्रेकअप कर लिया है। बहुत से सूत्रों ने यह कंफर्म किया है कि मलाइका और अर्जुन, दोनों ने ही, सम्मानजनक तरीके से अपनी-अपनी राहें अलग कर ली हैं। सूत्रों ने बताया कि इस रिलेशनशिप ने अपना कोर्स पूरा कर लिया था और दोनों इस स्थिति से सम्मानजनक तरीके से निपटेंगे। एक सूत्र ने बताया कि मलाइका और अर्जुन के बीच बेहद स्पेशल रिलेशनशिप था और दोनों एक दूसरे के दिल में एक खास जगह बनाए रखेंगे। दोनों ने सहमति से अलग होने का फैसला लिया है। दोनों किसी को भी इस रिश्ते के बारे में किसी भी तरह की टिप्पणी करने की अनुमति नहीं देंगे।





# 'औरों में कहां दम था' का पहला पोस्टर आया सामने

*मुंबई। अजय देवगन और तब्बू की 'औरों में कहां दम था' एक साथ में 10वीं फिल्म है। दोनों ने 'दृश्यम', 'दृश्यम 2', 'भोला', 'गोलमाल अगेन' और 'विजयपथ' सहित कई फिल्मों में काम किया है। अजय देवगन और तब्बू स्टारर 'औरों में कहां दम था' का पहला पोस्टर आज रिलीज हो चुका है। इस पोस्टर के साथ-साथ एक्टर ने फिल्म के टीजर और रिलीज डेट का भी खुलासा कर दिया है। अजय देवगन इन दिनों अपनी कई अपकमिंग फिल्मों की शूटिंग में बिजी हैं। इस बीच अब उन्होंने अपनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर भी अपडेट शेयर कर दी है। फिल्म 'औरों में कहां दम था' का निर्देशन नीरज पांडे ने किया है और इस में एक बार फिर बॉलीवुड की मशहूर जोड़ी नजर आएंगी। जी हां, अजय देवगन और तब्बू इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म में धूम मचाते दिखाई देने वाले हैं। वहीं फिल्म 'औरों में कहां दम था' का आज दोपहर 1 बजे टीजर रिलीज किया जाएगा। तब्बू और अजय लीड रोल में एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजक करने के लिए तैयार हैं।*



## 73 की उम्र में केदारनाथ व ब्रदीनाथ की यात्रा पर निकले

मुंबई। सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों फिल्मों के साथ-साथ आध्यात्म पर जोर दे रहे हैं। बीते दिनों उन्होंने हिमालय की आध्यात्मिक यात्राएं कीं, और अब वह पवित्र गुफाओं की यात्रा की योजना बना रहे हैं। 73 साल के रजनीकांत केदारनाथ और ब्रदीनाथ धाम की यात्रा पर निकले हैं। वह चेन्नई से उत्तराखंड के देहरादून पहुंचे। वहां एयरपोर्ट पर उन्होंने आध्यात्मिक यात्राओं के बारे जानकारी दी है। न्यूज एजेंसी से बातचीत में रजनीकांत ने कहा, 'पूरी दुनिया को आध्यात्मिकता की जरूरत है, क्योंकि यह हर इंसान के लिए महत्वपूर्ण है। आध्यात्मिक होने का मतलब है शांति और सुकून का अनुभव करना और मूल रूप से इसमें ईश्वर में विश्वास करना शामिल है। हर साल में अपनी आध्यात्मकि यात्राओं से एक एक अलग और नया अनुभव प्राप्त करता हूं।'



## मजबूत हौसलों के साथ पार कर ली जिंदगी की हर मुश्किल

# मानसिक तनाव का शिकार होने पर भी नहीं हारी हिम्मत

*मुंबई। कहा जाता है कि अभिनय की चकाचौंध दुनिया केवल दिखावे के लिए ग्लैमर की दुनिया है। सितारों को अपने फैंस के सामने हमेशा खुश रहने की कोशिश करनी पड़ती है, लेकिन निजी जिंदगी में वे कई परेशानियों से जूझ रहे होते हैं। कभी-कभी ये सितारे अपनी जिंदगी में इतने तनाव में आ जाते हैं कि आत्महत्या करने जैसा बड़ा कदम उठा लेते हैं। कई बार सितारे अपनी परेशानियों का हल खुदकुशी को समझ लेते हैं। वहीं, कुछ सितारे हिम्मत नहीं हारते और इस तनाव से बाहर आ जाते हैं। ऐसे में चलिए आज हम आपको बताते हैं उन सितारों के बारे में, जिन्होंने हालात के सामने घुटने नहीं टेके और डिप्रेशन से जंग जीत ली...*

### इमरान खान



इस लिस्ट में सबसे पहले बात करते हैं बॉलीवुड अभिनेता इमरान खान की। इमरान खान ने खुलासा किया कि कुछ साल पहले तक वे डिप्रेशन का शिकार थे और इसकी वजह से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, उन्होंने दोस्तों और परिवार की मदद से इससे बाहर निकलने की कोशिश की और आखिरकार वे इसमें कामयाब भी हुए। अब वे अपनी जिंदगी के बारे में कुछ किस्से फैंस के साथ साझा करते हैं।

### शाहरुख खान



शाहरुख खान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। हालांकि, फैंस को लगता है कि उनकी जिंदगी में कोई मानसिक उलझन नहीं होगी, लेकिन यह सच नहीं है। शाहरुख भी डिप्रेशन का सामना कर चुके हैं। उन्होंने एक साक्षात्कार के दौरान इस बात का खुलासा करते हुए बताया था कि एक बार उनके कंधे में चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें सर्जरी कराना पड़ी थी। इसी दौरान वे डिप्रेशन का शिकार हो गए थे।

### अमिताभ बच्चन



हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। बिग बी की जिंदगी में डिप्रेशन, तब आया, जब वे प्रोड्यूसर बने और उन्होंने सारा पैसा अपनी कंपनी एबीसीएल को दे दिया। लगातार फ्लॉप फिल्मों के बाद अमिताभ दिवालिया हो गए और डिप्रेशन में चले गए। हालांकि, उन्होंने हालात से जंग लड़ी और तनाव से बाहर आए।

### दीपिका पादुकोण



इस लिस्ट में अगला नाम बॉलीवुड की हॉट अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का है। दीपिका पादुकोण ने भी इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया था कि वे एक बार डिप्रेशन का शिकार हो गई थीं। तनाव की वजह से उनके दिमाग में खुदकुशी करने जैसे ख्याल भी आने लगे थे। इसके बाद उनकी मां उज्ज्वला पादुकोण ने उन्हें इस मुश्किल भरे दौर से निकालने में मदद की थी।

# चार जून की मतगणना के बाद भी खत्म नहीं होगा चुनावी शोर गुल, कुछ माह बाद फिर पड़ेंगे वोट!

- आधा दर्जन विस सीटों के लिए हो सकते हैं उप चुनाव
- सिंधिया जीते तो एक राज्यसभा की सीट भी हो जाएगी खाली
- कांग्रेस छोड़ चुके तीन विधायकों की सीटों में भी चुनाव संभव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल







सात चरणों में लंबे चले लोकसभा चुनावों का थकाऊ, उबाऊ शोर गुल गुरुवार 30 मई को थम भले गया, लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं कि लोगों को इससे निजात मिल गई। सच यह है कि 4 जून की मतगणना के बाद भी प्रदेश में चुनावी माहौल खत्म नहीं होगा। प्रदेश के आधा दर्जन विधायक लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। यदि ये जीते तो विधानसभा सीटें खाली हो जाएंगी और इनके लिए कुछ माह बाद ही वोट डालने की नौबत आ जाएगी। कांग्रेस के तीन विधायक ऐसे भी हैं, जो लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं लेकिन इन्होंने पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। इन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया या इनकी सदस्यता समाप्त की गई तो इन सीटों पर उप चुनाव तय है। छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट से विधायक कमलेश शाह पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। यहां के लिए उप चुनाव की घोषणा शेष है। दो विधायकों विजयपुर के राम निवास रावत और बीना की निर्मला सप्रे भाजपा में शामिल हुए हैं लेकिन उन्होंने इस्तीफा न देकर संशय बरकरार रखा है। कांग्रेस ने इनके खिलाफ विधानसभा में सदस्यता समाप्त करने का आवेदन लगाने की बात कही है।

### कांग्रेस के ये विधायक लड़ रहे लोकसभा चुनाव

कांग्रेस के सबसे ज्यादा विधायक लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें शहडोल से फुंदेलाल मार्को, उज्जैन से महेश परमार, मंडला से ओमकार सिंह मरकाम, सतना से सिद्धार्थ कुशवाहा, भिंड से फूल सिंह बरैया मैदान में हैं। पुष्पराजगढ़ से विधायक फुंदेलाल मार्को का मुकाबला शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह से है। तराना विधायक महेश परमार का मुकाबला उज्जैन में भाजपा के अनिल फिरोजिया से है। यह दूसरा मौका है, जब परमार और फिरोजिया आमने-सामने होंगे। डिंडोरी से चार बार के कांग्रेस विधायक ओमकार मरकाम के सामने भाजपा के फग्गन सिंह कुलस्ते हैं। कुलस्ते मरकाम को 2014 के लोकसभा चुनाव में हरा चुके हैं। यदि मंडला से कांग्रेस जीतती है, तो यहां भी उपचुनाव हो सकते हैं।

### तीन बड़े नेताओं की सीटें हो सकतीं खाली

प्रदेश के तीन बड़े नेताओं की सीटें भी खाली हो सकती हैं। इनमें दो भाजपा और एक कांग्रेस से हैं। बुदनी से विधायक पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान विदिशा से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और राज्य सभा सदस्य केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से। एक अन्य राज्यसभा सदस्य नेता दिग्विजय सिंह राजगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। चौहान जीते तो बुदनी सीट के लिए उप चुनाव तय है और सिंधिया, सिंह जीते तो राज्य सभा की दो सीटें खाली हो जाएंगी। राज्यसभा के चुनाव में चुनाव का शोर गुल नहीं होता लेकिन चुनाव तो होंगे ही।

---

चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगी काउंटिंग

### सौ से अधिक कैमरों से की जा रही ईवीएम की निगरानी

# सबसे पहले होगी डाक मतपत्रों की गिनती, इलेक्ट्रॉनिक वोट भी जुड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की लोकसभा सीट पर चुनाव होने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार अरुण श्रीवास्तव, भाजपा उम्मीदवार आलोक शर्मा सहित 22 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है। जिसके बाद इन मशीनों को पुरानी जेल में सख्त पहरे के बीच रखा गया है। यहां पर थ्री लेयर सुरक्षा लगाई गई है, जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता। 4 जून मंगलवार सुबह8 बजे से ईवीएम को बाहर निकालकर काउंटिंग शुरु की जाएगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। इसके साथ इलेक्ट्रॉनिक वोट भी इसमें जोड़े जाएंगे।

मतगणना शुरू होने के एक मिनट पहले तक पोस्टल बैलेट स्वीकार किए जाएंगे। सुबह 8 बजे से डाक मतपत्रों से मतगणना का काम शुरु होगा। लिहाजा 7.59 बजे तक कर्मचारियों से डाक मतपत्र स्वीकार किए जाएंगे। इसके बाद आने वाले पोस्टल बैलेट की गिनती नहीं होगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की जाएगी। इसके बाद ईवीएम खोली जाएंगी। एक विधानसभा में 14 टेबिल लगाई जाएंगी।

**थ्री लेयर सुरक्षा, परिंदा भी नहीं मार सकता पर**




### किस विस में कितना हुआ मतदान

| विधानसभा | पुरुष | महिला | मतदान % में |
|---|---|---|---|
| बैरसिया | 77.51 | 68.40 | 73.11 |
| उत्तर | 68.82 | 62.25 | 65.55 |
| नरेला | 62.93 | 58.52 | 60.08 |
| दप | 57.57 | 55.01 | 56.33 |
| मध्य | 58.60 | 54.17 | 56.43 |
| गोविंदपुरा | 63.22 | 59.44 | 61.39 |
| हुजूर | 68.20 | 63.38 | 65.86 |
| सीहोर | 79.31 | 71.82 | 75.63 |
| **कुल** | **66.58** | **61.40** | **64.06** |

### उत्तर और दप के मिलेंगे सबसे पहले रुझान

*जिले की सात विस की ईवीएम मशीनों की काउंटिंग की जाएगी। इन विधानसभाओं में इस बार सबसे पहले उत्तर फिर दक्षिण-पश्चिम और मध्य के रुझान मिलना शुरू हो जाएंगे। दरअसल इन विस में मतदान केंद्रों की संख्या कम है। जबकि गोविंदपुरा के 383 मतदान केंद्रों पर गिनती में सबसे अधिक समय लगेगा।*

### 116 मतगणना प्रेक्षकों की हुई नियुक्ति

*भोपाल। प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन की मतगणना की निगरानी के लिए 116 मतगणना प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि सभी 29 लोकसभा क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त किए गए मतगणना प्रेक्षकों की उपस्थिति में काउंटिंग की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। इनमें गुना के लिए के.कन्ना बाबू, विदिशा-देवास के लिए मिंटो डिर्चा, सीधी के लिए रामेन चन्द्र मालाकार, शहडोल के लिए शांतनु पी. गोटमारे, भोपाल के लिए पुबाली गोहेन, धार के लिए हिमांशु कुमार राय, शहडोल के लिए कृत्यानंद रंजन, शहडोल के लिए कुंदन कुमार, शहडोल महफूज आलम, राजगढ़ के लिए राम कुमार पोद्दार, रीवा संजीव कुमार, भिंड में रंजीता, सतना में अनूप ठाकुर, सागर-दमोह मेंअंजली सहरावत, होशंगाबाद में पूनम, जबलपुर में ए.डी. जोशी, छिंदवाड़ा में डी.पी. चौहान, रतलाम में जी.वी. मियानी, रतलाम में एच.पी. पटेल, खंडवा में जे.बी. वडार, रीवा में जे.एम. तुवर, खजुराहो में जे.पी. अंसारी, सतना में के.आर. पटेल, विदिशा-भोपाल में के.एस. झाला, भोपाल में के.वी. भलोदिया, जबलपुर कमें एम.के. जोशी, मंडला में एम.के. प्रजापति, मुरैना में एम.पी. पटेल, ग्वालियर में वाय.एस. चौधरी, भिंड में अंकिता के परमार, ग्वालियर में आई.के. चौहान, गुना में के.एम. शेथ, रीवा में निशांत ठाकुर, बैतूल में प्रदीप कुमार ठाकुर, बालाघाट में शुभ करन सिंह, मंडला में भूपेंद्र सिंह, भोपाल में रूबल प्रखेर अग्रवाल सहित अन्य को मतगणना प्रेक्षक बनाया गया है।*

### अफसर कर रहें राउंड द क्लॉक ड्यूटी

जिले के 2097 मतदान केंद्रों पर चुनाव होने के बाद मशीनों को पुरानी जेल के स्ट्रांग रूम में रखा गया है। जिसकी सुरक्षा के लिए राउंड द क्लाक निगरानी की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि ईवीएम मशीनों की निगरानी जिला प्रशासन और पुलिस के अफसर कर रहे हैं। ड्यूटी चार्ट भी जारी कर दिया गया है। सभी अधिकारियों की आठ-आठ घंटे के हिसाब से ड्यूटी करना है।

### सुबह 5 बजे पता चलेगा कि कौन किस टेबल पर करेगा

मंगलवार सुबह 8 बजे से शुरु होने वाली मतगणना के लिए कर्मचारियों की तैनाती का रेंडमाइजेशन कर लिया गया है। एक विस के वोटों की गिनती के लिए टेबिलों पर मतगणना दल और दो-दो दल एआरओ और तीन रिजर्व दल इस प्रकार 19-19 दल, पोस्टल बैलेट गणना और टेबूलेशन के लिए दल इस तरह लगभग 475 का रेंडमाइजेशन किया गया है। इन्हें किस टेबल पर गणना के लिए बैठना है इसका रेंडमाइजेशन सुबह 5 बजे प्रेक्षकों की उपस्थिति में किया जाएगा।

---

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरमिंदर साहिब में टेका मत्था

# कई जन्मों के पुण्य से आज अमृतसर साहिब में दर्शन का सौभाग्य मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को पंजाब के चुनावी प्रवास के दौरान हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में मत्था टेककर देश और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया। मंदिर कमेटी ने मुख्यमंत्री को स्वर्ण मंदिर की प्रतिकृति का स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां की कुछ तस्वीरों को साझा करते हुए अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा इक ओंकार, सतनाम, कर्ता पुरख, निरभउ, निर्वैर, अकाल मूरत, अजूनी सैभं, गुर प्रसाद।

पंजाब के अमृतसर में पवित्र श्री हरमंदिर साहिब, स्वर्ण मंदिर में मत्था टेककर वाहेगुरु से समस्त प्रदेशवासियों की समृद्धि, खुशहाली एवं कल्याण हेतु अरदास की। सचखंड श्री हरमंदिर साहिब श्री दरबार साहिब का दर्शन कर जीवन धन्य हुआ एवं आत्मिक शांति, भक्ति एवं सेवाभाव की अनुभूति हुई। कई जन्मों के पुण्य से आज श्री अमृतसर साहिब में दर्शन का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। यहां जिस आध्यात्मिक आनंद और अप्रतिम ऊर्जा की अनुभूति हुई, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है।





सीएम डॉ. यादव ने स्वर्ण मंदिर की रसोई में लाइन में लगकर अपने लिए खाना लिया। (ऊपर) एवं वहां रखी पुस्तिका में अपने अनुभव भी लिखे।

### मुख्यमंत्री-प्रदेश अध्यक्ष की पत्रकारवार्ता आज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा शुक्रवार को मीडिया से रूबरू होंगे। वह दोपहर 12.30 बजे राजधानी के बंसल वन स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सेंटर में पहुंचेगे और एक महत्वपूर्ण पत्रकार-वार्ता को संबोधित करेंगे।

### अग्निबाण रॉकेट की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग पर दी बधाई

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व के प्रथम सिंगल-पीस 3डी सेमी-क्रायोजेनिक इंजन द्वारा संचालित रॉकेट अग्निबाण की अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक लॉन्चिंग पर भारतीय वैज्ञानिकों और देशवासियों को बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से पूर्णतः स्वदेशी निर्मित उक्त रॉकेट का सफलतापूर्वक परीक्षण नए भारत के निर्माण का प्रतीक है।*

---

### जांच रिपोर्ट तैयार कर कांग्रेस को सौंपेगी समिति

# खुरई सहित प्रदेश में दलितों के साथ घटित घटनाओं की जांच के लिए कांग्रेस ने बनाई कमेटी

### पटवारी, सिंघार के साथ मुख्यमंत्री से भी मिलेगी समिति

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सागर जिले की खुरई में घटित घटना सहित प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति वर्ग पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं की जांच के लिए कांग्रेस की एक कमेटी गठित की है। कमेटी में 9 सदस्य हैं, जो हर घटना की मौके पर जांच करेंगे और खुरई सहित अन्य सभी घटनाओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश कांग्रेस को सौंपेंगे। कमेटी के सदस्य जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी मुलाकात करेंगे और रिपोर्ट सौंप कर कानून व्यवस्था के संदर्भ में अपने सुझाव देंगे। कांग्रेस मुख्यमंत्री से न्यायिक जांच की मांग भी करेगी।

### अपराधियों को संरक्षण देने वाले थे सीएम के साथ

पटवारी ने कहा कि मैं और मुझसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सागर जिले के ग्राम बरोदिया नोनागिर पीड़ित परिवार से मुलाकात करने पहुंचे थे। पीड़ित परिवार की स्थिति बहुत दयनीय एवं क्षेत्र में भयावह माहौल देखने को मिला। शिकायत के अनुसार दबंग आरोपियों को स्थानीय भाजपा नेतृत्व का संरक्षण प्राप्त है। जिसके चलते प्रशासन निष्पक्ष कार्यवाही करने में असमर्थ है।

---

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी ने साधा निशाना

# कांग्रेस नेता एक नंबरी, उनके पीए दो नंबरी हैं : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोने की तस्करी के आरोप में शशि थरूर के असिसटेंट शिव कुमार के गिरफ्तार होने पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता एक नंबरी, उनके पीए दो नंबरी है। इंडी गठबंधन सोने के स्मग्लरों का गठबंधन है। दिल्ली एयरपोर्ट से सोनिया गांधी और राहुल गांधी के करीबी कांग्रेस नेता शशि थरूर के पर्सनल असिस्टेंट को सोने की तस्करी करते पकड़ा गया है। शशि थरूर का पीए शिवकुमार एयरपोर्ट पर अपने आदमी से विदेश से लाए 500 ग्राम गोल्ड का हैंड ओवर ले रहा था, उसी वक्त पुलिस ने उसे धर दबोचा। बरामद सोने की कीमत 55 लाख रुपए बताई जा रही है। पीए के पकड़े जाने पर मामले में भद्द पिटे उससे पहले शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर लीला-पोती करने की कोशिश की।



### प्रधानमंत्री कहते हैं न खाऊंगा, न खाने दूंगा


*प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि इसके पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के कार्यालय से एक महिला पीए को गोल्ड स्मग्लिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया। झारखंड कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के पीए के सहायक के पास से भी करोड़ों की धनराशि बरामद हुई थी। मप्र में कमलनाथ के पीए के घर छापे में करोड़ों रूपए जब्त किए गए थे। छग में अमरजीत भगत के निजी सहायक राजेश वर्मा के घर से लाखों रुपए नगद, जेवरात और कई जमीनों के दस्तावेज जब्त किए गए थे। कांग्रेस के नेता और उनके पीए को कुकर्मों से समझ आ रहा है कि 75 साल ऐसे ही नहीं लूटा गरीबों का धन। लेकिन अब ये मोदी काल है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते है ना खाऊँगा, न खाने दूँगा जिसने खाया वो निकालूंगा, जिसका खाया है उसको खिलाउंगा।*

---

# तबादले से नाराज बाबू पेड़ पर चढ़ा

### एसडीएम ने समझाइश देकर नीचे उतारा

**शहडोल।** अपना तबादला होने से नाराज शहडोल के ब्यौहारी तहसील के आखेटपुर सर्कल में पदस्थ एक बाबू गुरूवार को पेड़ पर चढ़ गया और जमकर हंगामा किया। लल्लू लाल प्रजापति नामक इस लिपिक ने अपने ट्रांसफर आदेश को रुकवाने के लिए आत्महत्या का प्रयास करते हुए पेड़ पर चढ़ने के बाद फांसी पर झूल जाने की धमकी देने लगा। मामले की जानकारी मिलते ही तहसीलदार ब्यौहारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और उसे समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना बाद में एसडीम ब्यौहारी नरेंद्र सिंह धुर्वे मौके पर पहुंचे और बड़ी देर तक उसे समझाते रहे तब कहीं जाकर वह पेड़ से नीचे उतरा और मामला शांत हुआ।



---

### स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी में ब्लास्ट का मामला

# मुआवजे को लेकर परिजनों ने किया फैक्ट्री के सामने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमतरा

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के बेरला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिरदा में बीते 25 मई शनिवार की सुबह 7.50 बजे स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी में ब्लास्ट हो गया था। घटना में एक की मौत, सात घायल और आठ लोग लापता हैं। शुक्रवार को कंपनी के बाहर एक बार फिर से ग्रामीणों व परिजनों का धरना प्रदर्शन शुरू किया। यह धरना प्रदर्शन ग्रामीणों व छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा किया जा रहा।

दरअसल, कंपनी की ओर से अब तक एक मृतक और छह लापता लोगों के परिजनों को 30-30 लाख रुपए राहत राशि दी गई है। दो लापता लोगों के परिजनों ने राशि नहीं ली है, ये लोग 50-50 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा कंपनी को पूरी तरह से बंद करने की मांग जारी है। शुक्रवार को सुबह 10 बजे से कंपनी के बाहर ग्रामीणों द्वारा धरना दिया जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र के करीब 22 गांव के लोगों की कल रात गुरुवार को एक साथ बैठक भी हुई है। आने वाले दिनों के रायपुर बंद कराने की तैयारी है। इधर, मामले में प्रशासन ने जांच बैठाया है। बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा के आदेशानुसार ग्राम पिरदा, तहसील भिभौरी जिला बेमेतरा में स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड में 25 मई को दुर्घटना हुई थी।



---

### 17 अक्टूबर को इसी इलाके में 8 लाख के इनामी नक्सली को मार गिराया था

# पहले पति फिर उसी जगह पत्नी को किया मुठभेड़ में ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बीजापुर में बुधवार को हुए मुठभेड़ में जिसमें जवानों ने 8 लाख की इनामी नक्सली मनीला समेत एक जेल ब्रेक के आरोपी नक्सली मंगलू कुड़ियम को मार गिराया गया था। यह मुठभेड़ सिर्फ मुठभेड़ नहीं बल्कि इसके साथ एक संयुक्त कहे या विधि का विधान परंतु बेहद ही दिलचस्प कहानी जुड़ी हुई है। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले 17 अक्टूबर को इसी इलाके में और इसी जंगल में एक मुठभेड़ को सुरक्षा बल के जवानों ने अंजाम दिया था और उस मुठभेड़ में नक्सली नेता नागेश को मार गिराया गया था।

उसके बाद बुधवार को फिर उसी जगह और इस जंगल में जवानों ने एक और ऑपरेशन को अंजाम दिया और इस ऑपरेशन में जिन दो नक्सलियों को मार गिराया गया उनमें से 8 लाख की इनामी महिला नक्सली मनीला पुनेम विधानसभा चुनाव से पहले मारे गए नक्सली कमांडर नागेश की पत्नी है। भले ही दोनों अलग-अलग मुठभेड़ में मारे गए हैं और दोनों के कब्र अलग-अलग गांव में बनाए गए होंगे। परंतु दोनों की मौत एक ही जंगल में और एक ही स्थान पर और एक ही समय पर हुई है। बुधवार कि सुबह बंदेपारा गांव के तक़रीबन एक किलोमीटर दूर जंगल मे पुलिस ने मनीला को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। जहां घटना हुई वह खून से पत्ते लाल हो गए हलाकि बाद में वहां आग लगा दी गई।



### नक्सल संगठन के बड़े लीडर थे नागेश और मानिला

मद्देड एरिया के लिए नक्सल संगठन मे बड़ा नाम नागेश पदम और उसकी पत्नी मनीला पुनेम का था। नागेश डीवीसी और उसकी पत्नी मनीला डीव्हीसीएम मेंबर रही। नागेश कि मौत के बाद उसकी पत्नी मनीला को बड़ी जिम्मेदारी सौपी गई थी। संगठन मे सक्रिय रहकर दोनों पति पत्नी काम कर रहे थे।

### मुठभेड़ के बाद सात ग्रामीण लापता

सुनीता कुड़यिाम पिता केशा, मिच्चा वेली पिता रामा, मलेश एसम पिता पड़गा, मिच्चा पड़गा पिता नीला, कुमा पांडु पिता रामा, मिच्चा पांडु पिता मुरा, मिच्चा शंकर पिता ऐरा ये सात ग्रामीण मुठभेड़ के बाद से लापता हो गए है।ग्रामीण इनकी तलाश में जंगल मे ढूंढ रहे हैं।

### मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मारा था: एसपी

एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि घटना में दो नक्सलियों को जवानों ने मारा था, और दो लोगो को गिरफ्तार किया गया,। एसपी का कहना है कि इस बारे में कोई जानकारी नही है लेकिन गॉंव के लोगों का कहना है सात लोग लापता हैं।

---

# कर्मचारी ने ही शराब दुकान की तिजोरी से 36 लाख 76 हजार उड़ाए, चार गिरफ्तार

**रायपुर।** विदेशी शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों ने ही शराब दुकान से लाखों रुपए की चोरी कर ली। मामला रायपुर के खमतराई थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित विदेशी शराब दुकान का है। कर्मचारियों ने ही विदेशी शराब दुकान की बिक्री रकम 36 लाख 76 हजार 120 रुपए चोरी किए थे। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, खमतराई थाना क्षेत्रांतर्गत रावाभांठा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित विदेशी शराब दुकान में प्लेसमेंट के माध्यम से कृष्ण कुमार बंजारे, साहेब लाल बंजारे, मनमोहन आडिल और रोशन कन्नौजे काम करते थे। इसमें से रोशन कन्नौजे मुख्य विक्रयकर्ता, कृष्ण कुमार बंजारे और साहेब लाल बंजारे विक्रेता के पद पर नियुक्त थे।

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 50–55 साल, **कदः** 5'7", **लिंगः** पुरूष, **रंगः** गेहुँआ, **पहनावाः** नीले रंग की टी–शर्ट, ग्रे रंग की पैंट, बाथरूम चप्पल, **बरामदी स्थलः** ओखला रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं. 4, के एम पोल नं. 1526/23।

मृतक के शव को पहचान के लिए सब्जी मंडी दिल्ली की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **FIR/DD No. 45 A दिनांकः 28.05.2024 पुलिस स्टेशनः हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस स्टेशनः हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन रेलवे, दिल्ली**
**फ़ोनः 8750872318, 9891285751**

**DP/6514/Rly/2024**

## चिंतन

# जीडीपी की सबसे तेज दर आर्थिक मजबूती के संकेत

एक जून को आम चुनाव के सातवें व अंतिम चरण के चुनाव हैं, जिसमें 57 सीटों पर मतदान होगा, चुनाव से पहले कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में पीएम नरेंद्र मोदी के ध्यान को लेकर विपक्ष की राजनीति भी तेज है, कांग्रेस मामले को लेकर अदालत पहुंच गई है, इस सियासी पारे के बीच मतदान से ठीक एक दिन पहले आर्थिक मोर्चे पर शानदार खबर आई है। पूर्व के सभी अनुमानों को ध्वस्त करते हुए देश की अर्थव्यवस्था ने 8.2 फीसदी की दर रफ्तार भरी है। अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, पहली तिमाही अप्रैल-जून में 7.8 फीसदी, दूसरी तिमाही जुलाई- सितंबर में 7.6 प्रतिशत और तीसरी तिमाही अक्टूबर- दिसंबर में 8.6 फीसदी की दर से बढ़ी थी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रही थी। मूडीज, फिच, एसएंडपी, नोमुरा, रिजर्व बैंक, आईएमएफ आदि दिग्गज वित्तीय संस्थानों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी दर सात से आठ फीसदी के बीच रहने का अनुमान लगाया था। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च 2023 की जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत थी। जीडीपी निश्चित अवधि में देश की भौगोलिक सीमा के भीतर उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। भारत के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 प्रतिशत रही। अमेरिका की जीडीपी में सुधार हुआ है, पर वह भी 3 फीसदी से नीचे है। इस वक्त भारत की जीडीपी दर सबसे तेज है। हालांकि मूडीज रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और चुनाव के बाद नीतिगत निरंतरता रहने की उम्मीद पर भारत की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.8 प्रतिशत और 2025-26 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इसका मतलब है कि अगले दो वित्त वर्ष के दौरान मौजूदा की तुलना में जीडीपी दर में गिरावट देखने को मिलेगी। चूंकि भारत 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने को संकल्पित है, ऐसे में अगर जीडीपी दर में ढलान आएगी तो लक्ष्य मुश्किल होता जाएगा। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। मार्च में इन आठ उद्योगों की वृद्धि दर छह प्रतिशत थी जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 प्रतिशत रही थी। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली को बुनियादी उद्योगों में गिना जाता है। इनकी देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। राजकोषीय घाटा में भी सुधार दर्ज किया गया है। सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी का 5.63 प्रतिशत रहा। यह केंद्रीय बजट में जताये गये 5.8 प्रतिशत के अनुमान से कुछ कम है। रिजर्व बैंक ने कुछ दिन पहले ही सरकार को दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का रिकार्ड लाभांश दिया है। रिजर्व बैंक ब्रिटिश बैंक में रखे सौ टन सोना वापस लेकर आया है। वित्त मंत्री के मुताबिक, सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट कर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबा कर्ज वसूला है। खुदरा व थोक दोनों महंगाई दर नियंत्रण में हैं। साल भर जीएसटी का रिकार्ड कलेक्शन हुआ है। शेयर बाजार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इस तरह देखें तो हमारी अर्थव्यवस्था के सभी संकेतक मजबूत हुए हैं। चुनावी वर्ष में यह स्थिति सरकार के लिए राहतपूर्ण है।

## विडंबना
पंकज चतुर्वेदी



# स्वच्छ पेयजल पर सरकार को संजीदा होना होगा

वैसे तो इंदिरपुरम का वैभव खंड गाजियाबाद में आता है, लेकिन इसकी दिल्ली से दूरी बमुश्किल तीन किलोमीटर है। यहां साया गोल्ड एवेन्यू में दूषित पानी के कारण 762 लोगों को अब तक डायरिया हो चुका है। नहाने से त्वचा रोग के मरीज लगभग हर घर में हैं। हंगामा हुआ, पुलिस आई तो बात सभी के सामने खुल गई। त्रासदी यह है कि इतना हाल हुआ, उसके बाद भी 15 दिन बीत जाने पर वहां साफ पानी का इंतजाम हो नहीं पाया। वैसे तो गाजियाबाद-नोएडा-गुरुग्राम आदि में यह हाल लगभग हर ऊंची इमारतों वाली सोसायटी का है। अधिकांश में जल आपूर्ति भूमिगत जल से है और पीने के जल का आश्रय या तो बोतल बंद पानी से या फिर खुद के आरओ। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम के कोयलारी गांव में कुएं का दूषित पानी पीकर एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वहीं, 50 से अधिक लोग डायरिया की चपेट में आ गए। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर से भी कई बच्चों के दूषित जल पीने से बीमार होने की खबर है। प्यास के लिए कुख्यात बुंदेलखंड के टीकमगढ़ जिले के नयारा गांव में खुले कुएं का पानी पीने से एक बच्ची कि मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री के अपने जिले में दूषित जल से एक युवक मर गया, जबकि सैकड़ों बीमार हो गए। एक तरफ देश के हर हिस्से में बढ़ता तापमान समस्या बना है तो उसके साथ गर्मी से राहत का एकमात्र सहारा जल ही जहर बन गया है। देश के अलग-अलग हिस्से अब नल से बदबूदार पानी आने से परेशान हैं। गर्मी में पानी धरती के लिए प्राण है,लेकिन यदि जल दूषित हो तो यह प्राण हर भी सकता है। हमारे विकास के बड़े बड़े दावे कहीं जल जैसी मूलभूत सुविधा के सामने आकर ठिठक जाते हैं। अतीत में झांकें तो केंद्र सरकार की कई योजनाएं, दावे और नारे फाइलों में तैरते मिलेंगे, जिनमें भारत के हर एक नागरिक को सुरक्षित पर्याप्त जल मुहैया करवाने के सपने थे। इन पर अरबों खर्च भी हुए, लेकिन आज भी करीब 3.77 करोड़ लोग हर साल दूषित पानी के इस्तेमाल से बीमार पड़ते हैं। लगभग 15 लाख बच्चे दस्त से अकाल मौत मरते हैं। अंदाजा है कि पीने के पानी के कारण बीमार होने वालों से 7.3 करोड़ कार्य-दिवस बर्बाद होते हैं। इन सबसे भारतीय अर्थव्यवस्था को हर साल करीब 39 अरब रुपये का नुकसान होता है। नेशनल सैंपल सर्वे आफिस (एनएसएसओ) की 76वीं रिपोर्ट बताती है कि देश में 82 करोड़ लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक पानी मिल नहीं पा रहा है। देश के महज 21.4 फीसदी लोगों को ही घर तक सुरक्षित जल उपलब्ध है। पूरी दुनिया में, खासकर विकासशील देशों जलजनित रोग एक बड़ी चुनौती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ का अनुमान है कि अकेले भारत में हर रोज 3000 से अधिक लोग दूषित पानी से उपजने वाली बीमारियों का शिकार हो कर जान गंवा रहे हैं। यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं। पर्यावरण मंत्रालय और केंद्रीय एजेंसी 'एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली' द्वारा सन 2018 में पानी की गुणवत्ता पर करवाए गए सर्वे के मुताबिक राजस्थान में सबसे ज्यादा 19,657 बस्तियां और यहां रहने वाले 77.70 लाख लोग दूषित जल पीने से प्रभावित हैं। आईएमआईएस के मुताबिक पूरे देश में 70,736 बस्तियां फ्लोराइड, आर्सेनिक, लौह तत्व और नाइट्रेट सहित अन्य लवण एवं भारी धातुओं के मिश्रण वाले दूषित जल से प्रभावित हैं। इस पानी की उपलब्धता के दायरे में 47.41 करोड़ आबादी आ गई है। पेयजल से जहर के प्रभाव को शून्य करने के लिए जरूरी है कि पानी के लिए भूजल पर निर्भरता कम हो और नदी-तालाब आदि सतही जल में गंदगी मिलने से रोका जाए। कैसी विडंबना है कि समाज को 20 रुपये का एक लीटर पानी पीना मंजूर है, लेकिन पुश्तों से सेवा कर रहे जल-संसाधनों को सहेजने में लापरवाही। यह अंदेशा सभी को है कि पानी को लेकर सरकार और समाज को बेहद मशक्कत करनी होगी।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पंजाब में दांव पर दलों की साख



आम चुनाव
उमेश चतुर्वेदी

अठारहवीं लोकसभा का आखिरी और सबसे दिलचस्प मुकाबला पंज प्यारे के पंजाब में होना है। पांच नदियों की उपजाऊ माटी के मैदान पर एक जून को दिलचस्प मुकाबला होना है। दिलचस्प इसलिए कि कांग्रेस की अगुआई वाले इंडिया गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी यहां अलग लड़ रही है। पूरे देश में राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल मिलकर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते रहे हैं, लेकिन पंजाब में दोनों दलों के नेता आपस में ही लड़ रहे हैं। पंजाब का मुकाबला इसलिए भी रोचक है कि यहां बरसों तक साथ रहे शिरोमणि अकाली दल और भाजपा अलग-अलग लड़ रहे हैं। पंजाब का मुकाबला इसलिए भी ज्यादा रोचक हो गया है।

तपती गर्मियों के बीच अठारहवीं लोकसभा का आखिरी और सबसे दिलचस्प मुकाबला पंज प्यारे के पंजाब में होना है। पांच नदियों की उपजाऊ माटी के मैदान पर एक जून को दिलचस्प मुकाबला होना है। दिलचस्प इसलिए कि कांग्रेस की अगुआई वाले इंडिया गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी यहां अलग लड़ रही है। पूरे देश में राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल मिलकर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते रहे हैं, लेकिन पंजाब में दोनों दलों के नेता आपस में ही लड़ रहे हैं। पंजाब का मुकाबला इसलिए भी रोचक है कि यहां बरसों तक साथ रहे शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी अलग-अलग लड़ रहे हैं। पंजाब का मुकाबला इसलिए भी ज्यादा रोचक हो गया है, जहां कल तक कमल को खिलने से रोकने के लिए पंजा भिड़ाते रहे दिग्गज हाथ इस बार कमल खिलाने की कोशिश कर रहे हैं।

देश की सबसे ज्यादा उपजाऊ पंजाब की माटी को ही माना जाता है। यह बात और है कि रसायनों और कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल होने के चलते यहां की माटी दूषित भी हो गई है। इतनी कि कैंसर रोगियों की यहां बाढ़ आ गई है। पंजाब की सियासी माटी में पता नहीं कैंसर फैला है कि नहीं, लेकिन दूषित तो जरूर हो गई है। पंजाब के चुनावों पर असर डालने की कोशिश विदेशों में रह रहे खालिस्तानी उग्रवादी तक कर रहे हैं। खबरें यहां तक है कि भारत को तोड़ने की कोशिश में विदेशों से जुटे अलगाववादी तत्व एक खास दल को परोक्ष सहयोग दे रहे हैं। खुफिया ब्यूरो रह-रहकर इस सिलसिले में चेताता भी रहता है। यह बात जगजाहिर हो चुकी है कि एक बरस से ज्यादा वक्त तक चले किसान आंदोलन में पर्दे के पीछे से भी अलगाववादी ताकतें साथ दे रही थीं। पंजाब की धरती इन दिनों नशे के कारोबारियों की भी चपेट में है। वे राजनीति को भी नशे का डोज देने की कोशिश में लगे हुए हैं। पंजाब के चुनाव नतीजों पर इन सबका असर पड़े बिना नहीं रहेगा।

सोशल मीडिया पर अपनी तीव्र और आक्रामक पहुंच के जरिये आम आदमी पार्टी अपने नेता अरविंद केजरीवाल को प्रधानमंत्री पद तक पहुंचने का दावा अक्सर करती रहती है, लेकिन हकीकत यह है कि पार्टी महज 22 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। जिसमें सबसे ज्यादा तेरह सीटें पंजाब की ही हैं। दिल्ली की सात, हरियाणा की एक और गुजरात में एक सीट पर ही आप लड़ रही है। अब तक पंजाब में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन कैसा रहा है, इस पर ध्यान देना जरूरी है। 2019 के आम चुनावों में पार्टी को सिर्फ 7.38 प्रतिशत ही वोट मिले थे और उसे सिर्फ एक ही सीट पर जीत मिली थी, जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस को 40.12 प्रतिशत वोट और आठ सीटें मिली थीं। कांग्रेस की पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी शिरोमणि अकाली दल को 27.76 प्रतिशत वोट और दो सीटें मिलीं थी, जबकि तब उसकी सहयोगी रही बीजेपी को 9.63 प्रतिशत वोट और दो सीटें मिली थीं। पिछला चुनाव आम आदमी पार्टी के लिए नुकसानदायक रहा था, क्योंकि उसके पहले यानी 2014 के आम चुनावों में पार्टी को 24.4 प्रतिशत वोट और चार लोकसभा सीटें




मिली थीं। तब शिरोमणि अकाली दल को 26.30 प्रतिशत वोट और चार सीटें मिली थीं। तब सबसे उसकी सहयोगी रही बीजेपी को 8.70 प्रतिशत वोट और दो सीटें मिली थीं। सबसे ज्यादा यानी 33.10 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली कांग्रेस को महज तीन लोकसभा सांसद ही चुने जा सके थे।

इसी आम आदमी पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में बाजी पलट दी। तब उसे 42.10 प्रतिशत वोट और 117 सदस्यीय विधानसभा में 92 विधायक जिताकर देश को चौंका दिया था। पार्टी इसी वजह से मौजूदा लोकसभा चुनाव में उम्मीद लगा रखी है। यही वजह है कि उसने कांग्रेस के साथ यहां समझौता नहीं किया। अगर समझौता करती तो उसे साझा तरीके से लड़ना पड़ता। वैसे कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व भी ऐसी ही सोच के साथ आगे बढ़ता रहा। कांग्रेस ने अपने राज्य नेतृत्व के दबाव में साझा लड़ने की बजाय अकेले उतरने की तैयारी की। दोनों दलों के लिए अच्छी बात यह है कि पारंपरिक सहयोगी रहे शिरोमणि अकाली दल और बीजेपी अलग-अलग मैदान में हैं। दोनों दलों के बेहतर रिश्तों के दौर में बीजेपी हमेशा शिरोमणि अकाली दल के छोटे भाई की भूमिका में रही है। बीजेपी की इस भूमिका से नवजोत सिंह सिद्धू नाखुश रहते थे। वे बीजेपी को अग्रिम पंक्ति में लाना चाहते थे। इसी वजह से वे शिरोमणि अकाली दल के निशाने पर रहे। यहां यह याद करना जरूरी है कि राहुल गांधी को पप्पू की उपाधि उन्होंने ही दी थी। यह बात और है कि अब वे कांग्रेस के साथ हैं। अब सिद्धू बीजेपी से बाहर हैं, लेकिन बीजेपी छोटे भाई की भूमिका से आगे निकलकर राज्य में अपना स्थान बनाने की कोशिश में है। गठबंधन के दिनों में चूंकि पार्टी सीमित सीटों पर ही ध्यान केंद्रित करती रही, लिहाजा वह राज्य में नेतृत्व विकसित नहीं कर पाई। जब पार्टी ने खुद के दम पर मैदान में उतरने की सोची तो उसके पास उम्मीदवारों का अकाल नजर आया। लिहाजा उसने कांग्रेस के स्थापित नेतृत्व रहे लोगों की ओर निगाह डाली। अपनी पार्टी में वे लोग भी नाखुश थे तो बीजेपी ने उन्हें साथ जोड़ लिया। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़, पंजाब की पटियाला से सांसद रहीं परणीत कौर, पंजाब कांग्रेस के दिग्गज नेता रवनीत सिंह बिट्टू आदि को बीजेपी ने शामिल कर लिया और मैदान में उतार दिया। जो नेता महज दो साल पहले तक राज्य में कमल को खिलने से रोकते रहे, वे ही अब राज्य में कमल खिलाने की कोशिश में प्राणपण से जुटे हुए हैं।

पंजाब में बीजेपी की संभावना कम दिख रही है। किसान आंदोलन के चलते वह सबसे ज्यादा किसानों के निशाने पर भी रही है। राज्य में उसकी छवि शहरी पार्टी की ही रही है, लेकिन सभी शहरों में उसकी उपस्थिति नहीं रही। अब उसे राज्य की शहरी आबादी के साथ ही यहां की करीब 38 फीसदी हिंदू आबादी से उम्मीद है। अगर विपरीत परिस्थिति में भी वह अपना खाता खोल पाती है या राज्य की तेरह में से दो-तीन सीटें झटक लेती है तो भविष्य के लिए उसकी राह आसान हो जाएगी। वहीं कांग्रेस की कोशिश अपनी पुरानी स्थिति को बरकरार रखने की है। हालांकि इस बार ऐसा संभव नहीं लगता, क्योंकि उसका तकरीबन नब्बे फीसदी शीर्ष नेतृत्व उसका साथ छोड़ गया है। शिरोमणि अकाली दल को लेकर जनता का उत्साह खास नजर नहीं आ रहा है। रही बात आम आदमी पार्टी की तो स्वाति मालीवाल की पिटाई प्रकरण के बाद वह भी बैकफुट पर नजर आ रही है। हालांकि वह विधानसभा चुनाव जैसे नतीजे की उम्मीद में है, लेकिन राज्य से आ रही खबरें पार्टी के लिए इतनी सुकूनदायक नहीं हैं।

वैसे आखिरी फैसला मतदाता को ही करना है। एक जून को ईवीएम का बटन दबाकर वह करेगा। देखना यह है कि वह झाड़ू फिराता है या पंजे को मजबूत करता है या फिर कमल खिलाता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
## दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है। वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं- अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता। कर्म को कृष्ण ऐसा करना कहते हैं, जिसमें कर्ता का भाव है।

# अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रील्स न बने परेशानी का कारण

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं है। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए।
*– संजय जैन, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### कभी नहीं भूलेंगे



संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के लिए पिछले वर्ष 33 देशों के सहयोगियों ने शांति के लिए कीमत चुकाई। आज हमने उन्हें डैग हैमरस्कजॉल्ड मेडल से सम्मानित किया। हम उन्हें कभी नहीं भूलेंगे।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### शरणागति भाव में रहें



अपने अविनाशी स्वरूप का बोध होते ही अज्ञानजन्य दुःख स्वतः ही मिटने लगते हैं। आत्मज्ञान के साथ शरणागति भाव में रहें। अनन्य शरणागति साधक के मन का परिशोधन व अहंकार का शमन कर एकात्मता का प्रकटीकरण करती है।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### एक बार रुक कर सोचें



जब आप वोट डालने जाएं तो एक बार रुक कर जरूर सोचें। यह देश आपकी जिम्मेदारी है। हमारा लोकतंत्र, हमारा संविधान आपके अधिकारों को मजबूत करने के लिए बना। आज भाजपा संविधान बदलने की बात कर रही है। कल को कौन जाने ये क्या करेंगे?
-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### किसी को भी खतरा



दरअसल, अमेरिकी कानूनी व्यवस्था में जनता के विश्वास को आज बहुत बड़ी क्षति पहुंचाई गई है। यदि एक पूर्व राष्ट्रपति को ऐसे मामूली मामले पर दोषी ठहराया जा सकता है-जो न्याय के बजाय राजनीति से प्रेरित है-तो किसी को भी खतरा है।
-एलोन मस्क, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# मेजर राधिका सेन सच्ची नेता एवं आदर्श हैं: गुतारेस



संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कांगो में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवा दे चुकीं भारतीय महिला शांति रक्षक मेजर राधिका सेन को 'एक सच्ची नेता और आदर्श' बताते हुए कहा कि उनकी सेवा समग्र रूप से संयुक्त राष्ट्र के लिए एक योगदान है। कांगो गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन में सेवा दे चुकीं मेजर सेन को बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के मौके पर यहां विश्व निकाय के मुख्यालय में गुतारेस ने प्रतिष्ठित '2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' प्रदान किया। गुतारेस ने 'डैग हैमरस्कजॉल्ड' पदक और 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर' समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा, 'मेजर सेन एक सच्ची नेता और आदर्श हैं। उनकी सेवा समग्र रूप से संयुक्त राष्ट्र के लिए एक योगदान है। आइए, मेरे साथ मिलकर भारत की मेजर राधिका शर्मा को बधाई दीजिए। मुझे उन्हें 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' देते हुए बहुत गर्व हो रहा है। मेजर सेन भारतीय त्वरित तैनाती बटालियन की कमांडर के तौर पर मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक कांगो गणराज्य के पूर्व में तैनात थीं।

## ऑफ बीट

# आदिमानव का बड़ा दिमाग भोजन खोजने नहीं था



हमारे बड़े दिमाग के कारण, मानव और गैर-मानव वानर अधिकांश स्तनधारियों की तुलना में अधिक चालाक हैं। लेकिन कुछ प्रजातियों में सबसे पहले बड़े मस्तिष्क का विकास क्यों होता है? नरवानर के बड़े मस्तिष्क कैसे विकसित हुए, इसके लिए अग्रणी परिकल्पना में एक फीडबैक लूप शामिल है: होशियार जानवर भोजन को अधिक कुशलता से खोजने के लिए अपनी बुद्धि का उपयोग करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अधिक कैलोरी मिलती है, जो बड़े मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करने के लिए ऊर्जा प्रदान करती है। इस विचार का समर्थन उन अध्ययनों से मिलता है जिनमें मस्तिष्क के आकार और आहार के बीच एक संबंध पाया गया है – विशेष रूप से, किसी जानवर के आहार में फल की मात्रा। फल एक उच्च शक्ति वाला भोजन है, लेकिन जानवरों के लिए एक जटिल पहेली पैदा करता है। विभिन्न फलों की प्रजातियाँ वर्ष के अलग-अलग समय पर पकती हैं और एक जानवर की घरेलू सीमा में फैली होती हैं। जिन जानवरों को इस तरह के अत्यधिक परिवर्तनशील भोजन की आवश्यकता होती है, उनके बड़े मस्तिष्क विकसित होने की अधिक संभावना हो सकती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## सरकार बनाने के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष कर रहे 'साधना'

# इंडिया गठबंधन एडवांस प्लानिंग में जुटा एनडीए देवी-देवताओं की शरण में पहुंचा

*कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के द्वारा शनिवार को दिल्ली में बैठक बुलाई गई है। वहीं 'निश्चिंत' जीत के लिए भाजपा के प्रमुख नेता देवी-देवताओं के दर पर पहुंचे...*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले ही इंडिया गठबंधन एडवांस प्लानिंग में जुट गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के द्वारा शनिवार को दिल्ली में बैठक बुलाई गई है। गठबंधन के सभी शीर्ष नेताओं ने इस बैठक के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है।

विपक्षी गठबंधन से अलग होकर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने वाली टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने इस बैठक से किनारा कर लिया है। लेकिन उन्होंने किसी प्रतिनिधि को भेजने का फैसला किया है। कांग्रेस की मेजबानी में बैठक में शरद पवार से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती, नेशनल कॉफ्रेंस से फारुख अब्दुल्ला, डीएमके से तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, जेएमएम से सीएम चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन और आप के अरविंद केजरीवाल शामिल होंगे। शिवेसना (यूबीटी) की जगह पर पार्टी का प्रतिनिधि शिरकत करेगा।



### रिजल्ट के बाद के हालात पर करेंगे मंत्रणा

*इंडिया गठबंधन की यह बैठक चुनाव नतीजे के बाद की परिस्थितियों को लेकर हो रही है। इस बैठक में चुनाव के बाद आपस में एकजुटता बनाए रखने की नहीं बल्कि नए पार्टनर को भी गठबंधन में लाने के रोडमैप पर चर्चा होगी। बैठक से पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में जीत मिलने के बाद इंडिया गठबंधन 48 घंटे के अंदर अपने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार तय कर लेगा। ऐसे में इंडिया गठबंधन में पीएम के नाम पर सहमति बनाने से ज्यादा नए छत्रपों को साथ लेने की जरूरत है ताकि सरकार बनाने वाली स्थिति बनती है तो फिर नंबर गेम में पीछे न रह जाएं।*

### खरगे ने किया खुलासा

#### राहुल गांधी प्रधानमंत्री के लिए मेरी पसंद

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने को लेकर बड़ी बात कही है। खरगे ने कहा कि इस आम चुनाव में इंडिया गठबंधन अगर भारतीय जनता पार्टी को हरा देता है तो प्रधानमंत्री राहुल गांधी बनेंगे। उन्होंने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने पर जोर दिया था, जबकि प्रियंका ने खुद चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। यही वजह रही कि रायबरेली से राहुल गांधी को चुनाव लड़ना पड़ा और प्रियंका गांधी ने अपने भाई के चुनाव प्रबंधन की कमान संभाली। खरगे ने ये बात एक इंटरव्यू के दौरान कही। खरगे ने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव से पहले दो 'भारत जोड़ो यात्रा' का नेतृत्व किया था। साथ ही चुनाव के दौरान बड़े स्तर पर प्रचार किया था। उन्होंने अक्सर अपने सहयोगियों के साथ मंच साझा किया और पीएम नरेंद्र मोदी पर सीधे हमले किए। ऐसे में वो शीर्ष पद के लिए लोकप्रिय विकल्प हैं। वे प्रधानमंत्री पद के लिए राहुल गांधी मेरी पसंद हैं। वह युवाओं तथा पूरे देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। हालांकि, पिछले महीने उन्होंने जोर देकर कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने निर्णय लिया है कि हम एक साथ लड़ रहे हैं। जीतने के बाद गठबंधन संयुक्त निर्णय लेगा कि प्रधानमंत्री कौन होगा?

### उधर कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद का तंज

#### एक शिकायत '4' जून को भी करनी पड़ेगी



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत और जयराम रमेश की प्रेस वार्ता पर चुटकी ली है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर प्रमोद कृष्णम ने एक पोस्ट लिखा जिसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। दरअसल एक प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि हमने 77 दिनों में चुनाव आयोग से 117 शिकायतें कीं। ये शिकायतें आचार संहिता समेत कई अन्य उल्लंघनों के बारे में थीं। इनमें 14 शिकायतें नरेंद्र मोदी, 8 शिकायतें सीएम योगी और 3 शिकायतें गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ की गईं लेकिन कई ऐसी शिकायतें हैं, जिनपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कांग्रेस के इसी पोस्ट पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने लिखा- एक शिकायत '4' जून को भी करनी पड़ेगी।

### एनडीए ने ली भगवान की शरण

#### अयोध्या में पीएम के 'हनुमान' ने उठा ली गदा, शाह और नड्डा भी भक्ति में डूबे

सातवें चरण का प्रचार भी थम गया है। इसके साथ ही कुछ राज्यों में विधानसभा के चुनाव भी शनिवार को होने हैं। चार जून को चुनावी नतीजे घोषित होंगे। पीएम मोदी के अलावा गृहमंत्री अमित शाह आंध्र प्रदेश में व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हिमाचल प्रदेश में परिवार सहित मंदिर पहुंचे। उन्होंने भी भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद मांगा।

### नड्डा ने किए मंदिर में दर्शन



शिमला। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा परिवार सहित हिमाचल प्रदेश पहुंचे। उन्होंने यहां पर बिलीसपुर में कुलदेवी मंदिर और आदिशक्ति मां नैना देवी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। उन्होंने वहां परिवार के साथ पूजा अर्चना कर मां से आशीर्वाद मांगा।

### शाह ने तिरुमाला के दर्शन किए



केंद्रीय गृहमंत्री व सहकारिता मंत्री अमित शाह सपत्नीक आंध्र प्रदेश पहुंचे। उन्होंने वहां तिरुमाला मंदिर व श्री वेंकटेश्वर स्वामी (तिरुपति बालाजी) मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान वह पूरी तरह से साउथ की पारंपरिक पोशाक में ही नजर आए।

### मोदी के 'हनुमान' हनुमानगढ़ी में



पीएम नरेंद्र मोदी के 'हनुमान' कहे जाने वाले दिवंगत रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान परिवार संग अयोध्या पहुंचे और हनुमानगढ़ी में बजरंगबली के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने यहां गदा भी उठाई।

### जयराम रमेश का दावा



#### इंडी गठबंधन को निर्णायक बहुमत मिलने जा रहा

जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का चुनाव प्रचार बहुत ही सकारात्मक था। ये 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का परिणाम है। कांग्रेस ने 23 जनवरी से 16 मार्च तक देश के सामने 5 न्याय और 25 गारंटी रखी। इसके माध्यम से श्रमिक न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, हिस्सेदारी न्याय, नारी न्याय की बात की गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जनता को 5 न्याय और 25 गारंटी दी है। इसके साथ ही हमने संविधान की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि 4 जून को इंडी गठबंधन को निर्णायक बहुमत मिलने जा रहा है।

### कांग्रेस नेता का बड़ा दावा



#### अघोरियों से कर रहे बात, विरोधी करा रहे शत्रु भैरवी यज्ञ

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने दावा किया कि उनके, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ केरल के एक मंदिर में 'शत्रु भैरवी यज्ञ' नामक अनुष्ठान किया जा रहा है, जिसमें पशुओं की बलि दी जाती है। किसी का नाम उजागर किए बगैर आरोप लगाया कि कर्नाटक में कुछ नेता यह काम करा रहे हैं और इसके लिए अघोरियों की मदद ली जा रही है। शिवकुमार ने एक ब्रेसलेट पहना हुआ था और जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि केरल में मेरे खिलाफ और हमारी सरकार के खिलाफ एक बहुत बड़ा प्रयोग चल रहा है। किसी ने मुझे लिखित में इस बारे में जानकारी दी है।

---


## खबर संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामला, फैसला सुरक्षित



**इलाहाबाद।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में कई दिनों से चल रही सुनवाई के बाद अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुरक्षित रख लिया है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह केस में दाखिल सिविल वादों की पोषणीयता पर चल रही सुनवाई शुक्रवार को करीब दो घंटे के बाद पूरी हुई।

### स्टील इंडस्ट्री को बढ़ावा 2 दिनी सम्मेलन खत्म



**रांची।** भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में मेकॉन लिमिटेड और सेल 30 और 31 मई को रांची में इस्पात पर एक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया, जिसका फोकस पूंजीगत वस्तुओं पर है। इसका उद्देश्य इस्पात उद्योग के प्रतिभाशाली लोगों और अग्रणी स्टेकहोल्डर्स को एक साथ लाना है, जिसमें प्रौद्योगिकी प्रदाता, इस्पात उत्पादक, निर्माता व अन्य शामिल हैं।

### हरियाणा में पहली बार हुआ बंदर का मोतियाबिंद ऑपरेशन

**हिसार।** हिसार में एक सरकारी स्वास्थ्य विवि ने पहली बाद बंदर के मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया है जिससे वह देखने लगा। बिजली के झटके से जलने के बाद बंदर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 'पशु शल्य चिकित्सा विभाग के प्रमुख आर एन चौधरी ने कहा कि कई दिनों के उपचार के बाद वह स्वस्थ हो गया। संभवतः देश में यह अपनी तरह का पहला मामला है। उनके अनुसार लेकिन डाक्टरों ने पाया कि बंदर देख नहीं पा रहा है। बंदर की दोनों आंखों में सफेद मोतियाबिंद हो गया था। चौधरी ने कहा कि शल्य चिकित्सा के बाद बंदर अब देख पा रहा है।

---

### हाल-बेहाल : देश के 7 राज्यों में हीटवेव ने कर दिया लोगों को बेहाल

# यूपी में 160, बिहार में 65 लोगों की गई जान देश भर में अब तक 270 से अधिक मौतें

#### देशभर के अधिकतर जिलों में तापमान 42 डिग्री से ऊपर चल रहा



आईएमडी के अनुसार जल्द मिलेगी राहत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में प्रचंड लू चल रही है। इससे लोग बेहाल हैं। इससे 270 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में ही 160 से अधिक की जानें गई हैं।

यूपी में 162, बिहार में 65 और ओडिशा में 41 लोगों की मौत गुरुवार तक हो गई। झारखंड की राजधानी रांची में भी 11 लोगों की जान चली गई। ओडिशा में 41 लोगों की मौत की खबर है। सुंदरगढ़ में 17, संबलपुर में 8, झारसुगुड़ा में 7, बोलनगीर में 6 और राज्य के अन्य हिस्सों में तीन लोगों की हीटस्ट्रोक से मौत हो गई। सुंदरगढ़ जिले में हीटस्ट्रोक से हुई 17 संदिग्ध मौतों में से राउरकेला में 12 मौतें दर्ज की गईं। जिले के विभिन्न अस्पतालों में 30 लोगों का इलाज चल रहा है।

#### यूपी-बिहार में आंधी पानी का मौसम

मौसम विभाग ने यहां आरेंज अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी यूपी में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी चलने के भी आसार हैं। इसके अलावा, बिहार में 1 जून से नमीयुक्त पुरवा के चलने के आसार जताए हैं।

#### पंजाब, हरियाणा में गर्मी का प्रकोप जारी

हरियाणा के सिरसा और पंजाब के फरीदकोट में तापमान गुरुवार को 49.1 डिग्री और 48.3 डिग्री दर्ज किया गया। चंडीगढ़ में 44.9 डिग्री सेल्सियस रहा। पंजाब के अन्य स्थानों में भी भीषण गर्मी रही। इस दौरान बठिंडा में 46.4, अमृतसर में 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

#### राजस्थान में भीषण गर्मी जारी

राजस्थान के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट के बावजूद भीषण गर्मी का दौर जारी है। गंगानगर में गुरुवार को अधिकतम तापमान 48.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

#### पूर्वांचल में 80 लोगों की गई जान

यूपी के पूर्वांचल में हीटवेव से देर रात तक 80 लोगों की मौत हो गई। अकेले वाराणसी में ही 34 लोगों ने जान गंवा दी। आजमगढ़ में 16, मिर्जापुर में 10, गाजीपुर में नौ, जौनपुर में चार, चंदौली में तीन, बलिया-भदोही में दो-दो की गर्मी के कारण मौत हो गई। बुंदेलखंड व मध्य यूपी में लू के कारण 41 लोगों की जान चली गई।

#### बिहार के कई जिलों में 'आग'

बिहार के कई जिले भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों से परेशान हैं। झुलसाने वाली गर्म हवा से राज्य में 65 लोगों की मौत हुई। सबसे अधिक 15 लोगों की मौत औरंगाबाद में हुई है। इसके बाद रोहतास के सात, कैमूर के पांच, बेगूसराय के एक, बरबीघा के एक और सारण में एक-एक मौत शामिल हैं।

#### रांची में 11 की मौत

झारखंड में प्रचंड गर्मी का प्रकोप गुरुवार को भी जारी रहा। राज्य के 18 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। राज्य के विभिन्न हिस्सों में लू की चपेट में आने से बीते 24 घंटों के दौरान 11 लोगों की मौत हो गई।

---

### 1 जून से कई वित्तीय नियमों में होगा बदलाव

# ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आरटीओ का चक्कर अब नहीं लगाना होगा

सरकार ने ट्रैफिक नियम के उल्लंघन करने पर की सख्ती




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर नए महीने में कई वित्तीय नियम बदल जाते हैं। एक जून से भी नियमों में बदलाव हो होने वाला है। चिलचिलाती गर्मी के बीच जून महीने में रसोई गैस सिलेंडर, बैंकों की छुट्टियां, आधार कार्ड में अपडेट और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों में परिवर्तन होने वाले हैं। इन बदलावों का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है।

#### ड्राइविंग लाइसेंस के लिए मिलेगी निजात

नए महीने से ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने के लिए आरटीओ में ही टेस्ट देना अनिवार्य नहीं रह जाएगा। अब सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त निजी संस्थानों में भी ड्राइविंग टेस्ट दे सकते हैं। इससे लोगों को बहुत राहत मिलेगी।

#### नाबालिग ने गाड़ी चलाई तो भारी जुर्माना

नए यातायात नियमों के तहत ट्रैफिक नियमों को और कड़ा किया जा रहा है। 18 साल से कम उम्र के लोगों पर ट्रैफिक नियम के उल्लंघन करने या उनके वाहन चलाने पर 25 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस रद्द होगा। साल तक नया लाइसेंस भी जारी नहीं किया जाएगा। तेजगाड़ी चलाने पर 1000 से 2000, बिना लाइसेंस चलाने पर 500, हेलमेट न पहनने पर 100 और सीट बेल्ट नहीं पहनने पर 100 रुपए का जुर्माना लगेगा।

#### एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में परिवर्तन संभव

हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस सिलेंडर समेत अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें नए सिरे से तय की जाती हैं। पेट्रोलियम कंपनियां इसका ऐलान महीने के आखिरी दिन मध्यरात्रि को करती हैं। ऐसे में उम्मीद है कि 1 जून को पेट्रोलियम कंपनियां एलपीजी समेत पेट्रोल डीजल की कीमतों में बदलाव कर सकती हैं।

---

### हॉट सीट केंद्रपाड़ाः भाजपा व बीजद के बीच वर्चस्व की सियासी जंग में दिलचस्प मुकाबला

# भाजपा के बैजयंत पांडा के सामने पिछली हार का बदला चुकता करने का मौका

ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा की केंद्रपाड़ा लोकसभा सीट पर एक जून शनिवार को दिलचस्प चुनाव होने के आसार है, जहां सत्तारुढ़ बीजद और भाजपा अकेले दम पर चुनाव मैदान में है। बीजद ने यहां से मौजूदा सांसद एवं ओडिया फिल्म अभिनेता अनुभव मोहंती का टिकट काटकर कांग्रेस छोड़कर आए अंशुमन मोहंती को नए चेहरे के रूप में चुनावी जंग में उतारा है।

भाजपा ने इस सीट से दो बार सांसद रह चुके बैजयंत जय पांडा को एक बार फिर से प्रत्याशी बनाकर चुनावी जंग में उतारा है। इस सीट पर पिछले छह दशकों से जीत का इंतजार करने वाली कांग्रेस ने यहां एक बार फिर से सिद्धार्थ स्वरूप दास को प्रत्याशी बनाकर किस्मत आजमाई है। हालांकि इस सीट पर मुख्य



सिद्धार्थ स्वरुप



बैजयंत जय पांडा



अंशुमन मोहंती

मुकाबला भाजपा और बीजद प्रत्याशी के बीच ही माना जा रहा है, लेकिन बसपा ने इस चुनाव को त्रिकोणीय जंग बनाने के मकसद से अपना मजबूत प्रत्याशी उतारा है। इस बार के चुनाव में भाजपा के बैजयंत पांडा के लिए पिछले चुनाव की हार का बदला चुकता करने का मौका है।

यह तो चुनावी नतीजों से ही तय होगा कि इस सीट पर किस दल का प्रत्याशी बाजी मारेगा?ओडिशा में भाजपा और सत्तारूढ़ बीजद मिलकर चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन बीजद ने ऐनवक्त पर अकेले दम पर चुनाव लड़ने का फैसला किया। भाजपा ने भी अकेले दम पर बीजद की रणनीति को चुनौती देने तमाम ताकत झोंक दी। यहां विधानसभा सीटों के लिए भी हो रहे चुनाव में भी भाजपा ने राज्य की सत्ता परिवर्तन के लक्ष्य से अपने उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा है। इसलिए ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव बेहद दिलचस्प और रोमांचक हैं। भाजपा के लिए केंद्रपाड़ा लोकसभा की सीट अहम है, जहां बीजद के टिकट पर लगातार दो बार सांसद रह चुके पांडा पर दूसरी बार भरोसा जताया है, जो पिछला चुनाव हार गये थे। केंद्रपाड़ा के दायरे में आने वाली सात विधानसभा क्षेत्रों में कटक जिले के सालीपुर, महांगा और केंद्रपाड़ा जिले की पटकुरा, केंद्रपाड़ा, औल, राजनगर, महाकालपाड़ा विधानसभा सीट आती हैं, जिन पर फिलहाल बीजद के विधायक काबिज हैं। इन सातों सीटों पर भी एक जून को मतदान होना है, तो भाजपा इन दोनों स्तर के चुनावों में बीजद को कड़ी चुनौती दे रही है। इस सीट पर भाजपा, बीजद, कांग्रेस और बसपा के अलावा कई छोटे दलों और तीन निर्दलीयों समेत कुल दस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। गौरतलब है कि केंद्रपाड़ा लोकसभा सीट पर आजादी के बाद पहले चुनाव की जीत के बाद कांग्रेस आज तक जीत दर्ज नहीं कर पाई है।

#### चुनावी इतिहास

ओडिशा की केंद्रपाडा लोकसभा सीट पर आजादी के बाद पहले चुनाव 1952 से लेकर 2014 के बीच 18 चुनाव हो चुके हैं, जिसमें से छह बार बीजू जनता दल के सांसद निर्वाचित हुए हैं, जबकि चार बार जनता पार्टी, तीन-तीन बार जनता दल और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी जीत हासिल कर चुकी है। पहले चुनाव में यहां कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, लेकिन उसके बाद इस सीट पर कांग्रेस एक भी चुनाव नहीं जीत सकी है। इसके बाद यहां लगातार तीन बार प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी सांसद रहे। 1971 में यहां उत्कल कांग्रेस के सुरेन्द्र मोहंती ने बाजी मारी। जबकि 1977 से 1984 तक इस सीट पर बीजू पटनायक लगातार तीन बार जनता पार्टी के सांसद रहे। साल 1985 में यहां उपचुनाव में जनता पार्टी के सरत कुमार देब निर्वाचित हुए। जबकि 1989 और 1991 का चुनाव जनता दल के प्रत्याशी रबी रे तथा 1996 का चुनाव जीतकर श्रीकांत जेना ने जनता दल को जीत दिलाई।

#### मतदाताओं का चक्रव्यूह

ओडिशा की केंद्रपाड़ा लोकसभा सीट पर दस प्रत्याशियों के सामने 17,92,723 मतदाताओं के चक्रव्यूह को भेदने की दरकार होगी। इसमें 9,27,182 पुरुष मतदाता और 8,65,541 महिला मतदाता हैं। संसदीय क्षेत्र में 18-19 आयुवर्ग के 42,189 नए युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे।

#### क्या है जातीय समीकरण

केंद्रपाड़ा लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा करीब 50 फीसदी ओबीसी मतदाता हैं, जबकि 20.7 अनुसूचित जाति, 1.54 अनुसूचित जनजाति के अलावा मुस्लिम 6 फीसदी के अलावा बाकी अन्य जातियों के मतदाता हैं। खासबात ये है कि ओडिशा में करण जाति में पटनायक और मोहंती आते हैं, जिनकी आबादी करीब दस प्रतिशत होने के बावजूद ओडिशा की राजनीति में पिछले साढ़े चार दशक से इन्हीं का दबदबा है।

- पिछली तिमाही में 8.6 प्रतिशत रही थी
- वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी अर्थव्यवस्था
- चीन की आर्थिक वृद्धि दर मार्च तिमाही में 5.3 प्रतिशत रही

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किया आंकड़ा

# देश की अर्थव्यवस्था ने भरी रफ्तार 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी जीडीपी

*देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही जो एक साल पहले की समान तिमाही में 6.2 प्रतिशत थी।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तुलना में मार्च तिमाही की वृद्धि रफ्तार में नरमी आई है। दिसंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 8.6 प्रतिशत की उच्च दर से बढ़ी थी। जीडीपी निश्चित अवधि में देश की भौगोलिक सीमा के भीतर उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में देश की जीडीपी 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

### एनएसओ ने अपना अनुमान सुधारा

वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रही थी। एनएसओ ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। आर्थिक मोर्चे पर भारत के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 प्रतिशत रही है।



### मूडीज ने जीडीपी दर बढ़ने का अनुमान बढ़ाया

मूडीज रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और चुनाव के बाद नीतिगत निरंतरता रहने की उम्मीद पर भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वर्ष 2023 में 7.7 प्रतिशत बढ़ी थी, जबकि 2022 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर थी।

### उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में गिरा

कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली को बुनियादी उद्योगों में गिना जाता है। इनकी देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में गिर गया जबकि कोयला, इस्पात और सीमेंट क्षेत्रों की वृद्धि दर में सुस्ती दर्ज की गई। कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 प्रतिशत रह गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 9.1 प्रतिशत थी।

### वृद्धि की गति जारी रहेगी : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि शानदार है और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी वृद्धि की गति जारी रहेगी। शुक्रवार को जारी हुए आंकड़ों के मुताबिक जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी या मार्च तिमाही में 7.8 प्रतिशत रह सकती है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में 2023-24 के दौरान 9.9 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जो इस क्षेत्र के लिए मोदी सरकार के प्रयासों की सफलता को दर्शाता है।

### राजकोषीय घाटा सुधरकर जीडीपी के 5.63 प्रतिशत पर

सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष में जीडीपी का 5.63 प्रतिशत रहा। यह केंद्रीय बजट में जताये गये 5.8 प्रतिशत के अनुमान से कुछ कम है। वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा यानी व्यय और राजस्व के बीच अंतर 16.53 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार ने एक फरवरी को पेश अंतरिम बजट में 2023-24 के संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटा 17.34 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

# एनएसई ने लांच किया निफ्टी ईवी एंड न्यू एज आटोमोटिव इंडेक्स



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के प्रमुख शेयर बाजारों में से एक नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनियों के लिए देश का पहला सूचकांक शुरू किया है। इस नए सूचकांक को निफ्टी ईवी एंड न्यू एज ऑटोमोटिव इंडेक्स नाम दिया गया है। इस नए सूचकांक की शुरुआत के बारे में एनएसई ने एक बयान में जानकारी दी। निफ्टी ईवी एंड न्यू एज ऑटोमोटिव इंडेक्स नाम से इस नए सूचकांक की शुरुआत 30 मई से की गई। यह भारत में पहली बार हुआ है, जब इलेक्ट्रिक व्हीकल और नए जमाने की वाहन कंपनियों के लिए खास इंडेक्स शुरू किया गया हो।

### इस कारण की गई शुरुआत

एनएसई यानी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने बताया कि इंडेक्स की शुरुआत उसकी सब्सिडियरी एनएसई इंडिसेज लिमिटेड ने की। इस नए इंडेक्स का लक्ष्य ईवी इकोसिस्टम के तहत आने वाली कंपनियों के प्रदर्शन को ट्रैक करने का है। ईवी इकोसिस्टम में आने वाली उन कंपनियों के प्रदर्शन को इस इंडेक्स के माध्यम से ट्रैक किया जाएगा, जो नए जमाने की वाहन कंपनियों या उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी का विकास करने में जुटी हुई हैं।

### ऐसे शेयरों को मिलेगी जगह

निफ्टी ईवी एंड न्यू एज ऑटोमोटिव इंडेक्स के लिए 2 अप्रैल 2018 को बेस डेट माना गया है और इंडेक्स की बेस वैल्यू 1000 तय की गई है। इस इंडेक्स में शामिल होने वाले शेयरों की नियमित अंतराल पर समीक्षा की जाएगी। इस इंडेक्स में उन्हीं कंपनियों के शेयरों को जगह मिलेगी, जो निफ्टी 500 इंडेक्स का हिस्सा होंगे।

## अपोलो अस्पताल के लाभ में 76 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** अपोलो हॉस्पिटल्स का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में 76 प्रतिशत बढ़कर 254 करोड़ रुपये रहा। अस्पताल चलाने वाली कंपनी ने इससे पूर्व वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में 144 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चौथी तिमाही में परिचालन आय बढ़कर 4,944 करोड़ रुपये हो गयी। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 4,302 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में 899 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया। एक साल पहले यह 819 करोड़ रुपये था।

## बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर 6.2 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल महीने में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अच्छी रही है। मार्च में इन आठ उद्योगों की वृद्धि दर छह प्रतिशत थी जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 प्रतिशत रही थी। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली को बुनियादी उद्योगों में गिना जाता है। इनकी देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में गिर गया जबकि कोयला, इस्पात और सीमेंट क्षेत्रों की वृद्धि दर में सुस्ती दर्ज की गई।

# शेयर बाजार पांच दिनों की गिरावट से उबरा सेंसेक्स 75 अंक चढ़ा

- चुनाव पूर्व सतर्कता की वजह से गिरावट थमी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में चुनाव-पूर्व सतर्कता की वजह से पिछले पांच सत्रों से जारी गिरावट शुक्रवार को थम गई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच बैंकों और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स 75 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि मतदान प्रक्रिया का अंतिम दौर आने के साथ ही अब निवेशकों की नजरें एक्जिट पोल के आंकड़ों पर टिक गई हैं। इस दौरान चुनिंदा क्षेत्रों में खरीदारी आने से बाजार में हल्की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 75.71 अंक बढ़कर 73,961.31 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी गिरावट के दौर से उबरने में सफल रहा और 42.05 अंक यानी 0.19 प्रतिशत बढ़कर 22,530.70 अंक पर बंद हुआ।

**सबकी निगाहें एग्जिट पोल पर:** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'चुनावी नतीजों से पहले की रणनीति खत्म हो चुकी है और अब सबकी निगाहें एग्जिट पोल के आंकड़ों पर टिकी होंगी।



### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के समूह में शामिल टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ नेस्ले इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), मारुति सुजुकी इंडिया, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर में गिरावट दर्ज की गई।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 900वें बैंकिंग आउटलेट का किया भव्य उद्घाटन

**मुंबई।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने खुंटी, रांची, झारखंड में बैंक के 900वें आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। यह मील का पत्थर व्यापक विस्तार का हिस्सा है, जिसमें आज बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में 7 नए आउटलेट खोले गए हैं। इसके साथ ही, अब बैंक झारखंड में 81 बैंकिंग आउटलेट्स और पूरे देश में कुल 903 आउटलेट्स का संचालन करता है।अब खुंटी, रांची के ग्राहक बैंक के विभिन्न उत्पादों और सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इनमें बचत खाता, चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट, रिकरिंग डिपॉजिट और विभिन्न ऋण उत्पाद जैसे



आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा, और निवेश उत्पाद शामिल हैं। बैंक की विस्तृत अवसंरचना, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क समग्र ग्राहक सेवा प्रदान करने का उद्देश्य रखता है।विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, ₹आज हमारे लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि हमने झारखंड के खुंटी, रांची में बैंक के 900वें बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन किया। झारखंड हमारे लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है, और बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में हमारे 7 नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन इन क्षेत्रों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

## मुथूट फाइनेंस का शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** मुथूट फाइनेंस लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 1,182 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में स्वर्ण वित्त कंपनी का शुद्ध लाभ 1,009 करोड़ रुपये रहा था। मुथूट फाइनेंस के एकीकृत परिणाम में इसकी अनुषंगी कंपनियों- मुथूट होमफिन, बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस, मुथूट मनी, मुथूट इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड और एशिया एसेट फाइनेंस कंपनियों को भी शामिल किया गया है। मुथूट फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी मार्च तिमाही में बढ़कर 4,179 करोड़ रुपये रही है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,298 करोड़ रुपये थी। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का खर्च बढ़कर 2,594 करोड़ रुपये हो गया है, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,943 करोड़ रुपये था।

## अपोलो अस्पताल के लाभ में 76 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** अपोलो हॉस्पिटल्स का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में 76 प्रतिशत बढ़कर 254 करोड़ रुपये रहा। अस्पताल चलाने वाली कंपनी ने इससे पूर्व वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में 144 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चौथी तिमाही में परिचालन आय बढ़कर 4,944 करोड़ रुपये हो गयी। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 4,302 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में 899 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया। एक साल पहले यह 819 करोड़ रुपये था। आलोच्य वित्त वर्ष में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 19,059 करोड़ रुपये रही जो इससे पूर्व 2022-23 में 16,612 करोड़ रुपये थी।

# कीट डीम्ड विश्वविद्यालय का विशेष दीक्षांत समारोह

- "मंगोलिया में कीट की तरह मंगोलिया में भी महिलाओं को महत्त्व देता हुआ₹ : भारत में मंगोलिया के राजदूत

**भुवनेश्वर।** केआईआईटी, कीट डीम्ड विश्वविद्यालय के विशेष दीक्षांत समारोह में प्रेरक भाषणों और संस्थान की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता दी गई। भारत में मंगोलिया के राजदूत श्री गनबोल्ड डंबजय सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने शिक्षा और महिला सशक्तिकरण में विश्वविद्यालय के योगदान की सराहना की। हर साल, केआईआईटी डीयू में पढ़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए एक विशेष दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाता है। महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों के लिए कीट - कीस और कीम्स की प्रशंसा करते हुए श्री दंबजय ने कहा, ₹किसी भी घर में असली ताकत महिलाओं की होती है। मेरे देश में, महिलाएं समाज में एक प्रमुख भूमिका निभाती हैं। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि कीस ने लड़कियों को आत्म-सशक्तिकरण की दिशा में भी अवसर प्रदान किए। समय



के साथ, वे समाज को महत्त्वपूर्ण लाभ पहुंचाएंगे।" उन्होंने युवा स्नातकों को अपनी कड़ी मेहनत और समाज के प्रति समर्पण से दुनिया को जीतने के लिए प्रोत्साहित किया। राजदूत श्री दंबजय ने भारत और मंगोलिया के बीच ऐतिहासिक और आध्यात्मिक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ₹मंगोलियाई-भारतीय संबंध 2000 साल पुराने हैं। उन्होंने कहा, ₹मंगोलिया-भारतीय संबंध 2000 साल पुराने हैं। नालंदा विश्वविद्यालय में भिक्षु अध्ययन करने आते थे और वह भी ऐसे समय में जब परिवहन के कोई साधन नहीं थे।

## हमारे एआई-आधारित भाषा शिक्षण मॉडल ने गूगल, ओपनएआई को पीछे छोड़ा:जीवीएआई

**नई दिल्ली।** घरेलू स्वास्थ्य सेवा स्टार्टअप जीवीएआई ने शुक्रवार को कहा कि उसके एआई आधारित भाषा शिक्षण मॉडल ने गूगल तथा ओपनएआई के मशीन लर्निंग एल्गोरिदम को पीछे छोड़ दिया है और वैश्विक सूचकांक पर नंबर एक स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग ओपन मेडिकल एलएलएम लीडरबोर्ड द्वारा दी गई है। यह स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र-केंद्रित बड़े भाषा मॉडल के प्रदर्शन को 'ट्रैक' और मूल्यांकन करता है। ओपन मेडिकल एलएलएम लीडरबोर्ड को एआई मंच हगिंग फेस, एडिनबर्ग विश्वविद्यालय और ओपन लाइफ साइंस एआई द्वारा होस्ट किया गया है। सह-संस्थापक एवं चेयरमैन जी. वी. संजय रेड्डी ने कहा, '' यह किसी भारतीय कंपनी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। जीवी में हमारा मिशन दुनिया भर में सभी के लिए बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है। हमारा एलएलएम दुनिया भर में सर्वश्रेष्ठ है, जिससे हमें बहुत गर्व और आत्मविश्वास मिलता है क्योंकि हम जीवी को एक अरब से अधिक लोगों तक पहुंचाने की तैयारी कर रहे हैं।'' कंपनी अगस्त 2024 में जीवी मेडएक्स पेश करने की भी योजना बना रही है।

### केनरा बैंक को बांड से 8500 करोड़ जुटाने की अनुमति

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में बांड के जरिए 8,500 करोड़ रुपये जुटाने को मंजूरी दी है। इस पूंजी का उपयोग कारोबार वृद्धि के लिए किया जाएगा। बासेल तीन मानकों के अनुरूप अतिरिक्त टियर-1 बांड के जरिए 4,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने को मंजूरी दे दी है।

## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

ज्योतिष

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रूकावट
ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा,
A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

### स्काई गोल्ड के लाभ में दो गुना बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आभूषण कंपनी स्काई गोल्ड लिमिटेड का मजबूत बिक्री के दम पर वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 13.6 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) में शुद्ध लाभ 6.1 करोड़ रुपये था। स्काई गोल्ड लिमिटेड 18 और 22 कैरेट सोने के हल्के आभूषण बनाती है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सोने में 50 रुपए की तेजी, चांदी 500 रुपए टूटा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 50 रुपये की बढ़त के साथ 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 500 रुपये टूटकर 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही। बृहस्पतिवार को यह 96,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने की कीमत (24 कैरेट) 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जो पिछले बंद भाव से 50 रुपये अधिक है। विदेशी बाजारों में, कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,341 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर अधिक है। गांधी ने कहा कि शुक्रवार को सोने में थोड़ी तेजी आई। इसका कारण अमेरिका में पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़े को लेकर निराशा है, जो अर्थव्यवस्था में नरमी का संकेत देता है। हालांकि, चांदी की कीमत 31.20 डॉलर प्रति औंस रही। पिछले कारोबारी सत्र में यह 31.65 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**अभियोग संख्या 286 दिनांक 14.05.24 धारा 365 भा०द०स० थाना कुण्डली जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**




**नाम-** रिंकी
**पिता /-** रामअधार
**पता-** वासी जहानाबाद थाना बंसंता, जिला लालगंज वैशाली राज्य बिहार हाल झुगी बस्ती, नजदीक पाल डेंटल क्लीनिक ड्रैन 8 कुण्डली जिला सोनीपत।
**उम्र-** 15 वर्ष
**कद-** 4 फुट 6 ईंच
**हुलिया:-** रंग सांवला, चेहरे पर निशान, गोल चेहरा, पतला शरीर।
**पहनावा -** गुलाबी रंग का टोप, निले रंग की जिंस, पैरों में पायल, गले मे चैन पहने हुये।
**दिनांक 10/11.05.24 को** रिंकी पुत्री रामअधार पता-वासी जहानाबाद थाना बंसंता, जिला लालगंज वैशाली राज्य बिहार हाल झुगी बस्ती, नजदीक पाल डेंटल क्लीनिक ड्रैन 8 कुण्डली जिला सोनीपत बिना बताये घर से कही पर चली गई है। अगर किसी थाना / व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी मिलती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करे।
प्रबन्धक थाना कुण्डली मो0न0- 7419410536
अनुसंधानकर्ता मो० न०- 9991094381
कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-2222903

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत। Dt. 31-05-24**

पीआरडीएच-1084/11/2400/2025/26426/88/7 दि. 31.05.24

## शब्द पहेली - 5528




**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 5527 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | क | पू | र | ■ | अ | च | र | ज |
| ज | य | ■ | रा | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | त | ला |
| ना | ■ | अ | मा | न | त | ■ | र | वा | ■ | व |
| न | सी | ह | | ■ | व | ह | ■ | म | का | न |
| खा | ■ | म | ■ | र | न | र | ■ | ■ | ल | ■ |
| ना | म | क | र | ण | ■ | स | ला | ह | का | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | वी | रा | ना | ■ | र | ■ | ज |
| का | न | न | ■ | र | ज | ■ | | जा | प्र | त |
| म | ■ | र | ज | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ | प |
| का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ | ज | ■ | प | ट |
| ज | न | म | त | ■ | ना | ट | क | का | र | ■ |



## खबर संक्षेप



### ध्वजवाहक चुने जाने पर हैरानी हुई थी

**नई दिल्ली।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने शुक्रवार को कहा पेरिस ओलंपिक के लिए जब उन्हें ध्वजवाहक चुना गया था तो वह हैरान हो गये थे। शरत से जब भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा कराई गई 'वर्चुअल' में पूछा गया कि जब ध्वजवाहक की घोषणा हुई तो उन्हें कैसे लगा। इस पर उन्होंने कहा, 'मैं हैरान था। मैं राष्ट्रमंडल खेलों में ध्वजवाहक बना हूं जो बहुत ही गर्व का पल होता है। लेकिन पेरिस ओलंपिक के लिए यह जिम्मेदारी दिया जाना थोड़ा हैरानी भरा था क्योंकि इसमें ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा भी हैं जो पदक के दावेदार हैं।'

### यूरोप में दो महीने की ट्रेनिंग करेंगे नीरज

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने गुरुवार को मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यूरोप में 60 दिन की ट्रेनिंग लेने की योजना को मंजूरी दे दी जिसमें उनके साथ कोच क्लॉस



बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह भी होंगे। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई ने एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट के हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया।

### रथिका हांगकांग चैलेंज स्क्वाश के क्वार्टर में हारी

**नई दिल्ली।** भारत की रथिका सुथांथीरा हांगकांग पीएसए चैलेंज कप स्क्वाश प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त सेहवीत्रा कुमार से हार गईं। छठी वरीयता प्राप्त रथिका ने पिछले सप्ताहांत इंदौर



में एचसीएल स्क्वाश टूर में अपना पहला पेशेवर स्क्वाश एसोसिएशन टूर खिताब जीता था, लेकिन अपने इस प्रदर्शन को वह यहां नहीं दोहरा पाई। इस भारतीय खिलाड़ी को अपने से अधिक रैंकिंग की मलेशियाई खिलाड़ी से 11-6, 11-8, 11-6 से हार का सामना करना पड़ा।

### प्रणव, दिव्या करेंगे भारत की अगुवाई

**गांधीनगर।** अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा, भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद और अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख शनिवार को यहां शुरू होने वाली फिडे विश्व जूनियर शतरंज



चैंपियनशिप में खिताब के बड़े दावेदार होंगे। चौदह जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 46 देशों के 230 खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें कई ग्रैंडमास्टर है। गुजरात राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित की जा रही चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और युवा प्रतिभाओं को अपनी चमक बिखरने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।

### भारत दौरे पर द.अफ्रीका की कप्तानी करेंगी लौरा

**जोहानिसबर्ग।** शीर्ष क्रम की बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड को 16 जून से शुरू हो रहे भारत दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट और वनडे टीमों का कप्तान नियुक्त किया गया। यह दौरा बेंगलुरु में तीन वनडे मैच से शुरू



होगा। इसके बाद मेहमान टीम चेन्नई में एकमात्र टेस्ट और टी20 मैच खेलेगी जिनके लिए टीम की घोषणा बाद में की जायेगी। दक्षिण अफ्रीका अनुभवी लौरा गुडॉल, क्लो ट्रायन और अयांडा हलुबी के बिना खेलेगी क्योंकि ये तीनों अभी चोट से उबर रही हैं।

# टी20 विश्व कप : भारत का अभ्यास मैच आज, बांग्लादेशी टीम के खिलाफ खुद को परखने का मिलेगा बड़ा मौका

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

भारतीय टीम टी20 विश्व कप में पांच जून को होने वाले अपने शुरुआती मुकाबले से पहले शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच के लिए मैदान पर उतरेगी। इस मैच में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बल्ले से प्रभावी योगदान देकर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे तो वहीं अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का साथी बनने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस टीम के सभी 15 खिलाड़ी अपनी-अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी के नियमित एकादश के सदस्य हैं। इनमें से किसी भी खिलाड़ी को प्रतिभा के मामले में कम नहीं आंका जा सकता लेकिन विश्व कप के 13 साल के सूखे को खत्म करने के लिए टीम की सबसे बड़ी चुनौती सही संयोजन को ढूंढने की होगी।

### टूर्नामेंट का आगाज कल, अमेरिका-कनाडा के बीच होगा पहला मुकाबला

#### कोहली नहीं खेलेंगे अभ्यास मैच

विराट कोहली इस मैच के शुरू होने से कुछ समय पहले अमेरिका पहुंचेंगे ऐसे उनके इस मैच को खेलने की संभावना कम है। भारतीय टीम बाकी के सभी 14 खिलाड़ियों को इस मैच में आजमाना चाहेगी क्योंकि इस मुकाबले को आधिकारिक मान्यता नहीं मिली है। टीम के अधिकांश सदस्यों को आईपीएल के बाद दो सप्ताह का विश्राम मिला है। ऐसे में यह सभी खिलाड़ियों के लिए लय परखने का अवसर होगा।



#### यशस्वी हो सकते हैं बाहर, दुबे को मिलेगा मौका !





कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दो ऐसे क्षेत्र है जहां विवेकपूर्ण निर्णय लेने की आवश्यकता होगी। यशस्वी जायसवाल के लय में होने के बाद भी एकादश में जगह देना एक मुद्दा होगा क्योंकि इससे शिवम दुबे जैसे पावर-हिटर को बाहर बैठना पड़ सकता है। पहले से माना जा रहा है कि जायसवाल को बाहर बैठना पड़ सकता है क्योंकि इससे न केवल विराट कोहली और रोहित शर्मा को पारी का आगाज करने का मौका मिलेगा बल्कि आखिरी ओवरों में सहजता से बड़े शॉट खेलने वाले दुबे को एकादश में मौका मिलेगा।

#### गेंदबाजों को लेकर बढ़ी चिंता

भारत के लिए दूसरी शुरुआती समस्या जसप्रीत बुमराह के साथ तेज गेंदबाजी करने वाले को तय करना होगा। अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज दोनों आईपीएल अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं दिखे। ऐसे में हरफनमौला हार्दिक पंड्या का महत्व बढ़ जाता है। टीम को उनसे इस मामले में अपने कोटे के चार ओवर डालने की उम्मीद होगी। भारतीय टीम के सामने इस अभ्यास मैच में धीमी पिच पर शाकिब अल हसन और मेहदी हसन के साथ बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान से निपटने की चुनौती होगी।

#### पिच पर तेजी से ढलने की उम्मीद

यहां नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की तारीफ करते हुए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच से पूर्व उनकी टीम को पिच और हालात के अनुकूल ढलना होगा। अभ्यास मैच इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत के मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10.30 पर शुरू होंगे और आईपीएल में दिन रात के मैच खेलने के बाद अब खिलाड़ियों को दिन के मैचों की आदत डालनी होगी। रोहित ने कहा, 'हम हालात को समझने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम यहां पहले खेले नहीं हैं। हम कोशिश यही करेंगे कि पांच जून को पहले मैच से पूर्व हालात के अनुकूल ढल सकें। मैदान और पिच का अनुभव लेने के साथ ही यहां लय भी पकड़ लेंगे।'

### वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को 35 रन से हराया



**पोर्ट आफ स्पेन।** निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही आस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच में 35 रन से हराया। आस्ट्रेलिया ने नामीबिया के साथ पहले अभ्यास मैच के बाद एक बार फिर नौ खिलाड़ियों को ही उतारा। चयनकर्ता जॉर्ज बेली और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने फील्डिंग के दौरान ही पूरी टीम उतारी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने पूरन के 25 गेंद में 75 रन और कप्तान पॉवेल के 25 गेंद में 52 रन की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 257 रन बनाए। शेरफान रदरफोर्ड ने 18 गेंद में नाबाद 47 रन बनाए। जवाब में आस्ट्रेलियाई टीम सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी।

# फ्रेंच ओपन : बारिश के बाद उलटफेर की बौछार, कसात्किना और अजारेंका बाहर

एजेंसी ⏭ पेरिस

बारिश के कारण देर रात तक चले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मैचों में कई उलटफेर देखने को मिले जिसमें अमेरिका की गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स की 10वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसात्किना पर जीत भी शामिल है। स्टर्न्स को अपनी बारी के लिए पूरे दिन इंतजार करना पड़ा लेकिन यह मैच जब रात नौ बजे के बाद शुरू हुआ तो इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने ठंड, नमी और धीमी परिस्थितियों से अच्छी तरह से सामंजस्य बिठाया तथा 17 फोरहैंड विनर्स लगाकर कसात्किना को 7-5, 6-2 से हराया।

पूरे दिन भर में 55 मैच खेले गए जिनमें अंतिम मैच रात एक बजे के बाद समाप्त हुआ। इस मैच में रूस की 17 वर्ष की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां 19वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। एंड्रीवा का अगला मुकाबला स्टर्न्स से होगा, जिसमें विजेता रहने वाली खिलाड़ी पहली बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचेगी।



#### 25वें वरीय टियाफो बाहर

पुरुष वर्ग में उलटफेर का शिकार बनने वाले खिलाड़ियों में 25वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो और 31वें वरीय मारियानो नवोन शामिल हैं। टियाफो को उनके मित्र डेनिस शापोवालोव ने 6-7 (4), 6-4, 6-2, 6-4 ने पराजित किया।

#### ओस्टापेंको को मिली हार

महिला वर्ग में जिन अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता देखना पड़ा उनमें 2017 की चैंपियन और यहां नौवीं वरीय येलेना ओस्टापेंको भी शामिल हैं जिन्हें डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने 7-6 (4), 4-6, 6-3 से पराजित किया। इस टूर्नामेंट में 11वीं वरीयता प्राप्त डेनियल कोलिन्स सर्बियाई क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच से 6-7 (3), 7-5, 6-4 से हार गईं जबकि 23वीं वरीय अन्ना कालिंस्काया को बियांका एंड्रीस्कू ने 1-6, 7-5, 6-3 से बाहर का रास्ता दिखाया।

### भारतीय एकादश में यशस्वी और शिवम को मिले जगह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूर्व आक्रामक बल्लेबाज सुरेश रैना ने कहा कि टी20 विश्व कप में टूर्नामेंट में जीत की संभावना को बढ़ाने के लिए यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को अंतिम एकादश में जगह देना चाहिए। रैना ने यहां तीन जुलाई से इंग्लैंड में आयोजित होने वाले पूर्व क्रिकेटरों के टूर्नामेंट 'वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स' के लिए भारतीय लीजेंड टीम की घोषणा के मौके पर कहा, 'मैं पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टी20 श्रृंखला देख रहा था। इसमें इंग्लैंड की टीम बेखौफ क्रिकेट खेल रही थी। इस प्रारूप में कुछ भी संभव है। वहां की पिचें भी धीमी होंगी। मैं चाहूंगा कि जायसवाल टीम में हो। विराट को तीसरे क्रम पर खेलना चाहिए। वहां की पिचें धीमी होगी ऐसे में आपको दौड़कर रन चुराने वाले एक बल्लेबाज की जरूरत होगी। विराट को 'रन मशीन' और 'चेज मास्टर' कोहली बोलते है। टीम में आखिरी ओवरों के लिए ऋषभ पंत और शिवम दुबे जैसे बड़े शॉट खेलने वाले बल्लेबाज है।'

### त्रिसा और गायत्री की जोड़ी ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

सिंगापुर ओपन



एजेंसी ⏭ सिंगापुर

त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की उभरती हुई भारतीय महिला जोड़ी ने सिंगापुर ओपन बैडमिंटन में उलटफेर जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया की किम सो योंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को शिकस्त दी।

गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मैराथन मुकाबले को 18-21, 21-19 24-22 से अपने नाम किया। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री ने इससे पहले अंतिम-16 दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की दक्षिण कोरियाई टीम बाएक हा ना और ली सो ही को शिकस्त दी थी।

इस 'बीडब्ल्यूएफ सुपर 750' स्तर की स्पर्धा के खिताबी दौड़ भारत के लिए सिर्फ त्रिसा और गायत्री को जोड़ी ही बची है। भारतीय जोड़ी के सामने शनिवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जापान की जोड़ी की चुनौती होगी।

# आज तैयारियों को पुख्ता करने उतरेंगे भारतीय निशानेबाज

एजेंसी ⏭ म्यूनिख

भारतीय निशानेबाज पेरिस ओलंपिक से पहले शनिवार से यहां शुरू होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप (पिस्टल/राइफल) में अपनी तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेंगे। भारत के कई निशानेबाजों ने हाल में नई दिल्ली और भोपाल में लगभग एक महीने तक चले ट्रायल्स में भाग लिया था और वे ओलंपिक की तैयारी करने के लिए इस विश्व कप में नहीं खेलना चाहते थे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने विश्व कप में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है और ऐसे में पिस्टल और राइफल निशानेबाज इस प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए अपनी तैयारी को परखना चाहेंगे। ऐसे समय में जबकि कई अन्य देशों ने पेरिस ओलंपिक के



लिए अपनी टीम घोषित कर दी है तब भारत अभी तक अपनी टीम की घोषणा नहीं कर पाया है। यह वास्तव में अजीबो गरीब है क्योंकि निशानेबाजों को लय हासिल करने में समय लगता है।

### ओमान के खिलाफ गेंदबाजी नहीं करेंगे मिचेल मार्श

**बारबडोस।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने शुक्रवार को कहा कि कप्तान मिचेल मार्श ओमान के खिलाफ छह जून को टी20 विश्व कप के पहले मैच में गेंदबाजी नहीं करेंगे और सिर्फ बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे। आईपीएल के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट का शिकार हुए मार्श ने नामीबिया और



वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों अभ्यास मैच खेलकर क्रमशः 18 और चार रन बनाए। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'उसने अभ्यास मैच खुद को परखने के लिए खेला। दूसरे अभ्यास मैच में उसने ज्यादा देर फील्डिंग की जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। वह पहला मैच खेलेगा लेकिन गेंदबाजी नहीं करेगा।'

# नॉर्वे शतरंज : वैशाली ने क्रैमलिंग को हराया, आर प्रज्ञानानंदा हारे

एजेंसी ⏭ स्टवांगर

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने स्वीडन की अनुभवी ग्रैंडमास्टर पिया क्रैमलिंग को हराकर नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, लेकिन उनके भाई आर प्रज्ञानानंदा चौथे दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से हार गए।

वैशाली की क्लासिकल वर्ग में यह दूसरी जीत है और उन्होंने 2.5 अंक की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। इस भारतीय खिलाड़ी के कुल 8.5 अंक हो गए हैं। उनके बाद महिला विश्व चैंपियन चीन की वेनजुन जू और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। पुरुष वर्ग में विश्व के



नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी फैबियानो कारूआना के को हराया। पुरुष वर्ग में इस दिन सभी मैच का परिणाम निकला। भारतीय स्टार प्रज्ञानानंदा को जहां नाकामुरा से हार का सामना करना पड़ा वहीं फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा ने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लीरेन को हराया। इस 1,61,000 डालर इनामी इस प्रतियोगिता में चौथे दौर के बाद नाकामुरा सात अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। वह अलीरेजा से आधा अंक आगे हैं।

### मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

# निशांत देव ने कटाया पेरिस ओलंपिक का टिकट

एजेंसी ⏭ बैंकॉक

निशांत देव (71 किग्रा) शुक्रवार को मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस में होने वाले खेलों का कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पिछले क्वालीफायर्स में मामूली अंतर से ओलंपिक का टिकट कटाने से चुके निशांत ने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया। भारत ने इस तरह से मुक्केबाजी में ओलंपिक के लिए चौथा कोटा स्थान हासिल किया। निशांत से पहले महिला मुक्केबाज निकहत





जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का कर चुकी हैं। अमित पंघाल (51 किग्रा) और सचिन सिवाच (57 किग्रा) भी अपने-अपने वर्ग में पेरिस कोटा के काफी करीब पहुंच गए हैं। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में पांच कोटा स्थान दांव पर लगे थे।

#### निशांत की आक्रामक जीत

टूर्नामेंट में अभी तक अपना दबदबा बनाए रखने वाले निशांत ने फिर से आक्रामक शुरुआत की और शुरू से ही दनादन मुक्के जड़कर अपने प्रतिद्वंद्वी को पस्त कर दिया। सेबोटारी ने दूसरे राउंड में हावी होने की कोशिश की लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने सटीक मुक्के जड़ना जारी रखा। तीसरे और अंतिम राउंड में दोनों मुक्केबाज थके हुए नजर आए लेकिन निशांत ने तब भी अपनी आक्रामकता बनाए रखी। निशांत के नीचे गिरने पर सेबोटारी ने उन पर मुक्का जड़ा जिसके लिए उन्हें एक अंक भी गंवाना पड़ा। अंकुशिता बोरो की एग्नेस एलेक्सियसन से 2-3 से हार के साथ ही भारत की महिलाओं के 60 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदें भी समाप्त हो गई।

#### आईबीए से अलग हुआ भारत, विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने शुक्रवार को निलंबित आईबीए से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से निपटने के लिए विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिए जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं।'

# टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे लामिछाने





एजेंसी ⏭ काठमांडू

नेपाल के शीर्ष लेग स्पिनर संदीप लामिछाने टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ने अमेरिका ने दूसरी बार उनके वीजा आवेदन को नामंजूर कर दिया। अमेरिका ने पिछले सप्ताह उनका वीजा आवेदन नामंजूर कर दिया था। इसके बाद नेपाल सरकार और नेपाल क्रिकेट संघ ने दोबारा आवेदन किया था।

नेपाल क्रिकेट संघ ने बयान ने कहा, 'आवश्यक पहल करने के बावजूद अमेरिकी दूतावास ने राष्ट्रीय खिलाड़ी लामिछाने को वीजा देने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है।' लामिछाने को एक 18 वर्षीय युवती के साथ बलात्कार के आरोप में 2022 में गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद नेपाल क्रिकेट संघ ने उन्हें निलंबित कर दिया था। लामिछाने को इस साल जनवरी में दोषी पाया गया था, लेकिन 'सबूतों के अभाव' में उन्हें बरी कर दिया गया और क्रिकेट संघ ने उन्हें फिर से क्रिकेट खेलने की अनुमति दे दी थी।

## घटनास्थल पर राहत एवं बचाव का कार्य शुरू



*उत्तरकाशी के डबरानी के पास पत्थरों के नीचे दबे लोगों को बचाने के लिए राहत बचाव का कार्य जारी है। इसके लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लगाई गई हैं।*

# गंगोत्री हाईवे के पास गिरी चट्टान, एक की मौत आठ घायल, बचाव के लिए पहुंची एनडीआरएफ टीम

एजेंसी ▶▶ उत्तरकाशी

उत्तरकाशी के गंगोत्री हाईवे के पास डबरानी में अचानक आज एक चट्टान टूटकर गिर गई। इसके चलते चट्टान के नीचे कई लोग दब गए। इस हादसे के चलते एक की मौत हो गई, और 8 लोग घायल हुए हैं। घटना की सूचना में मिलने के तुरंत बाद ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने राहत बचाव शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार डबरानी के पास जिस जगह चट्टान टूटी है, वहां एक पहाड़ी में आग भी लगी है। जानकारी के अनुसार इस हादसे की सूचना मिलने के बाद ही प्रशासन के लोग वहां पहुंचे और राहत बचाव का कार्य शुरू कर दिया। प्रशासन के मुताबिक इस हादसे में प्रभावित लोगों को हर्षित अस्पतला में भर्ती कराया गया है। इलाके में अभी भी पत्थर गिर ही रहे हैं।

### घायलों को अस्पताल में लाया गया

शुक्रवार को ही उत्तरकाशी के सिल्कायर में स्थित वन विभाग के बंगले के पास एक बस सड़क दुर्घटना का शिकार हुई थी। इसमें घायल हुए लोगों को ब्रह्मखाल अस्पताल लाया गया है। बताया जा रहा है कि बस में सवाल लोग गंगोत्री दर्शन के लिए जा रहे थे और उस दौरान ही बस हादसे का शिकार हो गई। बस में करीब 40 यात्री सवार थे, जिनमें से 15 लोगों को हल्की चोट आई हैं। वहीं बस को मशीनों के जरिए हटाकर सड़क से अलग किया है। सभी यात्री कर्नाटक के हैं और तीर्थस्थलों पर दर्शन के लिए आए थे।

### प्रशासन ने रोक दिया ट्रैफिक

पत्थरों के गिरने की वजह पहाड़ी में लगने वाली आग को बताया जा रहा है। प्रशासन ने घटनास्थल पर राहत एवं बचाव का कार्य शुरु किया है, जिसके चलते प्रशासन ने ट्रैफिक रोक दिया है। जानकारी के मुताबिक गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग डबरानी के पास फिलहाल रुका है, जिसके चलते पर्यटक जहां के तहां फंस गए हैं। प्रशासन की ओर से हादसे की कारणों की विस्तृत जांच भी कराई जाएगी।

### वाहन क्षतिग्रस्त आवाजाही ठप

चट्टान गिरने से एक निजी बोलेरो वाहन, एक बाइक, एक मारुति, जेसीबी मशीन, पानी का टैकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। इतना ही नहीं, 8 लोग बुरी तरह घायल भी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक अभी तक पत्थरों का गिरना जारी है, जिसके चलते एहतियातन प्रशासन ने ट्रैफिक को सिक्योर स्थानों पर रोककर आवाजाही ठप करवा दी है।

---

**चेकिंग ऑपरेशन 2 घंटे से भी ज्यादा समय तक चला**

# विस्तारा फ्लाइट में बम की धमकी के बाद श्रीनगर एयरपोर्ट पर रोका विमान

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर




दिल्ली से श्रीनगर जा रही विस्तारा की फ्लाइट में शुक्रवार को बम की धमकी मिली, जिसमें 177 यात्री और एक बच्चा सवार था। इस पर एयरलाइन और सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई की। फ्लाइट संख्या-यूके-611 को रात लगभग 12:10 बजे श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षित रूप से उतारा गया।

*दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट में गुरुवार को 24 घंटे की देरी हो गई थी*


## 24 घंटे लेट हुई फ्लाइट, यात्रियों का दावा-बिना एसी बेहोश हुए लोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट में गुरुवार को 24 घंटे की देरी हुई। इस वजह से यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। यात्रियों ने दावा किया कि लोग जहां पर बैठकर फ्लाइट का इंतजार कर रहे थे, वहां एसी भी नहीं चल रही थी, इस वजह से कुछ लोग बेहोश हो गए। कई यात्रियों ने




यह अनुभव शेयर करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। बताया गया कि ऑपरेशनल समस्याओं की वजह से फ्लाइट में देरी हुई। इसके बाद, एयर इंडिया ने सभी यात्रियों को पूरा पैसा वापस करने और होटल में ठहरने की सुविधा देने की पेशकश की है। इधर, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया की दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों की देखभाल न करने के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



### डोनाल्ड ट्रंप दोषी करार, 11 जुलाई को सुनाई जाएगी सजा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हश मनी मामले में दोषी करार दिए गए हैं। 12 सदस्यों की जूरी ने हश मनी मामले के 34 आरोपों में डोनाल्ड ट्रंप को दोषी माना है। अमेरिका के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को आपराधिक मामले में दोषी ठहराया गया है। ट्रंप की सजा पर 11 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। दोषी पाए जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप की मुसीबत बढ़ गई है।

---

**इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पूछा- फिर विदेशी जमीन पर क्यों तैनात किए सैनिक?**


*पाकिस्तान के एक सरकारी वकील ने ही चौंकाने वाला दावा किया*

# पाक सरकार का कबूलनामा 'पीओके' क्षेत्राधिकार में नहीं

*इस्लामाबाद हाईकोर्ट में पाकिस्तान के एक सरकारी वकील ने ही चौंकाने वाला दावा किया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को पाकिस्तान आजाद कश्मीर कहता है जिसपर अब उसने बड़ा बयान दिया है। भारत इसे अपना अभिन्न अंग मानता है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने पीओके को लेकर खुद की ही पोल खोल दी है। दरअसल, इस्लामाबाद हाईकोर्ट में पाकिस्तान के एक सरकारी वकील ने ही चौंकाने वाला दावा किया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को पाकिस्तान आजाद कश्मीर कहता है, जिसपर अब उसने बड़ा बयान दिया है। भारत इसे अपना अभिन्न अंग मानता है।



### सरकारी वकील ने खोल दी पोल

*फेडरल प्रॉसिक्यूटर जनरल (सरकारी वकील) इस्लामाबाद से अगवा कवि अहमद फरहाद को लेकर सरकार का बचाव कर रहे थे। वो 'आजाद कश्मीर' में 2 जून तक रिमांड पर रहेंगे। सरकारी वकील ने कहा कि उसे इस्लामाबाद कोर्ट के सामने पेश नहीं किया जा सकता क्योंकि आजाद कश्मीर हमारा नहीं बल्कि एक विदेशी क्षेत्र है।*

### पाकिस्तान के पत्रकार ने जताई नाराजगी

पाकिस्तानी पत्रकार ने इस दावे पर नाराजगी जताई है और कहा कि ये दावा न्यायिक प्रणाली और 'आजाद कश्मीर' की स्थिति पर कई सवाल खड़े कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर आजाद कश्मीर हमारा नहीं है तो पाकिस्तान को एक विदेशी क्षेत्र में सैनिकों की तैनाती और प्रशासन का अधिकार कैसे मिला।

### कई पहलुओं पर गहन चर्चा की

पाकिस्तान और चीन के विदेश मंत्रियों की पांचवी रणनीतिक वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने सीपीईसी सहित अपने द्विपक्षीय संबंधों के कई पहलुओं पर गहन चर्चा की. इशाक डार और वांग यी ने मुख्य हितों के मुद्दों पर एक-दूसरे को समर्थन जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### हाईकोर्ट ने भी किया सवाल

हाईकोर्ट भी सरकारी वकील के दावे पर हैरान हुआ और उसने कहा कि अगर "आजाद कश्मीर" एक विदेशी क्षेत्र है, तो फिर पाकिस्तानी रेंजर्स यहां पाकिस्तान से कैसे प्रवेश कर गए।

---

## खबर संक्षेप

### किम जोंग ने कई रॉकेट लॉन्चर प्रदर्शनों को देखा



**प्योंगयांग ।** उत्तर कोरिया की संप्रभुता का उल्लंघन करने वाले दक्षिण कोरिया के कदमों के जवाब में उत्तर कोरिया की विशाल मल्टीपल रॉकेट इकाइयों ने किम जोंग के आदेश पर रॉकेट लॉन्चर प्रदर्शनों को देखा। जानकारी के अनुसार केसीएनए ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केसीएनए की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के महासचिव और उत्तर कोरिया के राज्य मामलों के अध्यक्ष किम जोंग उन ने कहा कि यह गोलीबारी यह दिखाने के लिए की गई।

### नेपाल: सेना ने पहाड़ों पर 2 और शव बरामद किए



**काठमांडू।** पहाड़ों पर कचरा इकट्ठा करने के लिए भेजी गई नेपाल सेना की टीमों ने दो और शव बरामद किए हैं, जिसमें एक शव दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट क्यूमोलांगमा पर मिला है। एक शव माउंट क्यूमोलांगमा पर 8,420 मीटर की ऊंचाई पर बरामद किया गया। दूसरा शव दुनिया की चौथी सबसे ऊंची चोटी माउंट ल्होत्से पर 7,900 मीटर पर पाया गया। 16 मई को सेना की टीमों ने दो अन्य शव और कंकाल के अवशेष बरामद किए।

### भारत के विदेश मंत्रालय ने मुक्त व्यापार समझौते पर मालदीव के मंत्री के दावे को किया खारिज

**नई दिल्ली।** दरअसल पिछले हफ्ते मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने माले में प्रेस कान्फ्रेंस में कहा था, 'वे (भारत) मालदीव के साथ साफ्टा (दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार समझौता) के अतिरिक्त एफटीए भी करना चाहते हैं।' बता दें की मुक्त व्यापार समझौता देशों के बीच व्यापार से जुड़ा समझौता होता है जिसमें संबंधित पक्ष एक दूसरे से आयात पर शुल्क एवं अन्य बाधाएं कम करते हैं। इससे उनके बीच व्यापार सुगमता से होता है। भारत ने दुनिया के 25 देशों के साथ 14 व्यापार समझौते किए हैं और 50 से अधिक देशों के साथ नए समझौते करने की तैयारी में जुटा है।

---

**बचाव पक्ष ने पुलिस हिरासत मांगने पर जताई आपत्ति**

## पुणे पोर्शे मामला : नाबालिग के पिता और दादा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶ पुणे

पुणे के चर्चित पोर्शे कार दुर्घटना मामले में एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को मामले में शामिल नाबालिग के पिता और दादा को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उनके खिलाफ अपने ड्राइवर के कथित अपहरण और गलत तरीके से बंधक बनाने का आरोप है। रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल और उनके पिता को पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) ए ए पांडे की अदालत में पेश



किया गया। 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर इलाके में जब लग्जरी पोर्शे कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मारी तो ड्राइवर पोर्शे में नाबालिग के साथ था। हादसे में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत हो गई थी। कथित तौर पर ड्राइवर को दुर्घटना का दोष अपने ऊपर लेने की धमकी दी थी।

### अस्पताल में ब्लड सैंपल बदलने का आरोप

*वहीं नाबालिग को 5 जून तक एक ऑब्जर्वेशन होम में भेजा गया है। इस मामले ने नया मोड़ तब आया जब पुलिस ने कहा कि नाबालिग के ब्लड सैंपल को ससून जनरल अस्पताल में बदल दिया गया था, अस्पताल में फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के तत्कालीन प्रमुख डॉ. अजय तावड़े, चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हरनोल और कर्मचारी अतुल घटकांबले को गिरफ्तार किया है।*

### पाकिस्तान में लड़कियों के चार स्कूल जला दिए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लगातार लड़कियों के स्कूलों को निशाना बनाया जा रहा है। सुराब जिले में कुछ हथियारबंद लोगों ने लड़कियों के लिए बने माध्यमिक स्कूल पर हमला कर उसमें आग लगा दी। यह एक हफ्ते में इस तरह की चौथी घटना है। वहीं सोमवार को वजीरिस्तान में गोल्डन एरो गर्ल्स मिडिल स्कूल में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी थी। फिर मंगलवार को उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकवादियों ने एक गर्ल्स स्कूल को आग के हवाले कर दिया था। इसके बाद बुधवार देर रात किल्ली धंब तहसील में कुछ अज्ञात लोगों ने एक स्कूल के स्टाफ रूम में आग लगा दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाई।

---

**14 दिन की हिरासत में भेजा गया**

## एयर होस्टेस ने 960 ग्राम सोना प्राइवेट पार्ट में छिपाया, गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। सोने की तस्करी करने के आरोप में एक एयर होस्टेस को गिरफ्तार किया गया है। एयर इंडिया की एयर होस्टेस सुरभि खातून पर आरोप है कि वह अपने प्राइवेट पार्ट में 960 ग्राम सोने की तस्करी कर भारत ला रही थी। केरल के कन्नूर हवाई अड्डे पर एयर होस्टेस को गिरफ्तार किया गया।

**मस्कट से कन्नूर आ रही थी फ्लाइट:** सुरभि खातून एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए काम करती है और 28 मई को मस्कट से कन्नूर आने



वाले विमान की केबिन क्रू सदस्य थी। कन्नूर हवाई अड्डे पर डीआरआई अधिकारियों ने सोना जब्त कर लिया था।

सुरभि खातून को बाद में मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार सुरभि खातून पहले भी कई बार सोने की तस्करी कर चुकी है।

---

**सैटेलाइट इमेज से हुआ खुलासा**

## चीन ने सिक्किम से 150 किमी दूर तैनात किए फाइटर-जेट्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने उत्तर-पूर्वी राज्य सिक्किम के समीप तिब्बत में शिगात्से एयरबेस पर अत्याधुनिक जे 20 स्टेल्थ लड़ाकू विमानों को तैनात किया है। 27 मई को जारी सैटेलाइट तस्वीरों में इसका खुलासा हुआ है। ये इलाका भारत के पूर्वी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा एलएसी से केवल 150 किलोमीटर दूर है। जानकारी के अनुसार इंटेलिजेंस सोर्सेज पर नजर रखने वाली ऑलसोर्स एनालिसिस ने इन लड़ाकू विमानों के तैनाती के बारे में खुलासा किया है। इसमें एयरबेस पर 6 चीनी जे-20 स्टेल्थ लड़ाकू विमानों को एक लाइन से खड़े देखा जा सकता है। इसके साथ ही तस्वीर में 8 जे-10 फाइटर जेट्स भी दिखाई दे रही हैं। इसके अलावा एक केजे-500 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल विमान भी दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार इंडियन एयर फोर्स को सीमा के इतने करीब इन फाइटर जेट्स की तैनाती के बारे में पता है। हालांकि उन्होंने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। शिगात्से एयरबेस का इस्तेमाल पहले सिर्फ सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जाता था, लेकिन 2010 से इसे असैन्य उद्देश्यों में भी इस्तेमाल किया जाने लगा।

---

**घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया**


## जर्मनी: सिरफिरे ने लोगों पर चाकू से किए ताबड़तोड़ वार, पुलिस ने मारी गोली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जर्मनी के मैनहेम शहर में एक सिरफिरे शख्स ने कई लोगों पर चाकू से हमला किया है। जानकारी के अनुसार हमले को लेकर जिस तरह की जानकारी दी गई है उसके मुताबिक चाकू से किए गए हमले में कई लोग घायल हुए हैं।

पुलिस ने हमलावर पर गोली चलाई है जिसमें वह भी घायल हुआ है।



### पुलिस कर रही है जांच

फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। चाकू से हमले की यह घटना मैनहेम के डाउनटाउन क्षेत्र के एक चौराहे पर हुई। लगभग 300,000 लोगों की आबादी वाला यह शहर फ्रैंकफर्ट के दक्षिण में स्थित है।

### रेस्तरां में अचानक हुई गोलीबारी

**लंदन।** पूर्वी लंदन में बाइक सवार बदमाशों की ओर से एक रेस्तरां पर की गई गोलीबारी में घायल 9 साल की एक बच्ची अस्पताल में "मौत से जंग लड़ रही" है। फायरिंग में घायल हुई बच्ची की औपचारिक तौर पर पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन बताया जा रहा है कि वह केरल की निवासी है। लड़की हेकनी के किंग्सलैंड हाई स्ट्रीट में रात्रिभोज के लिए एक रेस्तरां के अंदर थी।

### 9 साल की बच्ची को गोली लगी

लंदन के मलयाली समुदाय से मिली जानकारी के अनुसार बच्ची का नाम लिसेल मारिया है, जो कोच्चि के मूल निवासी गोथुरुथु के विनय और अजीश की बेटी है। परिवार पूर्वी लंदन के एक इलाके में खाना खा रहे थे, तभी अचानक गोलीबारी हुई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस डिटेक्टिव चीफ सुप्रिटेंडेंट (डीसीएस) जेम्स कॉनवे ने एक बयान में कहा, "परिवार के साथ रेस्तरां में बैठी नौ साल की बच्ची को गोली लगी है ।

### 3 को लगी गोली, एक गंभीर

मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मुताबिक रेस्तरां के बाहर बैठे तीन लोगों को भी गोली लगी है, उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। 26, 37 और 42 साल के इन व्यक्तियों की हालत "स्थिर" बताई जा रही है, हालांकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109